Page 11 हिन्दी दैनिक Page 10

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




**एक हजार के क्लब में शामिल होंगे विराट कोहली, ध्वस्त करेंगे सहवाग और पुजारा का...**

**सरकार बनने पर हर जिले में होगा शिवाजी का मंदिर : उद्धव ठाकरे**





मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 14 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 303 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 77,670 | ₹97,000 |

## आज का इतिहास

- 1240 : भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान की मौत हुई।
- 2008 : भारतीय उपन्यासकार अरविंद अडिगा को उनके पहले उपन्यास द व्हाइट टाइगर के लिए मैन बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## सड़क हादसे में चार युवकों की मौत, दो घायल

सरमेरा (नालंदा)(नि.सं.)। बिहार के नालंदा में नालंदा में भीषण सड़क हादसे में शनिवार की देर शाम चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना के विरोध में रविवार को दो घंटे तक आक्रोशित ग्रामीणों ने बिहटा सरमेरा एसएच 78 पर बढ़िया गांव के समीप जाम कर हंगामा किया। बाद में स्थानीय थाना की पुलिस पहुंच कर लोगों को समझा कर शांत कराया और जाम हटाया।

# बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या बिहार में खोला था 40 शिक्षा केंद्र

- बाबा सिद्दीकी ने बिहार के सभी जिलों में करीब 12 से 13 हजार बच्चे निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। हर केंद्र पर 300 से 400 बच्चे नामांकित है


निज संवाददाता | पटना



महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी का बिहार से गहरा नाता रहा है और उन्होंने शिक्षा से वंचित लोगों के लिए 40 निशुल्क केंद्र खोला था।

बाबा सिद्दीकी की शनिवार की शाम अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। बाबा सिद्दिकी का बिहार से गहरा नाता रहा है। उनका गोपालगंज में पुश्तैनी घर है। गोपालगंज जिले के मांझा प्रखंड के शेखटोली गांव में उनका परिवार रहता था। उन्होंने अपने जीवन के शुरुआती पांच साल गोपालगंज के शेख टोली गांव में बिताया था। बाबा सिद्दीकी किशोरावस्था और युवावस्था के दौरान पिता अब्दुल रहीम सिद्दीकी के साथ घड़ी रिपेयर करने का काम करते थे। लगभग पांच दशक पहले ही पिता ने जब मुंबई शिफ्ट होने का फैसला किया तो बाबा सिद्दीकी भी परिवार के साथ मुंबई आ गए। बिहार के रहनेवाले बाबा सिद्दीकी ने मुंबई को अपना कर्म क्षेत्र बनाया और महाराष्ट्र की राजनीति में उनका एक बड़ा राजनीतक कद रहा है। एक बिहारी होकर मुंबई की राजनीति में उन्होंने बहुत बड़ा नाम किया था। बाबा सिद्दीकी 1999, 2004 और 2009 में लगातार तीन बार विधायक रहे और 2004-08 तक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, श्रम और एफडीए राज्य मंत्री के रूपमें भी कार्य किया। बाबा सिद्धिकी ने बहुत पहले कहा था कि वह अपने गांव के लिए कुछ करना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने अपने पिता के नाम पर अब्दुल रहीम सिद्दीकी मेमोरियल ट्रस्ट की शुरुआत की थी। बाबा सिद्दीकी ने कहा था कि शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए आया हूं। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें जाति और धर्म आड़े नहीं आएगी। फिर भी वे अपने घर को नहीं भुला पाए थे। उन्हीं की तरह वह भी अपने गांव से उतना ही प्रेम करते थे। वह कहते थे कि बिहार शिक्षा की धरती है। मेहनत के बदौलत बिहार के लोग देश और दुनिया में अपना परचम लहरा रहे हैं। बाबा सिद्दीकी के भतीजे मोहम्मद गुफरान ने बताया कि बाबा सिद्दीकी ने बिहार के सभी जिलों में करीब 12 से 13 हजार बच्चे निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। हर केंद्र पर 300 से 400 बच्चे नामांकित है। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले जब उनसे बात हुई थी तो उन्होंने कहा था कि वे महाराष्ट्र चुनाव होने के बाद गोपालगंज आएंगे। करीब 6 साल पहले 2018 में सिद्दीकी अपने पुश्तैनी घर आए थे और गांववालों से गर्मजोशी से मिले थे। पुश्तैनी घर और जमीन से सिद्दीकी आखिरी वक्त तक जुड़े रहे।बाबा सिद्धिकी ने कुछ साल पहले अपने बचपन को याद करते हुए फेसबुक पर पोस्ट भी किया था। बाबा सिद्दीकी ने 25 जून 2020 को फेसबुक पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, मेरे पिताजी का जन्म बिहार गोपालगंज मांझा में हुआ था, मुझे मांझा में बचपन की यादें हैं। 83 लोगों के परिवारों के लिए मेरी हार्दिक संवेदना है जो बिजली के वोल्ट के कारण गुजर गए। इन कठिन समय में मैं बिहार के लोगों के लिए दुआ करता हूं। मांझा में पिछली यात्रा से कुछ तस्वीरें साझा कर रहा हूं। बाबा सिद्धिकी के निधन के बाद गोपालगंज में उनके पैतृक गांव शेखटोली में शोक की लहर है। गांववाले सिद्दीकी को गरीबों का मसीहा बता रहे हैं।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में चौथे आरोपी की हुई पहचान



इधर, सिद्दीकी के मर्डर केस में रविवार को चौथे आरोपी की पहचान हो गई है। उसका नाम जीशान अख्तर है। वो पंजाब के जालंधर का रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, जीशान पर दूसरे आरोपियों को रहने के लिए कमरा दिलाने का शक है। वो फरार है। इस केस में अब तक 2 आरोपियों, हरियाणा के गुरमेल और यूपी के धर्मराज को गिरफ्तार किया है। यूपी के ही एक अन्य आरोपी शिव की तलाश जारी है। मुंबई कोर्ट ने गुरमेल को 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। धर्मराज ने खुद को नाबालिग बताया है, जिसकी जांच की जा रही है। मर्डर के 28 घंटे बाद रविवार को लॉरेंस गैंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली। इस पोस्ट की जांच भी पुलिस कर रही है। इसमें लिखा है, 'सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं। इस पोस्ट में लॉरेंस और अनमोल को हैशटैग किया गया है। लॉरेंस का नाम सामने आने के बाद सलमान खान के घर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। लॉरेंस गैंग ने इसी साल अप्रैल में सलमान के घर पर फायरिंग करवाई थी।

# एसटीईटी का रिजल्ट चार माह बाद भी नहीं हुआ जारी, इंतजार में पांच लाख अभ्यर्थी


निज संवाददाता | पटना

परीक्षा के चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी अब तक रिजल्ट के इंतजार में बैठे हैं। कैलेंडर के अनुसार एसटीईटी प्रथम 1 मार्च से 20 मार्च के बीच होनी थी, लेकिन कुछ कारण से इसकी तिथि बढ़ा दी गई थी।इ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) का रिजल्ट अब तक जारी नहीं हुआ है। परीक्षा के चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन 5 लाख से अधिक अभ्यर्थी अब तक रिजल्ट के इंतजार में बैठे हैं। बिहार बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार एसटीईटी प्रथम 1 मार्च से 20 मार्च के बीच होनी थी, लेकिन कुछ कारण से इसकी तिथि बढ़ा दी गई थी। उक्त तिथि से परीक्षा होती तो रिजल्ट मई में ही हो जाता, लेकिन बाद में पेपर फर्स्ट की परीक्षा 18 मई से 29 मई के बीच ऑनलाइन मोड में हुई थी।

वहीं सेकेंड पेपर की परीक्षा 11 जून से 20 जून के बीच हुई थी। पेपर-1 के विभिन्न विषयों की परीक्षा में 3 लाख 59 हजार 489 तो सेकेंड पेपर की परीक्षा दो लाख 37 हजार 442 अभ्यर्थियों का आवेदन था। कुल 5 लाख 96 हजार 931 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे, यानी करीब पांच लाख से अधिक अभ्यर्थियों को इस रिजल्ट का इंतजार है। बिहार बोर्ड के ही परीक्षा कैलेंडर के अनुसार दूसरे एसटीईटी के लिए आवेदन 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच हुई, लेकिन अभी तक दूसरी परीक्षा की तारिख जारी नहीं हुई है। जाहिर सी बात है कि जब पहली एसटीईटी की परीक्षा लेट से हुई और रिजल्ट अब तक नहीं आया, ऐसे में दूसरी परीक्षा के लिए विज्ञापन अब तक कैसे जारी हो सकता है। कैलेंडर के अनुसार करीब डेढ़ महीने परीक्षा लेट हो चुका है। अगली परीक्षा की अब तक कोई तिथि जारी नहीं हुई है। कैलेंडर के अनुसार यह परीक्षा 10 से 30 सितंबर के बीच होनी थी। हालांकि, पहली परीक्षा का रिजल्ट नहीं होने तक नई परीक्षा की अभी उम्मीद भी नहीं है। इधर, बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी जो शिक्षक नियुक्ति की तैयारी कर रहे हैं और अब तक एसटीईटी परीक्षा नहीं दे पाए हैं, उन्हें अभी परीक्षा का इंतजार और करना पड़ेगा।

## हर साल दो बार होगा सरकारी शिक्षकों का प्रशिक्षण, 5 लाख शिक्षक होंगे लाभान्वित

पटना(नि.सं.)। बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष दो बार आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिसंबर में शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन के बाद उन्हें आवासीय प्रशिक्षण दिलाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के अनुसार, स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता का विकास हो, इसके लिए शिक्षकों को वर्ष में दो बार प्रशिक्षण दिलाने हेतु सभी जिलों को तैयारी करने का दिशा-निर्देश दिया गया है। जनवरी-फरवरी में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। केंद्र प्रायोजित समग्र शिक्षा अभियान में शिक्षकों का प्रशिक्षण अनिवार्य है। इसके लिए केंद्र सरकार ने टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों को छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके तहत हरेक शिक्षक को 50 घंटे का प्रशिक्षण लेना है। कक्षा एक से पांच तक के शिक्षकों को क्षमता संवर्द्धन के लिए प्रतिदिन पांच सौ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। कक्षा नौ से 12 तक के शिक्षकों को भी प्रशिक्षण के लिए पांच सौ रुपया देने का प्रविधान है। प्रशिक्षण की यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत है। चालू वित्तीय वर्ष में बिहार सरकार को 32.20 करोड़ की राशि शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में 7,279 विशेष शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इनमें पूर्ण दृष्टिबाधित, विशेष अधिगम दिव्यांगता, बहु दिव्यांगता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, श्रवण बाधित, वाच्य और भाषा दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता और स्वलीनता संबंधित शिक्षक हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग द्वारा रोस्टर क्लीयरेंस कराया गया है। अगले सप्ताह तक शिक्षा विभाग द्वारा विशेष शिक्षकों की नियुक्ती संबंधी अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी जाएगी।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 7 करोड़ की लागत से बना नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**नालंदा।** नालंदा में स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ा बढ़ावा मिला है। शनिवार को सिलाव प्रखंड में एक नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अत्याधुनिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर लगभग 7 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र ओपीडी सेवाओं से लेकर आपातकालीन चिकित्सा तक की व्यापक सुविधाएं प्रदान करेगा। इससे स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र पहले प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित किया गया था। लेकिन कुछ कमियां रह गई थीं। आज उन कमियों को दूर करके इसे पूरी तरह से कार्यात्मक बना दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज ही कई मरीजों का यहां सफल इलाज किया गया है।

### महादलित बस्ती में रहने वाले लोगों की खराब स्थिति, नालंदा में महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने किया दौरा

**नालंदा।** महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने महादलित बस्ती का दौरा किया। नालंदा जिले में स्थित बिहार शरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 49 की कोसुक महादलित बस्ती में राज्य महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष और राजद के पूर्व विधायक उदय कुमार मांझी ने दौरा किया। इस दौरान बस्ती में रहने वाले लोगों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। मांझी ने बताया कि लगभग 72 महादलित परिवारों को एन-30 से विस्थापित किया गया था। इन परिवारों को बिहार शरीफ-राजगीर मुख्य मार्ग के किनारे दो-दो डिसमिल जमीन दी गई थी। लेकिन इतने समय बीत जाने के बाद भी इन परिवारों को ना ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है और ना ही उन्हें अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उदय कुमार मांझी ने कहा कि ये लोग झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इन लोगों की मदद के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इसके साथ ही इस गंभीर स्थिति को देखते हुए घोषणा किया कि वे इस मुद्दे को एससी आयोग दिल्ली और मुख्यमंत्री तक ले जाएंगे। उनका उद्देश्य है कि महादलित बस्ती के निवासियों को जल्द से जल्द मूलभूत सुविधाएं मिलें, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। यह मामला राज्य सरकार की उन दावों पर सवाल खड़े करता है। जिनमें कहा जाता है कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्हें लगातार आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर कोई बदलाव नहीं आया है।

### करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, नालंदा में मवेशी का चारा लाने के दौरान हादसा

**नालंदा।** नालंदा चंडी थाना क्षेत्र के मुड़ला बीघा रेलवे पुल के समीप एक अधेड़ की करंट लगने से मौत हो गई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के सतनाग गांव निवासी स्वर्गीय कामेश्वर यादव के बेटे रघुवीर यादव (50) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि रघुवीर यादव शुक्रवार की सुबह मवेशियों के लिए घास काटने खेत में गए थे। तभी अचानक गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गए। रघुवीर यादव करंट की चपेट में आए तो उनके साथ गए लोगों ने उन्हें तुरंत तार से अलग किया और इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। रघुवीर यादव परिवार के कमाऊ सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### कादी विगहा में भभूत लेने के लिए उमड़ती भीड़

**नालंदा।** नालंदा जिले के रहुई प्रखंड स्थित कादी विगहा गांव में स्थित मां काली मंदिर में गुरुवार को अष्टमी के दिन मां काली का पट शाम में खोला गया। पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं के जयकारे से मां काली मंदिर परिसर गूंज गया। मां काली की भभूत प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय समाजसेवी डॉक्टर आलोक कुमार ने बताया कि मां काली की भभूत को बहुत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इसे लेने से मनोकामनाएं पूरी होती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय क्लब के सदस्यों ने भीड़ को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉक्टर आलोक कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। श्री श्री महाकाली क्लब के अध्यक्ष बेनी माधव महेंद्र ने बताया कि यह क्लब 139 साल पुराना है। हर साल नवरात्रि के दौरान मां काली की पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि मां काली का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और यह परंपरा कई सालों से चली आ रही है। आज रात से मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन किया जाएगा। नवमी और विजयदशमी को मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। कादी बीघा में मां काली का पट खुलना एक धार्मिक आयोजन है जो क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। यह एक सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

### किड्स केयर कॉन्वेंट में महिषासुर वध पर नाटक मंचन और डांडिया का आयोजन

**बिहारशरीफ।** हिलसा मां महाकाली मंदिर में महाष्टमी के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजू दानवीर ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। राजू दानवीर ने मां महाकाली के दरबार में अपना शीश नवाया और हिलसा विधानसभा समेत पूरे प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि नालंदा मेरी मातृभूमि है और इसके गौरव को बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। यहां की संस्कृति और धरोहर को संरक्षित करना मेरा दायित्व है। इस अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे, जिन्होंने मिलकर महाष्टमी के इस पावन पर्व पर मां महाकाली के दर्शन किए। राजू दानवीर ने सभी से आह्वान किया कि इस त्योहार के माध्यम से समाज में एकता और भाईचारे की भावना को और अधिक प्रबल किया जाए। बिहारशरीफ | शहर के हाजीपुर मुहल्ला स्थित किड्स केयर कॉन्वेंट में नवरात्रि के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने आदि शक्ति देवी दुर्गा की आराधना के महापर्व नवरात्रि को मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा के नौ रूप की झांकी प्रस्तुत कर रही बच्चियों की पूजा-अर्चना से हुई। तत्पश्चात बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों में "मेरे मां के बराबर कोई नहीं", "आ गई आ गई मेरी नौ मैया", और "बेटा के घर कब आईहो हे माई" जैसे मनमोहक गीत प्रस्तुत किए गए।

### त्योहारों को लेकर 328 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**हरनौत।** दशहरा, दिवाली व छठ पूजा को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए 328 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। भारत माता, देवी दुर्गा और मां काली की पूजा के लिए 17 पूजा समितियों को लाइसेंस दिया गया है। गोनावां रोड बाजार में चार शेरों के रथ पर सवार भारत माता की प्रतिमा विलक्षण झांकी लोगों को बहुत पसंद आ रही है। नियामतपुर में आदर्श पूजा समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि पूर्व की भांति यहां सबों के सहयोग से माता दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। हरनौत के थानाध्यक्ष अबू तालीब अंसारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। सभी पंडाल एरिया में पेयजल की व्यवस्था की गई है। हरनौत बाजार के विश्वकर्मा मोड़ व तिराहा मोड़ पर एक पीटीसी व होमगार्ड, बीच बाजार व गोनावां रोड मोड़ पर दो पीटीसी व एक होमगार्ड, चंडी रोड मोड़ पर दो पीटीसी, एक होमगार्ड व एक चौकीदार, नियामतपुर पूजा पंडाल के पुरब एक पीटीसी, एक होमगार्ड व एक चौकीदार, काली माता पूजा पंडाल डिहरीगढ़ के पास एक पीएसआई व एक पीटीसी, भारत माता पूजा पंडाल के पास एक पीएसआई, एक पीटीसी व एक चौकीदार, आराधना मंदिर के पास एक पीटीसी व एक चौकीदार, काली माता, श्रीचंदपुर में दो होमगार्ड, बड़ी काली माता पंडाल के पास एक पीएसआई व एक चौकीदार, सादिकपुर, गोनावां, मुढ़ारी, तारबिगहा, छतियाना में पूजा पंडाल के पास एक-एक चौकीदार और पोआरी पूजा पंडाल के पास दो होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# नालंदा में सड़क हादसे में 4 की मौत 2 गंभीर, सभी मेला देखने गए थे

निज संवाददाता। नालंदा




- परिजन बोले- पता नहीं था अब लौटकर नहीं आएंगे

नालंदा में शनिवार रात एक अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार 6 लोगों को रौंद दिया। हादसे में 4 लोगो की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, सभी मेला देखकर लौट रहे थे, इसी दौरान ये हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद अज्ञात वाहन का ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल सूरज कुमार और राजहंस कुमार को गंभीर स्थिति में पटना रेफर किया गया है। दोनों अभी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। वहीं, मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक के परिजन ने बताया कि वे सिर्फ मेला देखने गए थे। कौन जानता था कि वे कभी लौटकर नहीं आएंगे। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र के बिहटा सरमेरा एसएच-78 पर बढ़िया गांव के पास की है। मृतकों की पहचान शेखपुरा निवासी दिलीप कुमार का बेटा राजन कुमार (22), मोहद्दीपुर निवासी संजय केवट का बेटा सोनू कुमार (21), गया जिला के धर्मोचक गांव निवासी जागेश्वर केवट का बेटा बॉस कुमार (19), शेखपुरा जिला के निवासी राजकुमार पासवान का बेटा शशि रंजन (35) है।

**अस्पताल में चारों को मृत घोषित किया:** सरमेरा थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# DM के निर्देश के बाद भी नहीं हटा डंपिंग यार्ड

निज संवाददाता। नालंदा



- कचरे के बदबू से आसपास के लोग हो रहे परेशान; अधिकारी बोले- जल्द दूर होगी समस्या

बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े को कोसुक के पास डंप किया जा रहा है। फरवरी महीने में स्थानीय लोगों द्वारा कलेक्ट्रेट का घेराव कूड़ा डंप किए जाने के विरोध में किया गया था। इसके बाद जिलाधिकारी ने उक्त स्थल के पास से डंपिंग यार्ड को 15 दिनों में शिफ्ट किए जाने की बात नगर आयुक्त और नगर प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा था। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया था कि महानंदपुर मौज में कचरा प्रोसेसिंग और डंपिंग साइट के लिए भूमि पूर्व से आवंटित है। भूमि आवंटन के क्रम में नगर निगम द्वारा इस पर किसी तरह की आपत्ति नहीं की गई है। इसलिए आवंटित स्थल पर कूड़ा कचरा फेंके जाने की व्यवस्था प्रारंभ की जाए। इससे यत्र-तत्र स्थल को डंपिंग साइट के रूप में प्रयोग करने की आवश्यकता न हो। इससे किसी तरह की जन समस्या उत्पन्न होने की संभावना न हो। सारे वादों और दिए गए निर्देशों का पालन आज भी निगम द्वारा नहीं किया जा रहा है। धड़ले से निगम द्वारा कोसुक में कचरा गिराया जा रहा है। इसके कारण डंपिंग यार्ड में बरसात का पानी भर गया है और उससे निकलने वाले बदबू से आसपास के आधा दर्जन गांव और मोहल्ले के लोग परेशान हो रहे हैं।

## गया में रामविलास पासवान की मूर्ति तोड़ी, दोनों हाथ, चेहरे को नुकसान

निज संवाददाता। गया



गया में लोजपा के दिवंगत नेता रामविलास पासवान की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र में शनिवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने रामविलास की मूर्ति के दोनों हाथ तोड़ दिए। चेहरे को भी नुकसान पहुंचाया है। घटना को लेकर लोजपा (रामविलास) के नेताओं में आक्रोश है। पार्टी के लोग इसे राजनीतिक षड्यंत्र बता रहे हैं। पार्टी के नेताओं ने नीमचक बथानी में केस दर्ज कराया है। जिला पुलिस भी इस मामले में एक्टिव हो गई है। पुलिस ने घटनास्थल की पड़ताल की है। SSP ने जांच के आदेश दिए हैं। करीब 2 साल पहले स्व. रामविलास पासवान की प्रतिमा को बथानी टोला में स्थापित किया गया था। प्रतिमा का अनावरण सांसद चिराग पासवान ने किया था। जमुई से लोजपा(रामविलास) के सांसद और रामविलास पासवान के दामाद अरूण भारती ने कहा, 'उपद्रवियों ने माहौल खराब करने के लिए ऐसा किया है। इस बारे में प्रशासन से शिकायत की गई है। मुख्यमंत्री से मिलकर इस मामले को रखेंगे। सीएम से कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।' लोजपा नेता अरविंद सिंह ने कहा, 'गरीबों के मसीहा रामविलास पासवान की प्रतिमा को कुछ लोगों ने रात के अंधेरे में क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।' उन्होंने आरोप लगाया कि यह राजनीतिक षड्यंत्र है। SSP आशीष भारती ने बताया कि प्रतिमा मरम्मत करा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम-एसएसपी की मौजूदगी में 5 प्रतिमाएं जामा मस्जिद से गुजरीं

निज संवाददाता। गया




- गया में विसर्जन की शुरुआत, 23 स्थानों पर रावण वध शांतिपूर्ण संपन्न

गया में विजयदशमी की देर रात दुखहरणी मंदिर द्वार से जामा मस्जिद से होते हुए 5 प्रतिमाओं को जुलूस के साथ क्रॉस कराया गया। दुखहरणी मंदिर से लेकर जामा मस्जिद फाटक तक एरिया जिला प्रशासन के रिकॉर्ड में अति संवेदनशील इलाका है। यही वजह रही कि डीएम व एसएसपी ने अपनी मौजूदगी में सभी 5 प्रतिमाओं को शांतिपूर्वक क्रॉस कराया। सभी 5 प्रतिमाओं का करीब 200 साल से भी अधिक पुराना इतिहास है। पहली प्रतिमा को जामा मस्जिद से क्रॉस कराने का 1861 से ही लाइसेंस प्राप्त है। हालांकि 80 के दशक में जामा मस्जिद से क्रॉस कराए जाने को लेकर विवाद हुआ था। जिसे जिला प्रशासन की पहल पर सुलझा लिया गया था। पूर्व में 6 प्रतिमाओं के विसर्जन का लाइसेंस था। उन 6 में से एक कुछ वर्ष पूर्व सरेंडर कर दिया था। डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि शांति पूर्वक दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। अब रावण वध भी जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया है। कहीं से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई है। वहीं, एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले में 23 स्थानों में रावण वध शांति पूर्वक सम्पन्न कराया गया है। अब शहर के प्रमुख 5 स्थानों से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकल चुकी है।

**प्रतिमा के साथ जुलूस भी है:** एसएसपी ने कहा कि प्रतिमा के साथ जुलूस भी है। यह भी शांति पूर्वक अपने गंतव्य को प्रमुख संवेदनशील स्थानों से क्रॉस कर रही है। पूरे जिले में दशहरा उल्लास के बीच शांतिपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर मोती करीमी, कमांडर, भाजपा नेता अनिल स्वामी, जदयू के जितेंद दास, सन्तोष सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## भगवान शिव-कामदेव की पौराणिक कथा पर नाटक की प्रस्तुति, नवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले में एक संस्था ऐसी है जो पिछले सात दशकों से लगातार भारतीय नाट्य कला को संजोए हुए है। नालंदा नाट्य संघ जो 1955 से कार्यरत है। जिसने हाल ही में नवरात्रि के अवसर पर एक भव्य नाट्य सह सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया। बिहारशरीफ के डाक बंगला मोड़ पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, "एक समय था जब नाट्य कला लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हुआ करती थी। लोग दूर-दूर से नाटक देखने आते थे, लेकिन आज के डिजिटल युग में यह कला विलुप्त होने के कगार पर है। ऐसे में नालंदा नाट्य संघ का यह प्रयास सराहनीय है।" कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव और कामदेव की पौराणिक कथा पर आधारित एक नाटक से हुई। स्थानीय कलाकार अमित कुमार और संजय कुमार डिस्को ने इस नाटक में मुख्य भूमिकाएं निभाईं। नाटक के माध्यम से न केवल पौराणिक कथा का मनोरंजक प्रस्तुतीकरण किया गया, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों पर भी प्रकाश डाला गया। नालंदा नाट्य संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार दास ने बताया, "हमारा संघ केवल मनोरंजन नहीं करता। हम नाटक के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करते हैं। अब तक हमने सैकड़ों नाटकों का मंचन किया है, जिनमें सामाजिक मुद्दों को उठाया गया है।" यह संघ न केवल नाट्य कला को बचाने में लगा है, बल्कि इसके माध्यम से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का भी प्रयास कर रहा है। संघ के सचिव अनिल कुमार ने कहा, "हम चाहते हैं कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। नाटक एक ऐसा माध्यम है जो मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा भी देता है।" इस अवसर पर संघ के कई वरिष्ठ सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि कैसे वे अपने सीमित संसाधनों के बावजूद इस कला को जीवित रखने में जुटे हैं। उनका मानना है कि नाट्य कला न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत है, बल्कि समाज को बदलने का एक शक्तिशाली माध्यम भी है। नालंदा नाट्य संघ का यह प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारी संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान है और इन्हें संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। आशा है कि इस तरह के प्रयास देश के अन्य हिस्सों में भी प्रेरणा का स्रोत बनेंगे और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में मदद करेंगे।

# नालंदा में अपहरण का मामला 6 घंटे में सुलझा, 4 आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा




- 20 हजार की थी डिमांड; तकनीक के आधार पर धराए अपराधी

नालंदा के कल्याणबिगहा थाना क्षेत्र में एक युवक के अपहरण का मामला पुलिस ने मात्र 6 घंटों में सुलझा लिया। इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया है। सदर DSP 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 12 अक्टूबर को जितेंद्र कुमार(25) ने कल्याणबिगहा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका छोटा भाई सिद्धू कुमार दुर्गा पूजा का मेला देखने साहिलपुर गया था, जो रात में वापस घर नहीं लौटा। अगले दिन जितेंद्र को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसमें उन्हें बताया गया कि उनका भाई उनके कब्जे में है और उसे छुड़ाने के लिए 20 हजार रुपए की मांग की गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान का सहारा लिया। नालंदा पुलिस की एक विशेष टीम ने 6 घंटे के अंदर अपहृत युवक को बरामद कर लिया और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**जानकारी देते डीएसपी:** गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सारे थाना क्षेत्र के ओन्दा गांव निवासी अंजय कुमार, सुजीत कुमार, बिहार शरीफ के शोराबी पर निवासी मणीष कुमार और कल्याण विगहा थाना क्षेत्र के कोयलावां गांव निवासी प्रशांत कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। कल्याणबिगहा थाना प्रभारी सुभम कुमारी ने बताई की इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया गया और त्वरित कार्रवाई की।

हमारी टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग करते हुए आरोपियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।" इस सफल अभियान में एसआई धर्मेश गुप्ता और एसआई गोपेश कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही। नालंदा के एसपी ने इस कार्रवाई में शामिल सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की है।

# बिहारशरीफ में होगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 10 प्रतिष्ठित डॉक्टर देंगे अपनी सेवाएं

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के नागरिकों के लिए एक सुनहरा अवसर है। रविवार, 13 अक्टूबर यानी आज भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा नालंदा में एक विशेष निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन प्रेसिडेंट सह जिला पदाधिकारी नालंदा के निर्देशानुसार हो रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। शिविर का समय सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक निर्धारित किया गया है, जो अधिकांश लोगों के लिए सुविधाजनक होगा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा नालंदा परिसर, बिहारशरीफ में इसका आयोजन किया जाएगा। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता है, इसमें शामिल चिकित्सकों की विविधता। कुल दस प्रतिष्ठित डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, जिनमें शामिल हैं:

1. डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ)
2. डॉ. इंद्रजीत कुमार और डॉ. उमेश कुमार सिंह (फिजीशियन)
3. डॉ. देवेंद्र कुमार (नेत्र रोग विशेषज्ञ)
4. डॉ. आशुतोष कुमार (सर्जन)
5. डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ)
6. डॉ. अनीता सिंह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
7. डॉ. कुमार शांतनु (दंत चिकित्सक)
8. डॉ. दीपा भारती (एमबीबीएस)
9. डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट)

यह शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए वरदान साबित हो सकता है, जो आर्थिक कारणों से या समय की कमी के कारण नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करवा पाते हैं। शिविर में न केवल जांच की जाएगी, बल्कि मरीजों को उचित परामर्श भी दिया जाएगा। स्थानीय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। यह पहल न केवल लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी मजबूत करेगी। ऐसे आयोजनों से उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में और भी ऐसे शिविर का आयोजन होगा, जो नालंदा के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाएंगे। नालंदा के नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

## गया में हिन्दू युवा शक्ति संघ ने की शस्त्र पूजन, निकाली शोभायात्रा, बोले- शास्त्र और शस्त्र दोनों जरूरी

निज संवाददाता। गया



हिन्दू युवा शक्ति संघ गयाजी द्वारा शस्त्र पूजा की गई। शस्त्र पूजा मां मंगला गौरी में की गई। इससे पूर्व संघ की ओर से शस्त्रों के साथ एक शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में शस्त्रों का प्रदर्शन भी किया गया। इसी के साथ दशहरा का यह पर्व सम्पन्न हुआ। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी छोटू बारीक ने कहा कि दशमी के दिन सत्य सनातनी हिन्दू समाज शस्त्र पूजन करता है। यह शस्त्र पूजन की परम्परा बहुत प्राचीन है। शास्त्र हमारे जीवन का विकास करते है तो शस्त्र हमारे जीवन की रक्षा। यहां तक की बिना आयुध के हमारे कोई देवता भी नहीं होते। न ही बिना आयुध के किसी देवता का पूजन का विधान है। मानव के जीवन के लिए शास्त्र और शस्त्र दोनों का विशेष महत्व है। शोभायात्रा आनंदी भवन कामाख्या माता मंदिर से निकली जो चांदचौरा, नारायण चुआ के रास्ते माता मंगला गौरी मंदिर पहुंची। इस दौरान भक्तों ने बड़ी श्रद्धा से माता का भव्य पूजन किया। इस मौके पर मन्दिर के पुजारी से शस्त्र का पूजन विधि-विधान से करवाया गया। सभी सदस्यों ने माता से प्रार्थना की कि हिन्दू समाज को शक्ति और संवृद्धि प्रदान करें। इस मौके पर हिन्दू युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता सचिव गोल्डी गायब कोषाध्यक्ष रामू गुपुत, अभिषेक कटरिया,महामंत्री छोटू बारिक, सदस्य गोकुल दुबे, शशांक मिश्र, नरेश गुप्ता ऋषि पाठक, मिथुन गुपुत, छोटू गुप्त, संदीप कटरिया, शुभम कुमार, विशाल राज, मैक्स अवस्थी, सागर दयाल, रोहम सिंह आदि भी मौजूद रहे।

## जागरण कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर झूम उठे श्रद्धालु

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर में नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर जागरण की प्रस्तुति का आयोजन किया गया। श्री श्री 1008 श्रीदुर्गा महारानी,काली महारानी के बैनर तले आयोजित जागरण कार्यक्रम में भोजपुरी व हिंदी के कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज से माता भगवती के भक्ति गीतों को गाकर जमकर जलवा बिखेरें। कलाकारों ने विभिन्न भक्ति गीतों के माध्यम से श्रोताओं का मनमोह लिया। इसके पूर्व जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन राजद के युवा नेता व समाजसेवी सम्राट विकास यादव ने द्वीप प्रज्वलित कर किया एवं माता दुर्गा के तैलीय चित्र पर आरती कर किया। जागरण कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्दिर कमिटी के कृष्णानन्द उर्फ सोनु सिंह, सुमित कुमार वर्मा, राहुल शुक्ला, विक्की सिंह, रंजन कुमार वर्मा समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

## शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गापूजा हुआ सम्पन्न

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखंड के ग्रामीण व बाजार क्षेत्र में दस दिवसीय दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। नवमीं एवं विजयादशमी के दौरान पुलिस व पदाधिकारी शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए काफी संवेदनशील दिखे। मंगलवार को नवमीं के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने कौआकोल दुर्गामण्डप में अवस्थित मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर माता को पाठे की बली देकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। जबकि विजयादशमी के दिन कौआकोल बाजार में मेला में लोग सपरिवार देर रात तक घुमते दिखे। कौआकोल दुर्गामण्डप में माता की प्रतिमा के दर्शन को भारी भीड़ उमड़ रही थी। शनिवार की देर रात्रि सुरक्षा व्यवस्था के बीच माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# सोखोदेवरा जेपी आश्रम में नवादा डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने किया माल्यार्पण

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**



लोकनायक भारत रत्न जयप्रकाश नारायण की 122वीं जयंती शुक्रवार को कौआकोल प्रखण्ड में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें याद कर उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। सोखोदेवरा गांव अवस्थित लोकनायक जेपी आश्रम में नवादा डीएम आशुतोष कुमार वर्मा, एसपी अभिनव धीमान, सदर एसडीओ अखिलेश कुमार, पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी की मौजूदगी में ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों समेत जेपी सेनानियों एवं जेपी के अनुयायियों ने जेपी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने जेपी जी के जीवनी पर विस्तार से चर्चा किया एवं उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। मौके पर ग्राम निर्माण मण्डल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार, प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ० जयवंत कुमार सिंह, राजद के युवा नेता सह समाजसेवी सम्राट विकास यादव, ग्राम निर्माण मण्डल के डॉ० भारत भूषण शर्मा, दिनेश मण्डल, सुचिता तिर्की, केवीके के वैज्ञानिक रविकान्त चौबे, विकास कुमार, रौशन कुमार, सुमिताप रंजन, नीलम कुमारी, सुमित रंजन, धीरेंद्र कुमार मन्नू, पिंटू पासवान, श्रवण रविदास आदि मौजूद थे।

## ट्रैक्टर में बाइक ने मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र में महियारा मोड़ के समीप सपना आईटीआई के सामने नवरात्रि के अष्टमी की रात्रि लगभग 8 बजे एक ट्रैक्टर में पीछे से एक बाइकसवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना एनएचएआई को मिलते ही डायल 1033 के कर्मी भरत कुमार एम्बुलेंस के साथ पहुंचे। वहीं घटनास्थल पर मौजूद थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने गम्भीर रूप से घायल बाइकसवार को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया। हालांकि नवादा सदर अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सक ने घायल बाइकसवार को मृत घोषित कर दिया। मृतक बाइक सवार को पहचान सिमरकोल गांव निवासी राकेश राजवंशी के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा घटना की सूचना घायल बाइकसवार को दी गई। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर रोने-बिलखने लगे। परिजनों में शोक की लहर व्याप्त है। मेंटेनेंस करने वाली ट्रैक्टर में बाइक की टक्कर हो गई।

## जेपी की मनाई गई जयंती

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती शुक्रवार को मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पेंशनर समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा जेपी के प्रयास से केंद्र में 1974 के क्रांति का परिणाम यह रहा कि गैर कांग्रेस की सरकार बनी। जिसके प्रथम प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई हुए। जेपी के कर्मस्थली सेखोदेवरा आश्रम रहा। सीएम नीतीश कुमार ने इस आश्रम में पर्यटक स्थल के रुप में करने की घोषणा की थी, परंतु आज तक उपेक्षित है। मौके पर दशरथ प्रसाद चंद्रिका सिंह, नरेश कुमार समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किया। अध्यक्ष मणि भूषण प्रकाश की अध्यक्षता में लोकनायक जयप्रकाश की जयंती समारोह श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

## निरंकारी सेवादल ने स्टॉल लगा की जल सेवा


**निज संवाददाता | नरहट (नवादा)**




नर सेवा नारायण पूजा यही जीवन का सार को अपनाते हुए साध संगत कोनिबर नरहट के संत निरंकारी मिशन से जुड़े सेवादारों ने नरहट नीम पेड़ पास जल सेवा का स्टॉल लगा कर अपनी सेवा दी। सेवादार निरंकारी भाई बहन ने दशहरा मेला में घूमने आए श्रद्धालुओं को जल पिला कर अपनी सेवा दिया। सेवादार जल के साथ साथ फुला हुआ चना भी दे रहे थे। चना खिलाने के बाद सेवादार पानी पिलाने का काम कर रहे थे। पूजा में आये लोगों को प्यास बुझाने के लिए सेवादार काफी उत्साह के साथ निस्वार्थ भाव से लगे हुए थे। मिशन से जुड़े सेवादारों ने बताया कि मिशन निरंकारी हमें मानवता का सेवा करने के लिए सिखाता है। सेवा ही मानव को महान बनाता है।

## भक्तिभाव से निकाली गई मां दुर्गा व माता काली की शोभायात्रा

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**



शारदीय नवरात्रा को लेकर नारदीगंज बाजार में स्थापित मां दुर्गा व माता काली, बस्ती बिगहा बाजार में माता दुर्गा समेत अन्य स्थानों पर स्थापित माता की पूजा अर्चना शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से समपन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से माता की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना व हवन किया। तदोपरांत नारदीगंज बाजार स्थित मां दुर्गा, माता काली, बस्ती बिगहा, हंडिया गांव में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के उपरांत शोभायात्रा निकाली। जय माता दी के उद्घोष से सारा वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह बना रहा। नारदीगंज बाजार में आयोजक मंडल दुर्गा पूजा व काली पूजा के अध्यक्ष, सचिव समेत सदस्यों व स्वयंसेवक प्रतिमा विसर्जन में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रभारी बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद व दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से विधि व्यवस्था में तल्लीन रहे।

## धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से नवरात्रि सम्पन्न, मूर्ति विसर्जन में नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी विदाई

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

नगर पंचायत समेत प्रखण्ड क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि बड़े ही धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। वहीं रविवार को कुछ स्थापित किये गए मूर्ति का विसर्जन भी किया गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान हमनी के छोड़ के नगरिया नू हो कहवां जैइबू ये माई ..गाना से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वहीं श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी की विदाई में सम्मिलित हुए। इस दौरान पुलिस बल के साथ पदाधिकारीगण गश्त करते नजर आए। नगर पंचायत, हरदिया, धमनी एवं अमावां ग्राम पंचायत समेत पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में कुल 15 जगहों पर माता दुर्गा एवं काली मां की मूर्ति स्थापित की गई थी। वहीं नवमीं एवं विजयदशवीं को शहर एवं गांवों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी भक्ति में डूबे दिखाई दिए। इस दौरान कई जगहों पर मेला एवं जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वहीं रविवार को नगर पंचायत में स्थापित चारों मूर्ति समेत लगभग सभी मूर्तियों का विसर्जन किया गया।विसर्जन से पूर्व पूजा पंडाल में हवन का आयोजन किया गया, जहां कलश उठाने वाले श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं सुहागिनों ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर माता को विदाई दी। पूजा आयोजकों द्वारा मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा को वाहनों पर सवार किया। फिर विसर्जन यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को रंग बिरंगे गुलाल लगाया एवं भक्ति गाने पर लाल चुनरी रख थिरकते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए।प्रशासन द्वारा तय किये गए स्थानों पर विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान अंतिम दर्शन करने के लिए लोग सड़कों और मकान के छतों पर एकटक नजरें जमाएं दिखे। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने का वादा लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा के बाद माता रानी कोकोविदाईदीगई।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर झारखण्ड

220/33 के0वी0 ग्रीड सब-स्टेशन, पकरीबरवाडीह का शिलान्यास समारोह







मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति
श्री मनीष जयसवाल
माननीय सांसद, हजारीबाग
श्री काली चरण सिंह
माननीय सांसद, चतरा
श्री किशुन दास
माननीय विधायक, सिमरिया
सुश्री अम्बा प्रसाद
माननीय विधायक, बड़कागांव

दिनांक: 14 अक्टूबर 2024
समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे
स्थान: NTPC का पकरीबरवाडीह ग्रीड सब-स्टेशन परिसर, हजारीबाग

PR. No. 338755/ IPRD / 2024-25
झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

# उपचार से बेहतर है, रोगों की रोकथाम

जून और जुलाई के महीने में जैसे ही बरसात की शुरुआत होती है, रोगकारी जीवाणु और विषाणुओं को पर्याप्त मात्रा में आर्द्रता एवं तापमान मिलने से वे सक्रिय हो जाते हैं और कई भयानक बीमारियों जैसे कि लंगड़ा बुखार तथा गलघोटू बीमारियों को जन्म देते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि उपचार से बेहतर है रोगों की रोकथाम। बरसात के इन दिनों में जानवरों को रोगों से सुरक्षा प्रदान करने के मूल रूप से दो तरीके हैं। पहला है पर्याप्त पोषण के अभाव में टीकाकरण के बावजूद भी जानवर पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व जैसे कि प्रोटीन, खनिज एवं विटामिन्स आवश्यक होते हैं जो कि जानवरों को संतुलित आहार से प्राप्त होते हैं तथा पर्याप्त रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करते हैं।





दूसरा है टीकाकरण जिसमें हम जानवर को टीका लगाते है, टीका एक जैविक कारक होता है। यह किसी एक विशिष्ट रोगकारी कारण का ही निष्क्रिय रुप होता है यह टीका जानवरों में रोग तो उत्पन्न नहीं कर पाता परंतु बीमारी के खिलाफ पर्याप्त रुप से रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। इसलिए हम किसी सरकारी पशु चिकित्सालय अथवा प्राइवेट पशु चिकित्सालय से जानवर का टीकाकरण करवा सकते हैं। प्राय: यह देखा गया है कि गाय व भैंस बरसात के दिनों में ब्याना शुरू करते हैं, इन्ही दिनों पशुओं की विशेष देखभाल आवश्यक है परंतु इसके विपरीत पशुपालक भाई इन्हीं माहों में (गर्भावस्था के अंतिम काल) चूंकि पशु दूध देना बंद कर देता है या दूध निकालना बंद कर देते हैं और इन गर्भस्थ पशुओं को केवल भूसा या सूखा चारा ही प्रदान किया जाता है। जबकि गर्भस्थ पशु को गर्भावस्था के अंतिम काल में ही सबसे अधिक पौष्टिक तत्वों की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसी अवस्था में गर्भस्थ बछड़े की 75 प्रतिशत वृद्धि होती है इसी काल में गर्भस्थ पशु आवश्यक तत्वों का संग्रह भी करता है जिनका उपयोग पशु दूध श्रवण काल में करता है। चूंकि गर्भस्थ बछड़े अपना पोषण अपनी मां से ही प्राप्त करते हैं जिसमें गर्भस्थ पशु में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है जो अन्य कई समस्याओं को जन्म देती है जैसे कि–

- जर रुकना
- रक्त युक्त पेशाब
- दुग्ध ज्वार
- किटोसिस

## जर रुकना

बच्चा जन्म लेने के बाद कभी–कभी मादा जर नहीं गिराती जिसका मुख्य कारण आहार में कैल्सियम, फास्फोरस, विटामिन–सी व सेलेनियम इत्यादि की कमी है।

## रक्त युक्त पेशाब

सामान्यत: अधिक दूध देने वाले शंकर गायों में ब्याने के उपरांत तथा भैसों में गर्भावस्था के अंतिम काल में देखा गया है। इसका मुख्य कारण आहार में फास्फोरस की कमी है। जिससे रक्त में उपस्थित लाल रक्त कणिकाएं टूटने लगती हैं और हिमोग्लोबिन मूत्र के साथ विर्सजित होने लगती है। जिससे मूत्र भूरा काफी के रंग जैसा हो जाता है। इस अवस्था से बचने के लिए हमें गर्भस्थ पशु को पर्याप्त मात्रा में लगभग दो–तीन किलो दाना देना चाहिए।

## दुग्ध ज्वर

यह समस्या मुख्यत: अधिक दूध देने वाली संकर गायों में ब्याने के बाद प्रथम 3–4 दिनों में होता है क्योंकि दूध में कैल्सियम की अधिक मात्रा उत्सर्जित होती है जिससे रक्त में कैल्सियम की कमी हो जाती है। पशु के शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाता है पशु बेहोश भी हो सकता है कैल्सियम की कमी से पशु जमीन पर बैठ जाता है और सिर को छाती पर टिका देता है। जिससे यह प्रतीत होता है कि पशु सो रहा है। तथा सही समय पर उचित उपचार नहीं मिलने से पशु मर भी सकता है।

## गर्भपात (मृत नवजात का जन्म)

यह समस्या मुख्यत: आहार में प्रोटीन विटामिन–ए, विटामिन–सी, कॉपर व सैलेनियम की कमी से होता है जो भ्रूण के पूर्ण विकास के लिए आवश्यक हैं।

## गर्भाशय का बाहर निकलना

यह समस्या गाय/भैसों में ब्याने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के अंतिम काल में पायी जाती है। इसका मुख्य कारण आहार में कैल्सियम तथा फास्फोरस की कमी है।

## गलघोटू

यह वर्षाकाल में होने वाला एक भयानक फैलने वाला तथा घातक संक्रामक रोग है। इसमें तेज ज्वर, मुंह तथा गले पर शोधवाली सूजन होती है, आमाशय व आंत में पीड़ा होती है। मुंह से लार व नाक से गाढ़ा स्राव निकलता है।

## लंगड़ा बुखार

यह भी वर्षाकाल में होने वाली एक जीवाणु जनित छूतदार बीमारी है जिसमें शरीर के अगले कंधे अथवा पिछले पुट्ठों पर गैस भरी सूजन हो जाती है। बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से सुरक्षा के लिए जानवरों का टीकाकरण करवायें । इन दोनों बीमारियों से सुरक्षा के लिए रक्षा ट्राईऔवेक टीके का उपयोग करना चाहिए जो किसी भी सरकारी पशु चिकित्सालय अथवा प्राइवेट पशु चिकित्सालय के द्वारा किया जा सकता है। बछड़ों में यह टीका चार माह या इससे अधिक आयु पर लगाया जा सकता है, इसके नो महीने बाद बूस्टर डोज लगाया जाता है। और उसके बाद वार्षिक टीकाकरण किया जा सकता है वयस्क जानवरों में यह टीका मानसून आने से पहले लगवायें।

## डाउनर काऊ सिन्ड्रोम

इसका मुख्य कारण गर्भस्थ पशु के आहार में कैल्सियम, फास्फोरस व मैग्नेशियम की कमी है। इस रोग में पशु सामान्य प्रतीत होता है, परंतु पशु खड़ा होने में असमर्थ रहता है।

## किटोसिस

इस रोग में पशु के रक्त में किटोन बॉडिज बन जाती है जिसका मुख्य कारण गर्भस्थ पशु के आहार में शर्करा की कमी है। अंत में हम सभी पशु पालकों को यह सुझाव देना चाहेंगे कि गर्भवस्था के अंतिम काल में खनिज एवं विटामिन युक्त संतुलित आहार पशु को अवश्य दें इसके लिए 2–3 किलोग्राम दाना मिश्रण का उपयोग करें। ताकि पशुओं को उपरोक्त समस्याओं से बचाया जा सके।



# हवादार, ठंडा रखें भैंसों का घर





## आवास प्रबंधन

भैंसों का बाड़ा ऊंचाई पर स्थित होने के अलावा रोशनीदार हवादार, ठंडा तथा सूखा होना चाहिए. बाड़ा खुला होना चाहिए और चारों कोनों में ईट क्रॉकीट या लोहा या अन्य चीजों के खंबे होने चाहिए. उन पर लकड़ी, लोहा या अन्य मजबूत चीज का ढाँचा तथा उस पर सीमेंट ऑएबेस्टॉस या अन्य मजबूत लेकिन ज्यादा गर्म न होने वाली चीज का छत होना चाहिए. जमीन की सतह से छत की ऊंचाई 12 से 15 फीट होनी चाहिए. इससे बाड़े में स्थित गर्म हवा बाहर निकलकर ठंडी हवा अंदर आकर बाड़े का तापक्रम कम रहता है. फर्श सीमेंट कांक्रीट का पक्का होना चाहिए.

छत पर स्थित चादरें इतनी लंबी हो ताकि दीवारों की सतह से उनके बाहरी सिरे ढाई से तीन फीट बाहर निकले. इससे दीवारें ज्यादा गर्म नहीं होती. बाड़े के चारों ओर दिन में गर्मी के समय टाट,बोरी, बारदाने के मोटे पर्दे लगवाकर उन्हें पानी छिटककर गीला रखें. इससे बाहर की हवा छनकर ठंडी होकर बाड़े के भीतर प्रवेश करेगी तथा भीतरी तापमान में कमी आयेगी. छत के ऊपर सफेद रंग लगवाये या ऊपर घांस–फूस डलवायें या उस पर हरी–भरी बेलें चढ़वायें. इससे छत ठंडी रहेगी और बाड़े का तापमान भी कम रहेगा. बाड़े के तीन बगलों पर हरे–भरे घांस की क्यारियाँ जैसे बरसीम, लूसर्न, चौलाई आदि लगायें. इससे चारा प्राप्त होगा तथा आसपास का वातावरण (सूक्ष्म वातावरण) ठंडा रहेगा. इन क्यारियों पर पानी की फुहारें डलवायें तो और भी ठंडक मिलेगी. बाड़े के चारों ओर हरे–भरे, फैली हुई डालियों वाले घने छायादार वृक्ष जैसे बरगद, बादाम, आम, नीम आदि लगायें. भैंसों को ऐसे छायादार वृक्षों की ठंडी छांव में बैठना बहुत पसंद होता हैं तथा वह उनके स्वास्थ्य और अच्छी उत्पादन क्षमता के लिए काफी फायदेमंद होता है. भैंस फार्म की बाड़ के पास भी घनी झाड़ियां जैसे बांस, सुबबूल आदि लगवायें.

## आहार प्रबंधन

भैंसों के आहार में 60 प्रतिशत हरा चारा तथा 40 प्रतिशत सूखा चारा शामिल होना चाहिए. इन दोनों में फलीधारी चारा जैसे बरसीम, लूसर्न, चौलाई शामिल कर सकते हैं तथा मक्का, ज्वार या बाजरे का चारा भी शामिल कर सकते हैं. सूखा चारा दिन में न खिलायें बल्कि उसे शाम की रात को तथा सबेरे खिलायें. दिन में गर्मी के समय हरा चारा खिलायें. इससे भैंसों को ठंडक मिलेगी. उन्हें 3 से 4 छोटे चम्मच विटामिन मिश्रण कुट्टी में मिलाकर खिलायें. कुट्टी में 30 ग्राम सादा नमक डालें. इसके अलावा या तो कुट्टी में 30 ग्राम खनिज मिश्रण चूर्ण डालें या खनिज–ईट बाड़े में नांद के ऊपर टांग कर रखें जिसे चाटने से भैंस की खनिजों की प्राप्ति होगी.



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सनकी पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला, भोजपुर में आक्रोशितों ने आरोपी की पिटाई की

**आरा।** भोजपुर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा के समीप शुक्रवार की देर शाम सिरफिरे पति ने अपनी ही पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान जख्मी महिला के बाएं हाथ का अंगूठा और दाहिना हाथ कई जगह कट गया है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने बदमाश की पिटाई कर दी और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। जख्मी महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी सुभाष गोंड़ की 42 वर्षीय पत्नी बिंदु देवी है। जख्मी महिला की बेटी रानी कुमारी ने बताया कि शादी के कुछ साल बाद से ही उसके पिता का किसी दूसरे महिला से अवैध संबंध चला आ रहा है और वह उसी के साथ रहते थे। वह चार बहन व दो भाई है। उसके पिता और उसकी दादी ने उन लोगों को घर से निकाल दिया था। वे लोग धरहरा में किराए का मकान लेकर रहते थे और उसकी मां बिंदु देवी दूसरे के घर चौका बर्तन कर उन लोगों का पालन पोषण करती है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**आरा।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर भोजपुर के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के टाटा मोटर्स शोरूम के समीप शुक्रवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव वार्ड नंब- 5 निवासी मुन्नी राम का 18 वर्षीय बेटा बिट्टू कुमार है। वह गुजरात के सूरत में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। पांच दिन पहले 6 अक्टूबर को दुर्गा पूजा में गांव वापस आया था । मृतक के चचेरे भाई पंचरत्न ने बताया कि वह वह बाइक से शाहपुर थाना क्षेत्र के भैसाहा गांव अपने जीजा संतोष से मिलने जा रहा था। उसी दौरान टाटा मोटर्स शोरूम के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गजराजगंज गश्ती पुलिस ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टर ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी।

### साल में 30 दिन बनवारी साह की मिलती है जलेबी, हार्ट, थायराइड जैसे बीमारियों के लिए लाभदायक

**आरा।** आरा के महावीर मंदिर के पास गुड़ की जलेबी मिलती है। यह जलेबी आरा शहर वालों के लिए बहुत खास है। इसके पीछे का कारण यह है कि यह जलेबी आरा वासियों को पूरे साल में सिर्फ एक माह के लिए मिलती है। सिर्फ नवरात्रि के समय यह जलेबी एक महीने के लिए मिलती है। इसके बाद यह दुकान बंद हो जाता है। फिर अगले साल नवरात्री के समय में ही यह दुकान खुलती है। इस वजह से इस जलेबी के प्रेमी ज्यादा हैं। इस एक महीने में प्रतिदिन सैकड़ों लोग जलेबी खरीदने के लिए लाइन लगाते हैं। वहीं, दुकान के ऑनर बनवारी साह ने बताया कि यह दुकान तेलहा जलेबी के नाम से मशहूर है। यहां तीसी के तेल में बना कर गुड़ की जलेबी मिलती है। तीसी के तेल के बने जलेबी आयुर्वेद से कम नहीं है। वहीं, बनवारी साव ने बताया कि तीसी बहुत फायदेमंद होता है। अगर कोई व्यक्ति के आंखों से कम दिखना आगे पीछे दिखने जैसा हो तो वह इंसान अगर तीन चम्मच दही में एक चम्मच तीसी का तेल मिलाकर खा लें। इससे एक सप्ताह में उसके आंखों का बैलेंस ठीक हो जाएगा। वहीं, तीसी को कोई व्यक्ति ठण्ड में खाता है, तो उसे ठण्ड नहीं लगेगी। कोई इसे गर्मी में खाएगा तो उसे गर्मी(लू) नहीं लगेगी। तीसी पर तर्क देते हुए बनवारी साव ने बताया कि एक बेंगलुरु के डॉक्टर बताए थे, ब्लड कैंसर में जितना हमारा दवा फायदा नहीं करेगा, उतना एक चम्मच तीसी का तेल फायदा करेगा। वहीं बनवारी साव ने बताया कि मैं यहां पर पिछले 32 सालों से दुकान लगा रहा हूं। इससे पहले आरा सिविल कोर्ट में प्यून (चपरासी) थे। जब कचहरी बंद होता था, तो हम नवरात्र में सप्तमी से लेकर दशमी तक बेचते थे। लेकिन एक साल ऐसा हुआ कि हमलोगों का काफी सामान बच गया। उस समय के तत्कालीन डीएम ने कहा था कि बाहर कहीं दुकान लगाकर बेच कर अपना खर्चा निकाल लें। तब से लेकर अभी तक दुकान लगाकर गुड़ वाली जलेबी बेचते हैं।

### माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतार

**आरा।** शारदीय नवरात्र के 9वें दिन शुक्रवार को देवी दुर्गा के पूजन के लिए पूजा पंडालों और मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। महा नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में शाम 8 बजे से भव्य आरती का आयोजन किया गया । इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी। आरण्य देवी मंदिर के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन व दर्शन को लेकर महानवमी की सुबह एक बजे से ही महिला-पुरुष भक्तों का जन सैलाब उमड़ पडा। लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा। मां आरण्य देवी की मूर्ति और मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से फूलों से सजाया गया। भीड़ का आलम यह था कि महिला-पुरुष भक्तों की लाइन आरण्य देवी, व्यापार मंडल से पड़ाव मोड तक पहुंच गई। यह सिलसिला देर शाम तक रहा। गोधूली बेला में मंदिर में दर्शन करने वाले और दीप जलाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट और पुलिस-प्रशासन की ओर से श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए को दीप जलाने व नारियल फोड़ने की सख्त मनाही की गई थी।

### किसानों को मशरूम उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण

**केसठ।** कृषि विभाग राज्य उद्यान विभाग के तत्वधान में ई किसान भवन केसठ के प्रांगण में दो दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण में अनुसूचित जाति के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत व आत्म निर्भर बनाने को ले प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणकर्ता ब्रजेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में मशरूम की खेती बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रही है। किसानों को मशरूम बीज, कम्पोस्ट एवं मशरूम उत्पादन की तकनीक के साथ ही प्रशिक्षण में आयस्टर, बटन एवं मिल्की मशरूम की उत्पादन तकनीक पर बहुउपयोगी टिप्स किसानों को दिए। मशरूम की खेती मुख्यतः घरों के अंदर होती है। इसलिए यह महिलाओं के बीच अधिक लोकप्रिय हो रही है। मशरूम के विभिन्न व्यंजन बनाने के तरीके पर चर्चा की गई।लाल बाबू कुशवाहा ने मशरूम उत्पादन के लिए कंपोष्ट बनाने की विधि, निर्जलीकरण, बैग भरने कीट तैयार करने की विधि का प्रयोग करके किसानों को दिखाया। वहीं दो दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया अरविंद यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चौगाई, ब्रह्मपुर, केसठ प्रखंड के किसानों ने भाग लिया। इस दौरान सहायक तकनीक प्रबंधन ब्रजेश शर्मा, प्रखंड कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहें।

### धनसोई में दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**धनसोई।** धनसोई समेत आस-पास के इलाकों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां के पट खुलने के बाद मां जगदंबे की पूजा करने को लेकर भीड़ उमड़ पड़ी। बताते चले की मूल नक्षत्र में धनसोई बाजार स्थित श्री दुर्गा मानस मंदिर में आवाहन शुरू हुआ। इस दौरान पुजारी प्रदीप पांडेय के द्वारा आवाहन किया गया। जहां मौके पर धनसोई थाना अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह मौजूद रहे। इस दौरान गाजे बाजे के बीच मां का नेत्रोन्मिलन हुआ। वहीं समाज सुधार समिति के सचिव अजय जायसवाल ने बताया कि समिति के सदस्यों व ग्रामीणों के सहयोग से हर्षोल्लास के साथ नवरात्र मनाया जा रहा है। इसके बाद धनसोई गांव स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित शारदा रंजन पांडे के तत्वाधान में मां का पट खोला गया। जहां यजमान के रूप में थाना अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह मौजूद रहे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजवंश सिंह ने बताया कि सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है। वहीं गाजेबाजे के बीच मां का दर्शन करने के लिए लोग पहुंचे हुए थे। वहीं लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात धनसोई जंगलिया बाबा आश्रम पर भी मां का प्रतिमा रखी गई है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां की पट खुल गए। मां के पट खुलते हीं दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ लग गई देर रात तक दर्शन करने के लिए लोग पहुंचते रहे।

# सड़क दुर्घटना में 3 युवक जख्मी, दो की हालत गंभीर, मेला देखकर घर लौटते समय हादसा

निज संवाददाता। बक्सर



- बाइक से सामने अचानक नीलगाय आने से बिगड़ा संतुलन

आरा बक्सर फोरलेन पर प्रतापसागर के पास शनिवार की देर रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसकी सूचना लोगों ने नया भोजपुर थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष मनीष कुमार मौके पर पहुंचकर युवकों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इस संबंध में प्राप्ति जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर नया भोजपुर में दुर्गा पंडाल और मेला देखकर अपने गांव हरिकिशुनपुर जा रहे थे। दुर्घटना में घायल दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए सदाए अस्पताल रेफर किया गया है।

**बाइक के सामने अचानक कूद पड़ी नीलगायः** तीनों युवकों की पहचान हरिकिशुनपुर गांव के निवासी चंदन यादव, गोल्डेन यादव और पुष्पेंद्र यादव के रूप में हुई है। लोगों ने बताया कि मेला देखकर तीनों वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी बीच बाइक जैसे ही प्रतापसागर के पास पहुंची वैसे ही अचानक से बाइक के सामने एक नीलगाय आ गई। जिसकी वजह से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर गए। सड़क पर छटपटाते हुए देखकर राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद तीनों युवकों को पुलिस ने मेथोडिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से जख्मी युवक गोल्डन और पुष्पेंद्र सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जिसके बाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल पहुंचवाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए। दोनों जख्मी युवकों की हालत देखने के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उसे त्वरित चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिलती तो उसकी जान जा सकती थी।

# बक्सर में चलती बाइक में लगी आग, मची अफरातफरी



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में रविवार को चलती बाइक में अचानक आग लग गई। इस घटना में बाइक सवार युवक बाल-बाल बचा। साथ ही बाइक पर लोड सामान को उसने जैसे-तैसे बचाया। घटना नावाडेरा की है। इधर, घटना के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पाया। बाइक सवार युवक कन्नौज के शेखपुरा मुहल्ला निवासी मो. रुखसार (32) ने बताया कि वो बाइक पर कपड़ा लोड कर फेरी लगाने का काम करता है। रविवार को भी वो फेरी के लिए निकला था पर रास्ते में ही चलती बाइक में आग लग गई। वो बाइक को बचाने के लिए कुछ करता, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। कयास लगया जा रहा है कि लंबी दूरी के कारण इंजन गर्म होने से यह घटना हुई होगी। इधर, घटना की सूचना के बाद नया भोजपुर पुलिस ने पानी का टैंकर मंगा आग पर काबू पाया। पर इससे पहले ही बाइक जलकर पूरी तरह से खाक हो गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर एवं जमीरा गांव के बीच शनिवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत छात्र मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव निवासी लालबाबू प्रसाद का 17 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार है। जो इंटर का छात्र था। मृत छात्र के पिता लाल बाबू प्रसाद ने बताया कि शनिवार को वह बाइक से बाजार जा रहा था। इसी बीच लक्षणपुर और जमीरा गांव के बीच किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह जख्मी हालत में सड़क किनारे गिर पड़ा। तभी वहां से गुजर रहे एक स्थानीय ग्रामीण ने जब उसे जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़ा देखा। सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। वहीं, जीप सदस्य धनंजय यादव व जमीरा पंचायत के पूर्व सरपंच लालजी प्रसाद सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली।

# भोजपुर में फंदे से लटका मिला सिविल इंजीनियर का शव, छुट्टी में अहमदाबाद से आया हुआ था घर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में शनिवार को पंखे से लटका एक इंजीनियर का शव मिला है। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी विंकटेश चौधरी का 24 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार चौधरी है। गुजरात के अहमदाबाद में प्राइवेट कंपनी में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। मृतक के परिजन ने बताया कि नो 9 अक्टूबर को अहमदाबाद से वापस गांव लौटा था। शनिवार को कुछ लोग घर से बाहर बाजार गए थे और कुछ लोग अपने काम में व्यस्त थे। इसी बीच वह अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर बीत जाने के बाद जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो उसे बुलाने गए, लेकिन दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से झांक कर देखा तो वह पंखे से लटका हुआ था। सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, लेकिन किसी पर आरोप नहीं लगाया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव की है।



**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजारः** मृतक की मौत खुदकुशी है यह किसी ने मारा है, यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां रूबी देवी व एक भाई सुगत चौधरी और एक बहन पूजा देवी है।

# आरा में उपद्रवियों ने मिठाई दुकान पर की पत्थरबाजी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में रविवार को 15 से 20 लोगों ने 2 दुकानों पर जमकर पत्थरबाजी की। इस दौरान मिठाई दुकान और उसके ऊपर बने घर क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की जानकारी पीड़ित मिठाई दुकान के मालिक ने पुलिस को दी। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच कर कैंप कर रही है। घटना बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया बाजार की है। जानकारी के मुताबिक इस घटना में लगभग 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना का CCTV भी सामने आया है। साथ ही सुबह में हुए पत्थरबाजी का भी वीडियो सामने आया है।

**गांव के युवकों पर दुकानदार ने लगाया आरोपः** घटना की जानकारी देते हुए सोनू कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी बेलवनिया बाजार में मिठाई की दुकान है। शनिवार की रात गांव के कुछ युवक शराब के नशे में दुकान पर आए। मिठाई खरीदने के दौरान गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद मारपीट करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन रविवार की सुबह अचानक बड़ी संख्या में असामाजिक तत्वों द्वारा दुकान पर पत्थरबाजी शुरू कर दी गई। 3-4 दुकानों पर पत्थर फेंके गए। इस दौरान सोनू कुमार गुप्ता समेत उनके पिता श्रीकांत प्रसाद और उनके भाई विशाल कुमार की भी जमकर पिटाई कर दी गई। दुकान के गल्ला में रखा 2-4 हजार रुपए भी लूटा गया और मिठाई फेंक दिया गया है।

**कपड़ा दुकानदार के साथ भी मारपीटः** सोनू कुमार गुप्ता के चाचा हरिकांत प्रसाद के साथ भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। हरिकांत गुप्ता का बेलवनिया बाजार में कपड़ा का दुकान है। रविवार की सुबह हरिकांत प्रसाद पूजा कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने अपने भतीजे सोनू के साथ मारपीट करते हुए देखा, तो उसे बचाने के लिए दुकान से बाहर निकले। इसके बाद भीड़ ने हरिकांत प्रसाद के कपड़े की दुकान पर भी हमला बोल दिया। पैसा-कपड़ा लूट लिए साथ ही हरिकांत प्रसाद की भी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना में हरिकांत प्रसाद को काफी गंभीर चोट आई है। वहीं, जख्मियों ने गांव के ही सुरेठ यादव का बेटा शुभम यादव, शिवम यादव और गोरख यादव के बेटे मनोज यादव पर मारपीट का आरोप लगाया है।

**सड़कों पर बिखरा है ईंट-पत्थरः** बेलवनिया बाजार पर हुए झड़प के बाद जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार, SDPO राजीव सिंह समेत आधा दर्जन थाना पुलिस और स्पेशल फोर्स की तैनाती की गई है। इस हिंसक झड़प के बाद सड़कों पर ईंट-पत्थर बिखरा हुआ है। झड़प के बाद बाजार के सभी दुकानें दहशत से बंद है। इस मामले में जगदीशपुर SDPO ने बताया कि प्रारंभिक जो इन्क्वायरी की गई है, उसमें पता चला है कि शाह जी का कुछ दुकान है उसमें रात में कुछ विवाद हुआ। इसके बाद मारपीट हुई है। यह घटना आज सुबह दोबारा से हो गई। उनके दुकान पर पत्थरबाजी की गई है। सभी लोगों से हमने घटना के बारे में लिखित शिकायत मांगी है, जो भी इसमें दोषी होंगे उस पर नियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भोजपुर में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, दशहरा मेला देखने के लिए दोस्त के पास जा रहा था

निज संवाददाता। आरा



- बक्सर पहुंचने से पहले हादसा
- पैसेंजर ट्रेन पर सवार होकर रघुनाथपुर जा रहा था। तभी जमीरा हॉल्ट से पांच सौ मीटर की दूरी पर असंतुलित होकर ट्रेन से गिर गया।

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जमीरा हॉल्ट के पश्चिम स्थित डाउन लाइन पर शनिवार को ट्रेन से गिरकर एक छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव वार्ड नंबर-7 निवासी शंभू राय का 20 वर्षीय पुत्र कुणाल राय है। वह स्नातक का छात्र था। इधर मृत छात्र के चाचा पिंटू कुमार उर्फ बिटेश्वर यादव ने बताया कि वह घर से यह कह कर निकाला था कि मैं ट्रेन से बक्सर जिला के रघुनाथपुर अपने दोस्त से मिलने जा रहा हूं और वहां से मैं उन्हीं से साथ दशहरा घूमने जाऊंगा।

**जमीरा हॉल्ट से 5 सौ मीटर की दूरी पर हादसाः** पैसेंजर ट्रेन पर सवार होकर रघुनाथपुर जा रहा था। तभी जमीरा हॉल्ट से पांच सौ मीटर की दूरी पर असंतुलित होकर ट्रेन से गिर गया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना दी कि वो मृत अवस्था में ट्रैक पर गिरा है। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी ओर घटना की सूचना पाकर जीप सदस्य धनंजय यादव व जमीरा पंचायत के पूर्व सरपंच लालजी प्रसाद सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। साथ उन्होंने मृत छात्रा के परिजनों को सांत्वना दी। जिला प्रशासन से मुआवजा की देने की मांग की। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन बहन और एक भाई में दूसरे स्थान पर था। अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था।

# आरा के पूजा पंडाल में फायरिंग, 4 घायल

निज संवाददाता। आरा

आरा में रविवार सुबह पूजा पंडाल में बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। पूजा समिति के सदस्य सहित 4 लोग फायरिंग में घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार हथियारबंद सभी बदमाश हथियार लहराते हुए मौका से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद नवादा थाना के दरोगा वाहिद अली घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। गोलीबारी क्यों हुई, अभी इसका पता नहीं चल पाया है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित पूजा पंडाल की है। बदमाशों की फायरिंग में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉक्टर विकास सिंह की देखरेख में उसका चल रहा है इलाज।

**बकिसी को पंजे तो किसी को घुटने में लगी बुलेटः** घायलों में नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ला निवासी कमालुद्दीन अंसारी का 19 वर्षीय बेटा अरमान अंसारी, टुनटुन यादव का 26 वर्षीय बेटा सुनील कुमार यादव, शिव कुमार का 25 वर्षीय बेटा रौशन कुमार और सिपाही कुमार शामिल है। अरमान अंसारी को दाहिने साइड पीठ, सुनील कुमार यादव को बाएं हाथ और बाएं साइड पंजरे, रौशन कुमार को दाहिने पैर के घुटने के नीचे और सिपाही कुमार को दाहिने साइड कमर के निचले हिस्से पर गोली लगी है।

# बक्सर में देवियों की प्रस्तुत की गई झांकी, ब्रह्माकुमारी बहनों ने बच्चियों को देवी के रूप में सजाया

निज संवाददाता। बक्सर

- कार्यक्रम देखने के लिए जुटी लोगों की भीड़



बक्सर जिले के एंबेस्टर होटल के समीप हर साल की तरह इस साल भी प्रजापति ब्रह्मा कुमारी बहनों द्वारा मां दुर्गा की जीवंत झांकी स्थापित की गई। जिसमें मां दुर्गा समेत मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, मां काली, मां संतोषी और मां ज्ञान गंगा जलाभिषेक करती दिखाई दी। दशहरे के मौके पर आयोजित इस झांकी को देखने के लिए पंडाल में काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। इसके साथ ही रास्ते से आने-जाने वाले लोगों ने झांकी को मोबाइल कैमरे में कैद करते हुए आगे बढ़ते हुए दिखाई दिए।

**झांकी देखने के बाद अनुमान लगाना मुश्किलः** इस मनमोहक झांकी को प्रस्तुति से पहले दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। संस्था की संचालिका ब्रह्मा कुमारी रानी दीदी ने नवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए संदेश दिया कि नवरात्रि का त्योहार प्रतीक है। उन अच्छाइयों का जो बुराइयों का वधकर देती है। असुर प्रतीक है दुष्प्रवृतियों का और हमारे मनोविकारों का इस पावन अवसर पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने भीतर सद्प्रवृत्तियों को जागृत कर नकारात्मक विचारों और दुष्प्रवृत्तियों का नाश कर दें। देवियों के मनोहक झांकी में आकांक्षा मां दुर्गा के रूप में, तनिष्का मां सरस्वती, प्रियांशु मां काली, गुड़िया ज्ञान गंगा,आरती मां लक्ष्मी, शिक्षा मां संतोषी का रूप धारण की हुई है। झांकी देखने से प्रति होता है कि जैसे किसी मूर्तिकार ने मूर्ति बना पंडाल में सेट किया है। जो भी इस झांकी को देखता है तो कुछ देर देखने के बाद ही पता कर पता ही कि ये जीवंत लोग है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# मुंगेर में बेटी की तरह दी गई मां को विदाई

❐ लाल दुर्गा के विसर्जन के पहले महिलाओं ने की गाल सिकाई, सिंदूर की खेली होली

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में शनिवार की देर रात लाल दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। प्रतिमा की स्थापना से लेकर विसर्जन तक बंगाली पद्धति से पूजा अर्चना करने के साथ पूरे विधि विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले बंगाली समाज की महिलाओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा का गाल सिकाई किया। इसके बाद उन्हें भजन कराया गया और गोद भराई के साथ ही मां दुर्गा को विदाई दी गई। विसर्जन के दौरान ढोल नगाड़े के धुन पर एक ओर जहां महिलाएं थिरकती हुई नजर आई। वहीं दूसरी और पुरुष भी विसर्जन समारोह में मौजूद रहे। मौके पर मौजूद बंगाली समाज की महिलाएं मां दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी का श्रृंगार करने के बाद एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहाग रक्षा की कामना की। विदाई के दौरान सुकन्या घोष ने बताया कि मुंगेर का एकमात्र यह ऐसा दुर्गा है जो कि लाल दुर्गा रायसर के नाम से प्रसिद्ध है। यह जिला मुख्यालय स्थित बाजपुर थाना क्षेत्र में स्थापित है। यह पूरी प्रतिमा सिंदूर की तरह लाल रहती है और मां की विदाई के वक्त भी हम लोग सिंदूर खेल कर एक दूसरे को विजयादशमी की बधाई देने के साथ ही मां को विदाई देते है। जबकि विदाई से पहले जिस तरह से बेटी मायके से ससुराल जाती है तो उन्हें गोद भराई के साथ सारे रस्म किए जाते है। वैसे ही मां को विदाई दी जाती है।





## संक्षिप्त समाचार

### भागलपुर में जगह-जगह पर लगे हैं आपातकालीन बॉक्स, सादे लिबास में घूम रही पुलिस

**भागलपुर।** भागलपुर में दुर्गा पूजा मेला को लेकर जिला प्रशासन संकट मोचन की तरह काम कर रहे हैं। जैसे हनुमान के स्मरण करते ही श्री राम प्रकट हो जाते थे, उसी तरह शहर में पहली बार लगाए गए कॉल बॉक्स लोगों के लिए मददगार साबित हो रहा है। ऐसा इसलिए की, दुर्गा पूजा को देखते हुए जिला प्रशासन ने विभिन्न चौक चौराहों पर आपातकालीन बॉक्स लगाया है। श्रद्धालुओं को परेशानी होने के बाद श्रद्धालु यहां से मदद की गुहार लगा सकते हैं। इसके बाद तुरंत जिला प्रशासन की टीम उसके मदद के लिए पहुंचेगी। शहर के तिलकामांझी, कचहरी चौक, स्टेशन चौक, घंटाघर चौक, खलीफाबाग चौक, चंपानगर, नाथनगर, शीतला स्थान चौक, गुड़हट्टा चौक, बरारी पुल घाट समेत करीब 20 स्थानों पर कॉल बाक्स लगाए गए हैं। कैमरे और सिग्नल वाले पोल पर ब्लू रंग का बाक्स लगा है। यहां सामने खड़े होकर बटन दबाने के बाद कैमरा खुलेगा और कंट्रोल केंद्र से सीधे जुड़ जाएंगे। संवाद कहते ही आपकी सहायता के लिए टीम पहुंच जाएगी। बता दें कि दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह चौकसी बरत रही है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है। इधर, पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल एंड कमांड केंद्र में 24 घंटे तीन शिफ्ट में पुलिसकर्मी समेत ऑपरेटर की लोगों का श्रद्धालुओं की मदद के लिए लगे हुए हैं। मेला को लगातार जिला प्रशासन के टीम ड्रोन कैमरे से निगरानी कर रही है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी या दुर्घटना पर श्रद्धालु जिला प्रशासन की टीम को फोन भी कर रहे हैं।

### दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर, 3 जख्मी

**भागलपुर।** भागलपुर में शुक्रवार को दो बाइक के बीच 50 किलोमीटर की स्पीड से टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि, दोनों बाइक पर सवार तीन लोग जख्मी है। स्थानीय लोग हादसे की आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सन्होला में घायलों को भर्ती कराया गया। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना थाना क्षेत्र के मुर्गियांचक गांव स्थित SH-84 पर हुआ है। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के भुराकाफ निवासी मो. शाहजहां (35) और सक्सेना निवासी मो. उस्मान (55) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एक बाइक सवार घोंघा के तरफ से सन्होला की तरफ जा रहे थे और दूसरा बाइक से बाहर सन्होला मार्केट से मुर्गियाचक होते हुए जा रहे थे। जिसकी आमने-सामने टक्कर हो गई।

### पुलिस पर हमला करने के मामले में 5 पर FIR

**भागलपुर।** भागलपुर में बुधवार की देर रात हुए तातारपुर पुलिस पर हमला मामले में थाना में पदस्थापित एसआइ नईम अहमद के आवेदन पर मोहम्मद सागर सहित उसकी मां मुन्नी खातून, बहन सीमा, जूली और पकिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले में पुलिस पर हमला करने के साथ हथियार छीनने का प्रयास और आरोपित को छुड़ा कर भगाने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। मालूम हो कि सात अक्टूबर को हुई झपटमारी के मामले में फरार आरोपी तातारपुर के कबाड़ी टोला निवासी मोहमम्द सागर अपने घर के पास घूमने की सूचना मिली थी। सूचना पर एसआइ नईम अहमद सहित एएसआइ प्रदीप कुमार और एएसआइ विक्रम प्रसाद गुप्ता अन्य जवानों के साथ निजी बाइक और पुलिस जीप के साथ बदमाश के घर के पास पहुंचे। गली संकरी होने की वजह से वह अपनी बाइक पर दो पदाधिकारियों के साथ आरोपित की घेराबंदी की। आरोपित पैदल ही पुलिस की ओर आ रहे थे। जैसे ही उन लोगों ने पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया वह भागने लगा। लेकिन, पुलिस पदाधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे लेकर थाना जाने लगे। इस दौरान उसकी मां और बहनों ने रास्ता रोक लिया और हमला कर आरोपित को भगा दिया। इस दौरान दुर्व्यवहार करने के साथ हथियार छीनने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस पदाधिकारियों ने थाना पहुंच केस दर्ज कराया है।

### मां बोली-साजिश कर जहर खिला दिया, मौत

**सुल्तानगंज।** निजी बैंककर्मी की बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के अपर रोड स्थित पिलदौरी मोहल्ले में बुधवार रात की है। मरने वाले की पहचान अभिषेक कश्यप उर्फ सोनू (24), पिता स्व. अनिल ठाकुर के रूप में हुई है। वह शहर के एक्सिस बैंक की शाखा में दो साल से फील्ड वर्कर के पद पर कार्यरत था। सूचना पर गुरुवार सुबह थानाध्यक्ष प्रियरंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। अभिषेक के केहुनी से हथेली के बीच कई जगहों पर जख्म के निशान पाए गए हैं। मां ने साजिश के तहत उसे जहर खिलाकर हत्या की आशंका जताई है। कुछ देर बाद एफएसएल की टीम भी पहुंची। टीम में शामिल वैज्ञानिक अमित कुमार व प्रियंका ने सैंपल इकट्ठा किया। शाम में लॉ एंड ऑर्डर सदर डीएसपी चंद्रभूषण ने भी कमरे की जांच की और उसकी मां अंजनी कश्यप से पूरे मामले की जानकारी ली। डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। डॉग स्क्वॉयड की टीम ने भी जांच की।

### शराब के नशे में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**मुंगेर।** बेलदौर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से नशे की हालत में गिरफ्तार दो आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति की पहचान बारुण गांव निवासी सदानंद मंडल और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भदास गांव निवासी निरंजन महतो के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक नशे की हालत में हो हंगामा करते हुए दोनों को रंगे हाथ पकड़ा गया। थानाध्यक्ष परेंद्र कुमार ने बताया कि मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। मुंगेर | मुंगेर विश्वविद्यालय एवं उसके अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेज अब 14 अक्टूबर को खुलेंगे। विश्वविद्यालय कार्यालय ने बुधवार को ही इसकी सूचना जारी कर दी। जारी सूचना के अनुसार दुर्गा पूजा एवं जयप्रकाश जयंती के अवसर पर 13 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय बंद रहेंगे। हालांकि छुट्टी गुरूवार से ही हो चुकी है।

### राज्यस्तरीय टीम ने लक्ष्य कार्यक्रम का किया मूल्यांकन

**तारापुर।** अनुमंडलीय अस्पताल में लक्ष्य कार्यक्रम को लेकर राज्यस्तरीय टीम के द्वारा प्रसव कक्ष एवं मेटरनिटी ओटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रसव कक्ष एवं मेटरनिटी ओटी का चेक लिस्ट के अनुसार किए गए कार्यों का बारीकी से जांच किया गया। साथ ही आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्य को बेहतर तरीके से करने के लिए कई टिप्स दिए गए। राज्य स्तरीय टीम के द्वारा इस संस्थान के सारे कार्यो की समीक्षा के उपरांत संतोष व्यक्त किया गया।इस टीम में डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. पवन कुमार के द्वारा लक्ष्य कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया। इस मौके पर डॉ. अंजना कुमारी आरडीडी मुंगेर प्रमंडल रुप नारायण शर्मा, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. फैजान असरफी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुंगेर के अलावे तारापुर अनुमंडलीय अस्पताल की प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. बिन्दु कुमारी, डॉ. नाज बानो खान, डॉ. बीएन सिंह, अस्पताल प्रबंधक मनीष कुमार प्रणय समेत सभी परिचारिका उपस्थित थीं।

### रावण दहन के दौरान बाल-बाल बचे सांसद पप्पू यादव

**पटन।** देशभर के साथ बिहार में भी दशहरा धूमधाम से मनाया जा रहा है। पटना के गांधी मैदान में CM नीतीश कुमार की मौजूदगी में रावण का दहन किया गया। रावण वध के लिए CM, राज्यपाल और डिप्टी CM ने तीर-धनुष उठाया। सभी चलाने वाले थे, इसी दौरान मुख्यमंत्री के हाथ से तीर धनुष गिर गया। इससे पहले रावण की लंका को हनुमान ने जालाया। हनुमान की एंट्री क्रेन से हुई थी। गांधी मैदान में बिहार का सबसे ऊंचा 80 फीट का रावण बनाया गया था। इस बार रावण मैथिली लुक में नजर आया। पूर्णिया में रावण वध के दौरान सांसद पप्पू यादव बाल-बाल बचे। रावण दहन के लिए रॉकेट छोड़ा जा रहा था। रॉकेट में आग लगाते ही उसकी चिंगारी पप्पू यादव के चेहरे की तरफ आ गई। जैसे ही चिंगारी उनकी ओर आई वो तुरंत पीछे हट गए। आज गया, मधेपुरा, बक्सर, समस्तीपुर, मोतिहारी समेत कई जिलों में रावण दहन किया गया।

## बरियारपुर के एकाशी गंगा घाट पर नहाने के दौरान दो सगी बहनें डूबीं

निज संवाददाता। बरियारपुर



एकाशी गंगा घाट पर फिर से प्रशासनिक लापरवाही देखने को मिली। वहां गुरुवार की सुबह नौ बजे नहाने के दौरान दो सगी बहने डूब गईं। गोताखोर के ड्यूटी से गायब रहने के कारण उन्हें तुरंत बाहर नहीं निकाला जा सका। दो घंटे बाद वहां पहुंची एसडीआरएफ की टीम दोनों की तलाश कर रही है। गांधीपुर के रेलकर्मी राजकुमार मंडल उर्फ बबलू की 15 वर्षीया पुत्री आयुषी कुमारी एवं 12 वर्षीय पुत्री अर्पिता कुमारी अपनी बड़ी बहन के साथ एकाशी गंगा घाट पर गंगा स्नान करने गई थी। गंगा स्नान करने के दौरान दोनों गहरे पानी में चली गई। जिससे वह डूब गई। गंगा स्नान कर रहे कुछ ग्रामीणों ने बताया कि वहां तीन महिला डूब रही थी। जिसमें एक को तो बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दो सगी बहनें गंगा की तेजधार में बह गईं। एक ही घर से दो बेटी के डूबने से घर में मातम छा गया। माता रूपम देवी की आंखों के आंसू नहीं सूख रहे हैं। घटना गुरुवार सुबह 9 बजे की है। घटनास्थल पर पुलिस तो पहुंची, लेकिन कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचे। घटना के 2 घंटे बाद एसडीआरएफ टीम पहुंची। वह डूबे दोनों बहनों की तलाश कर रही है। आयुषी कुमारी बालिका उच्च विद्यालय में 10वीं की छात्रा है। जबकि अर्पिता कुमारी मध्य विद्यालय नया टोला में आठवीं में पढ़ती है। उक्त घाट पर बरियारपुर, खड़गपुर प्रखंड के लोहची, नाकी, पहाड़पुर, बागेश्वरी, प्रसन्डो के लोग स्नान करने आते हैं। 6 अगस्त को गांधीपुर निवासी मनोज यादव का 7 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार भी नहाने के दौरान बाढ़ के पानी में डूब गया था। एकाशी गंगा घाट पर दो गोताखोर की ड्यूटी है। सुबह के 5 बजे से दिन के 12 बजे तक अश्विनी कुमार व 12 बजे से 7 बजे तक अनीश कुमार को रहना है। लेकिन एक भी गोताखोर स्थल पर नहीं आए।

## अभद्र व्यवहार की सूचना पर थानेदार ने ग्रामीणों को पीटा, भागलपुर में झूठे FIR में फंसाने की धमकी

निज संवाददाता। भागलपुर



● पुलिसकर्मी को निलंबित करने की मांग

भागलपुर के बुद्धूचक थाना क्षेत्र के किशनदासपुर टोला में थानेदार द्वारा ग्रामीणों को पीटने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही झूठा एफआईआर दर्ज करने फंसाने की धमकी दी गई है। इस मामले की शुरुआत महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने पर हुई। मामले को लेकर जानकारी के अनुसार भोला दुर्गा मंदिर प्रांगण में देर रात करीब 12 बजे मंदिर में महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। इसी बीच शराब के नशे में ग्रामीण सीटू यादव और चार-पांच लोगों ने मिलकर महिलाओं के साथ गाली गलौज और अभद्र हरकत करने लगे। जिसका विरोध करने पर मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना लोगों ने स्थानीय थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना कार्रवाई किए मनचले को छोड़ दिया। पुलिस की इस हरकत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूटा। जिसके बाद थानेदार मुकेश यादव ने लोगों के साथ मारपीट करते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

**पुलिस ने झूठा केस में फंसने की दी धमकी:** स्थानीय लोगों ने बताया कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट के दौरान स्थानीय ग्रामीण पहुंचे और बदमाशों को समझाने का प्रयास किया। उनलोगों ने किसी की नहीं सुनी और लोगों की बढ़ती भीड़ को देखकर भागने लगे। जिसके बाद ग्रामीणों ने सीटू यादव को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। थानेदार मुकेश यादव अपने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। थानेदार ने मौजूद लोगों से जाने के लिए कहा और ग्रामीणों के साथ मारपीट करने लगे। जब इसका विरोध किया गया तो पुलिस ने झूठा एफआईआर दर्ज कर केस में फंसाने की धमकी देने लगे। जाते-जाते कहा कि तुम सबको अपना औकात बता देंगे। जातिवाद का जवाला देते हुए कहा कि तुम सब यादव के चक्कर में पड़े हो। इसके बाद जजमान श्रीकांत मंडल और उनके बड़े भाई मंगल सिंह को जूते से लात मारा और ग्रामीणों को झूठ मुकदमा में फंसा देने की धमकी दी।

**थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग:** पुलिस की इस हरकत के बाद लोगों ने आरोप लगाया कि थानेदार ने सीटू यादव को बिना कुछ कहे छोड़ दिया। आरोपी पर बिना कार्रवाई किए छोड़ दिए जाने और ग्रामीणों को धमकी देने के बाद लोगों ने एकजुट होकर थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग करने लगे। थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग को लेकर लोगों का कहना है कि जब तक थानेदार को निलंबित नहीं किया जाता है। तब तक हम लोग मूर्ति विसर्जन नहीं करेंगे। घटना की टेलीफोनिक जानकारी एसएसपी आनंद कुमार को दी गई। साथ ही लिखित आवेदन की प्रक्रिया की जा रही है। जातिवाद का हवाला देते हुए मिली इस धमकी को लेकर सांसद अजय मंडल को भी सूचना दी गई।

**कार्रवाई नहीं होने पर नहीं करेंगे मूर्ति विसर्जन:** मामले को लेकर मुखिया मनोहर कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी जातिवाद करता है। देर रात कुछ मनचले शराब के नशे में मंदिर पहुंचे और महिलाओं के साथ गाली गलौज करने लगा। जब इनका विरोध कर बदमाशों को दबोचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया और उल्टा ही सूचना देने वाले ग्रामीणों के साथ ही मारपीट करना शुरू कर दिया। हम लोगों ने निर्णय लिया है कि जब तक थानेदार पर कार्रवाई नहीं होती है। तब तक हम लोग मूर्ति विसर्जन नहीं करेंगे। वहीं, इस मामले में थानेदार मुकेश यादव से संपर्क करने की कई बार कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## दंगल प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से पहलवानों ने लिया हिस्सा, भागलपुर में मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

निज संवाददाता। भागलपुर



❐ प्रथम विजेता का नेशनल मेडल जीतने का सपना

भागलपुर में सुलतानगंज प्रखंड के कमरगंज पंचायत में हर साल की तरह इस साल भी दुर्गा पूजा के अवसर पर विजयादशमी के दिन दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम का कमरगंज मां दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष अनिरुद्ध यादव और कमिटी सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया। दंगल प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के पहलवानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में गनगनिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामजी मंडल, कमरगंज के पर्व मुखिया शंकर यादव, रिटायर बिहार पुलिस ब्रमदेव यादव मौजूद रहे।

**मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया सम्मानित:** इस दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि और बीएसएफ जवान बब्बन यादव ने प्रथम स्थान पाने में मनीष पहलवान मिरहट्टी को गोल्ड मैडल, द्वितीय स्थान राहुल कुमार कदुवा मोहनपुर अमरपुर को सिल्वर, तृतीय स्थान को गौतम पहलवान कदुवा मोहनपुर अमरपुर, को काश्य सिल्ड, मैडल, नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले पहलवान मनीष कुमार को बताया कि सभी जगहों में प्रथम स्थान आये है। लेकिन अब तक नेशनल अवॉर्ड नहीं ले पाये हैं। अब नेशनल खेलकर भारत का नाम रोशन करना चाहते हैं। बता दें कि कार्यक्रम के दौरान रेफरी ब्रमदेव पहलवान मोतीचक, कमेंटेटर मुकेश साह, कमरगंज मां दुर्गा मंदिर के सदस्य मुकेश यादव, बीएसएफ बब्बन यादव, बीएसपीएफ मनोहर यादव, अंकित यादव, चन्द्रशेखर यादव, प्रदीप कुमार भगत उर्फ छोटू कुमार, ओम कुमार सहित इत्यादि सदस्य गण और ग्रामवासी मौजूद थे।

## माता की प्रतिमा का विसर्जन, अवशेष लेने की मची होड़

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में चारों तरफ दशहरे की धूम रही। सभी पूजा पंडालों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, दशहरा के अवसर पर भागलपुर जिले के गोराडीह प्रखंड क्षेत्र के विशनपुर जिछो के हजरा पोखर किनारे प्राचीन दुर्गा मंदिर के मेला संयोजक दीपक सिंह ने माता रानी का विसर्जन किया। साथ ही लोदीपुर थाना अध्यक्ष घनश्याम कुमार व मंजीत सिंह की ओर से रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला दहन किया गया। रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए माता रानी के दरबार में लाखों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। वहीं, विसर्जन के बाद शेष बचे टुकड़ों को घर ले जाने की होड़ मची रही। जिसके बारे में कहा जाता है कि घर में बुरी आत्माओं का साया न पड़े इसके लिए इसे ले जाया जाता हैं।

**असत्य पर सत्य की जीत हुई थी:** महा मेले के कर्ताधर्ता दीपक सिंह ने बताया कि आज के दिन ही असत्य पर सत्य की जीत हुई थी। तब से रावण का पुतला दहन कर समाज को यह संदेश दिया जाता है कि अहंकार मनुष्य का शत्रु होता है। इसलिए कभी भी मन में अहंकार नहीं पालना चाहिए बचपन में दुर्गा मेला देखने कर्ण गढ़ जाया करते थे। नाथनगर सीटीएस रावण दहन देखा करते थे।

## 150 फीट ऊंचा बुर्ज खलीफा के थीम पर बना पंडाल, मुंगेर में बना आकर्षण का केंद्र

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के कल्याणपुर में इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां बुर्ज खलीफा की थीम पर आधारित भव्य पंडाल बनाया गया है। झारखंड के गिरिडीह से आए कारीगरों ने इसे तैयार किया है, जो 150 फीट ऊंचा और 100 फीट चौड़ा है। यह पंडाल सिर्फ मुंगेर ही नहीं, बल्कि बिहार के अन्य जिलों के लिए भी एक बड़ा आकर्षण बना हुआ है। पंडाल में स्थापित बड़ी दुर्गा महारानी की प्रतिमा को देखने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां आ रहे हैं। इसके अलावा, श्रद्धालुओं को कैलाश पर्वत का भी दर्शन कराया जा रहा है, जो 100 फीट ऊंचा और 150 फीट चौड़ा है। पर्वत पर देवों के देव महादेव का स्थान बनाया गया है, जो इसकी भव्यता को और भी बढ़ाता है। श्रद्धालु शीशे की नक्काशीदार रास्ते से मंदिर तक पहुंचकर देवी दुर्गा का दर्शन कर रहे हैं।

**पूरे पंडाल को LED बल्ब से सजाया:** पंडाल की खूबसूरती को और भी विशेष बनाने के लिए इसमें भगवान श्रीराम की 50 फीट ऊंची मूर्ति बनाई गई है, जिसे रंगीन LED बल्बों से सजाया गया है। भगवान श्रीराम की यह विशाल मूर्ति भी श्रद्धालुओं के लिए एक खास आकर्षण बनी हुई है। बिहार के विभिन्न जिलों से लोग इस अद्वितीय दृश्य को देखने आ रहे हैं, जिसमें भागलपुर, जमुई, बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, और पूर्णिया प्रमुख हैं। कल्याणपुर के दुर्गा पूजा महोत्सव का इतिहास लगभग 360 वर्ष पुराना है। हर साल यहां दुर्गा पूजा बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। इस साल पंडाल का थीम बुर्ज खलीफा चुना गया है, जो इसे खास बनाता है। यह थीम इस वर्ष इसलिए चुनी गई क्योंकि कुछ माह पहले बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दुबई के बुर्ज खलीफा में वर्ल्ड होम्योपैथी समिट का आयोजन किया गया था। उसी प्रेरणा से यहां इस साल बुर्ज खलीफा के पंडाल का निर्माण किया गया है।

## 14 अक्टूबर तक अलर्ट मोड पर सदर-मायागंज अस्पताल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में दुर्गा पूजा को देखते हुए जिला प्रशासन ने मायागंज और सदर अस्पताल को 14 अक्टूबर तक अलर्ट मोड पर रख रखा है। सड़क पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दौरान सड़क दुर्घटना मारपीट में घायल जख्मी समेत इमरजेंसी मरीजों के लिए मेडिकल टीम की भी तैनाती की गई है। मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर केके सिन्हा ने बताया कि नवरात्रि के दौरान अस्पताल में इमरजेंसी सेवा जारी रहेगी। डॉक्टर नर्सो व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी को लेकर पत्र जारी किया गया है। सभी कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

**मरीजों के इलाज की व्यवस्था होगी दुरुस्त:** शिफ्ट बदलने के बाद जब तक ड्यूटी पर लगाए गए डॉक्टर और कर्मचारी नहीं आते हैं, तब-तक उनके सीट को नहीं छोड़ना है। नवरात्रि के दौरान अस्पताल में मरीजों के इलाज की व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। इधर, सदर अस्पताल को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। इमरजेंसी समेत अन्य विभागों में ड्यूटी के लिए डॉक्टर कर्मियों का रोस्टर जारी कर दिया गया है। प्रभारी डॉक्टर राजू ने बताया कि रोस्टर का अनुपालन के लिए कर्मियों का निर्देश दिया गया है। वहीं, जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम की सूचना पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी। मरीजों के लिए इलाज के लिए अस्पताल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। ताकि, किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य टीम श्रद्धालुओं की गतिविधियों से निपटा जा सके। इसके अलावा जिला प्रशासन के टीम जगह-जगह पर तैनात रहेंगे। साथ ही अलग-अलग जगह पर स्वास्थ्य विभाग के टीम और अग्निशमन विभाग के टीम भी मौजूद रहेंगे। लगातार वरीय अधिकारी भी मेले की निगरानी करते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलटी : हादसे में एक बच्चा और महिला घायल



**पटना,एजेंसी।** पटना में मरीन ड्राइव पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार 2 लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्चा और महिला शामिल है। इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। ओवरटेक करने के दौरान हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार ओवर स्पीड थी। 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे का अनुमान है। ओवर स्पीड के कारण चालक का संतुलन बिगड़ा और डिवाइडर के पास गाड़ी पलट गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। वहीं, गांधी मैदान ट्रैफिक थानेदार ब्रजेश कुमार चौहान ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। क्षतिग्रस्त गाड़ी को सड़क किनारे से हटा दिया गया है।

### मधुबनी में लोक नृत्य के साथ मनाया गया विजयादशमी, लोगों में दिखा उत्साह



**मधुबनी,एजेंसी।** मधुबनी में भारत और नेपाल के मिथिला क्षेत्र का एक प्रमुख सांस्कृतिक लोक नृत्य झिझिया से दशहरा उत्सव मनाया गया। इस दौरान नृत्य कर रही महिलाओं ने मां दुर्गा के प्रति भक्ति को तो दिखाया ही साथ ही बच्चों और समाज को चुड़ैलों और काले जादू से बचाने के लिए मां की आराधना की। नृत्य में लड़कियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नृत्य में लड़कियां ने अपने सिर पर छोटे-छोटे छेद वाले घड़े में जलता दीपक रखकर नृत्य किया। मालूम हो कि कलश स्थापना के दिन से लेकर विजय दशमी तक लगातार दस दिनों तक नृत्य किया जाता है। काली मंदिर परिसर में आयोजित दुर्गा पूजा में बच्चों ने झिझिया और गरबा नृत्य भी किया। लोगों ने इसकी काफी सराहना की और झिझिया नृत्य को देखा।

### सहरसा में मोमबत्ती से घर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू, एक लाख का नुकसान

**सहरसा,एजेंसी।** सहरसा नगर निगम के वार्ड 39 में गांधी पथ मोहल्ले में एक घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं आग में एक लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने का कारण घर में जल रहा मोमबत्ती बताया जा रहा है। हालांकि अग्निशमन टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को आधा घंटे में बुझा दिया।

# पूर्णिया में कंधे पर बैठाकर मां दुर्गा को दी विदाई: 3 किमी की निकली विसर्जन यात्रा

## 110 साल पुरानी परंपरा को आज भी निभा रहे श्रद्धालु



**पूर्णिया,एजेंसी।** दुर्गा पूजा विजयादशमी के साथ संपन्न हो गया। 9 दिनों की आराधना के बाद मां दुर्गा को लोगों ने विदाई दी। 110 साल पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए लोग मधुबनी स्थित दुर्गा मंदिर से देवी की प्रतिमा को कंधे पर लेकर विसर्जन के लिए निकले। विसर्जन यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए, जो देवी दुर्गा की प्रतिमा को कंधे पर लेकर मधुबनी दुर्गा स्थान से चूनापुर घाट पहुंचें। 3 किलोमीटर लंबी विदाई यात्रा में कुछ लोग भक्ति में डूबे नजर आएं, तो वहीं कुछ लोग भावुक दिखाई दिए। गाजे-बाजे के साथ बाड़ीहाट की देवी दुर्गा की प्रतिमा को विदाई गई है। इसमें हजारों लोग शामिल रहे। पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद मधुबनी दुर्गा मंदिर से देवी दुर्गा को विदाई दी गई। विसर्जन यात्रा को देखने और इसमें शामिल होने शहर के कोने- कोने से हजारों लोग मधुबनी दुर्गा स्थान पहुंचे। मां की प्रतिमा को कंधे पर लोग दुर्गा मंदिर से चूनापुर घाट के लिए निकले। लोग 3 किलोमीटर यात्रा में पूरे रास्ते जय कारा शेरोवाली दा, जय माता दी, बोल सांचे दरबार की जय के जयकारे लगाते दिखाई दिए।

### माता की आरती उतारी और चुनरी चढ़ाई

देवी दुर्गा की विसर्जन यात्रा जिन रास्तों से होकर गुजरी उसके दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। कोई हाथों में फूल लिए पुष्प वर्षा करता दिखाई दिया, तो किसी ने मां की आरती की और चुनरी चढ़ाई। विसर्जन यात्रा मधुबनी दुर्गा मंदिर रोड से चूनापुर घाट पहुंची। जहां मां दुर्गा को विदाई दी गई और सुख समृद्धि की कामना की। मधुबनी में 1917 से ही मां दुर्गा की प्रतिमा बैठाई जा रही है। यहां बंगाली विधि विधान से पूजा की परंपरा है।


### 12 लाख रुपए खर्च किए गए

इस बार मधुबनी स्थित दुर्गा मंदिर में समिति की ओर से भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया। बंगाल से आए कई कारीगरों और कलाकारों ने मां दुर्गा की प्रतिमा और पंडाल को तैयार किया। इसपर 12 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां मां दुर्गा की एक मुरादी प्रतिमा स्थापित है। शारदीय नवरात्रि में भक्तों की भारी भीड़ इस मंदिर में उमड़ती है।

### सौरा घाट पर मां दुर्गा को विदाई दी गई

शहर के प्रसिद्ध पूजा पंडालों में से एक बाड़ीहाट की मां दुर्गा की प्रतिमा को भी लोगों ने विदाई दी। विदाई यात्रा में न सिर्फ पुरुष बल्कि बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं। बाड़ीहाट में हजारों लोग उमड़े। भक्ति गीतों पर मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। विसर्जन यात्रा में लोग दुर्गा महारानी की जय, जय माता दी के जयकारे लगाते रहे। पूर्णिया सिटी स्थित सौरा घाट पर मां दुर्गा को विदाई दी गई। भक्तों ने जय माता दी के जयकारे के साथ अगले साल फिर आने का न्योता दिया। शहर में सहायक खजांची हाट थाना क्षेत्र के बाड़ीहाट इलाके में स्थित बाड़ीहाट दुर्गा मंदिर पूजा पंडाल शहर के प्राचीन और प्रमुख पूजा पंडाल में से एक है। बाड़ीहाट में साल 1966 से दुर्गा पूजा की परंपरा कायम है। इस बार बाड़ीहाट दुर्गा पूजा समिति की ओर से 10 लाख रुपए खर्च किए गए। पंडाल के फ्लेक्स पर मां दुर्गा के नौ रूप का चित्रण किया गया।


## 70 फिट के रावण का दहन, 20 हजार लोग शामिल



**बांका,एजेंसी।** बांका के नवादा थाना क्षेत्र स्थित वैष्णवी दुर्गा मंदिर रानीटीकर मैदान परिसर में दशहरा के मौके पर आतिशबाजी के बीच रावण दहन हुआ। मुकेश सिंह उर्फ विनोद सिंह ने रावण का दहन किया। इस दौरान बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानकर रावण का दहन किया गया। इस बार रावण दहन में पुतले का कद 70 फीट का था। इसके साथ ही आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। तेज धमाकों के साथ रावण के दस सिर व तेज गर्जना के साथ रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। इसके पहले साउंड बॉक्स के माध्यम से निकाले गए रावण और राम के आवाजों से गूंज उठा। रावण का पुतला दहन होते ही जय श्री राम से मैदान गूंज उठा। इसको लेकर मौके पर पुलिस प्रशासन के कड़े इंतजाम थे। 20 हजार से अधिक लोग रावण दहन को देखने के लिए पहुंचे हुए थे।

मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, नवादा थाना अध्यक्ष पंकज किशोर, धनकुंड थानाध्यक्ष मंटू कुमार, शिवमणि के सचिव शिवपूजन सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस प्रशासन उपस्थित थे। रावण दहन के मौके पर पुलिस प्रशासन के साथ अग्निशमन वाहन, आपदा मित्र सहित सुरक्षा के कड़े व्यवस्था रही। वैष्णवी दुर्गा मंदिर रानीटिकर पूजा समिति के सभी अधिकारी उपस्थित थे। वही रजौन के नवादा थाना अंतर्गत रानीटीकर गांव में 20 हजार से ऊपर ग्रामीण रावण दहन देखने के लिए पहुंचे थे।

# बिहार में बदलेगा मौसम, अब ठंड की होगी एंट्री: रात के तापमान में गिरावट आएगी



**पटना,एजेंसी।** बिहार में अब ठंड की एंट्री होने वाली है। आज प्रदेश के किसी भी जिले में बारिश होने की संभावना नहीं है। सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान दिन के तापमान में सामान्य से 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जबकि, रात के तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि, 18 अक्टूबर को 11 जिलों में बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान बांका जिले का तापमान सबसे ज्यादा 34.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके अलावा पटना का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिक एसके पटेल के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क बना रहा है। तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है, लेकिन अभी भी तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। बिहार के ऊपर कोई मौसमी गतिविधि नहीं है, जिसके कारण आज मौसम शुष्क बना रहेगा और कई जिलों में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, बिहार के निचले इलाकों से पश्चिमी हवा ऊपर की ओर आ रही है, जिसके कारण अब धीरे-धीरे तापमान में कमी आने की संभावना है।

### बिहार में कब होगी ठंड की एंट्री

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दो-तीन हफ्तों में रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट देखने को मिलेगी। दिन के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। उसके कारण लोग उमस से परेशान हो सकते हैं। वहीं, आने वाले कुछ दिनों में राज्य में पछूआ हवा की एंट्री पूरी तरीके से हो जाएगी। जिसके कारण ठंड का माहौल बनेगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि दिवाली और छठ महापर्व के करीब ठंड की शुरुआत हो सकती है।

**18 अक्टूबर को इन जिलों में बारिश होने की संभावना :** मौसम विभाग द्वारा जारी अपडेट के अनुसार 18 अक्टूबर को सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, पूर्णिया, सहरसा, कटिहार, भागलपुर, जमुई, मुंगेर और बांका जिले के एक या दो स्थानों पर बारिश हो सकती है।



# बाढ़ में महिला से छेड़छाड़ के बाद बवाल, 2 गुट आपस में भिड़े

## जमकर हुई मारपीट, 4 महिला समेत 9 लोग घायल

**पटना ,एजेंसी।** बाढ़ थाना क्षेत्र के विकास नगर में महिला से छेड़खानी को लेकर जमकर बवाल हुआ। 2 पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्ष के 9 लोग घायल हो गए। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। सभी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घर लौटते समय 3 लोगों ने की छेड़खानी

पीड़िता ने बताया कि चोन्दी मोहल्ले में पति के साथ किराए के घर में रहती हूं। विजयादशमी के दिन पति, बच्चों और परिजनों के साथ मेला घूमने पंचशील नगर आई थी। घर लौटते समय 3 लोगों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट करने लगे। मेरा मायके पास में ही है। बच्चों ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद सभी मौके पर पहुंचे। पीड़िता के भाई ने बताया कि जब हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे तो 10 से 12 लोग मेरे बहनोई के साथ मारपीट कर रहे थे। हमलोगों से भी भिड़ गए। मारपीट में अक्षय कुमार, गौरव कुमार, सौरव कुमार, राहुल कुमार, मिथुन कुमार घायल हो गए।

### गर्भवती महिला के साथ भी मारपीट

वहीं, दूसरे पक्ष के बिट्टू ने बताया कि हमलोग आपस में बातचीत कर रहे थे। महिला को लगा को उनके बारे में बात कर रहे हैं। इस बीच अचानक महिला के समर्थन में कुछ लोग पहुंच गए और और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में कुसुम देवी, शर्मीला देवी, सुशीला देवी और पम्मी कुमारी घायल हो गईं। पम्मी कुमारी प्रेग्नेंट है, उसे भी नहीं छोड़ा।

### घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद बाढ़ थाना के एएसआई धर्मेंद्र कुमार ने इस मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

### अपराध की योजना बनाते 4 आरोपी गिरफ्तार : कटिहार में पुलिस ने 12 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल, 3 मोटरसाइकिल किया बरामद, भेजा जेल

**कटिहार,एजेंसी।** कटिहार के सहायक थाना की पुलिस ने लंगड़ा बागान साहेबपाड़ा से 4 अपराधियों को एक पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल और 3 मोटरसाइकिल के साथ किया गिरफ्तार कर लिया है। सहायक थाना अध्यक्ष पंकज प्रताप ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे है। इसकी जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया और वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर एक टीम का गठन करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी में 4 अपराधी को एक पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल, 3 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में सूरज सिंह पिता संजय सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव उर्फ गोल्डी पिता श्रीकांत श्रीवास्तव साकिन, विशाल कुमार हाड़ी उम्र 26 साल पिता संजय हाड़ी और उज्जवल झा पिता राजेश कुमार झा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनका आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

# दो सड़क हादसों में 1 की मौत, 7 घायल

## भागलपुर में ऑटो बाइक की टक्कर, महिला को बाइक सवार ने रौंद डाला

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर में दो अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटनाओं में सात जख्मी हुए और एक की मौत हुई है। पहली घटना शाहकुंड थाना क्षेत्र के किरणपुर मोड़ के समीप की है। जहां बाइक और ऑटो की टक्कर में 7 लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में ऑटो सवार लक्ष्मीपुर गांव निवासी गुलशन सागर, सुदर्शन कुमार, श्वेता कुमारी, लता कुमारी, प्रीति कुमारी व रोहित यादव और बाइक सवार लोगांय गांव निवासी शिव कुमार शामिल है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में डॉ. ज्योति भारती ने किया। गुलशन सागर अपने भाई बहन और बहनोई के साथ ऑटो से मेला देख कर वापस लौट रहे थे। शिवकुमार बाइक से शाहकुण्ड की तरफ जा रहे थे। तभी किरणपुर मोड़ के पास बाइक-ऑटो की टक्कर हो गई। मौके से एंबुलेंस ने सभी जख्मियों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने सभी को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक ने महिला को मार दी टक्कर

दूसरी तरफ भागलपुर- अमरपुर मुख्य मार्ग में कुल्हड़िया रोड के समीप एक महिला को तेज रफ़्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने उठाकर रेफरल अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना रतनगंज बाजार स्थित सैदा पोखर के समीप की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला प्रतिदिन मंदिर के पास से फूल तोड़कर पूजा करती थी। मृत महिला रतनगंज गांव निवासी बंशीधर शाह की पत्नी है। परिजन को खबर मिलते ही परिवार के सदस्यों में चिख पुकार मच गई है।



# बेगूसराय में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 1 करोड़ की संपत्ति जलकर राख





## कैसे हुआ हादसा

**बेगूसराय ,एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय में भीषण आगलगी में एक करोड़ से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक प्लास्टिक की बोतल फैक्ट्री में अहले सुबह आग लग गई। घटना रिफाइनरी थाना क्षेत्र के मोसादपुर औद्योगिक क्षेत्र की बताई जा रही है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग को बुझाने में कामयाबी हासिल की।

लेकिन इससे पहले पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास उठ रही गुबार से लोग दहशत में आ गए। जानकारी के मुताबिक जिस फैक्ट्री में आगलगी की घटना हुई उसमें प्लास्टिक की बोतल, ढक्कन और अन्य प्रकार के बर्तनों का उत्पादन होता है। फैक्ट्री में कच्चा माल से लेकर तैयार माल तक सबकुछ ज्वलनशील ही था। इस वजह से तेजी से आग फैलने लगी।

लेकिन स्थानीय लोगों और फैक्ट्री मालिक की सूचना पर फायर फाइटिंग टीम बहुत जल्दी से मौके पर पहुंच गई। लोग बता रहे थे कि समय पर दमकल बुलाकर आग बुझाने का काम शुरू नहीं होता तो हादसा और बड़ा हो सकता था। यह औद्योगिक क्षेत्र है जहां अन्य कई फैक्ट्रियां हैं जिनमें आग लग सकती थी। लेकिन फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस टीम की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। आग को एक फैक्ट्री के अंदर ही रोक लिया गया। इस घटना में किसी जान के नुकसान की कोई सूचना नहीं दी गई है।

फैक्ट्री में काम करने वालों ने बताया कि इस घटना में कंपनी का भारी नुकसान हुआ है। लगभग एक लाख की संपत्ती जलकर राख हो गई। हालांकि अग्निशाम विभाग द्वारा आग से क्षति का आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों को लेकर ठोस जानकारी नहीं दी गई है। कुछ लोगों का कहना है कि शॉट सर्किट की वजह से आग लगने की घटना हुई है। मामले में प्रशासन के स्तर पर जांच की जा रही है। अन्य फैक्ट्रियों में फायर फाइटिंग की व्यवस्था का ऑडिट किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। वे यहां एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी। दिल्ली से रांची लौटते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहयोगियों के साथ संविधान सम्मान सम्मेलन के लिए संभावित कार्यक्रम स्थल कार्निवल सभागार का निरीक्षण किया। उनके साथ शशिभूषण राय, विनय कुमार दीपू, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रवक्ता जगदीश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। वैसे तो रांची में होने वाला राहुल गांधी का संविधान सम्मान सम्मेलन देश का पांचवां कार्यक्रम होगा, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले उनका यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए खास है।

### सरायकेला में बॉयलर ब्लास्ट, पिता की मौत, बेटा गंभीर

**सरायकेला, एजेंसी।** जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की ताला इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में शनिवार रात बॉयलर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में मृतक का बेटा गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान भाटिया बस्ती निवासी मदन प्रसाद के रूप में हुई है। जबकि घायल का नाम शुभम प्रसाद है। बताया जाता है कि हादसे के समय पिता–पुत्र वहीं काम कर रहे थे। मदन प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं शुभम प्रसाद गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। आदित्यपुर थाना थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अग्निशमन टीम को बुला कर आग को बुझाया गया।

### संगठन प्रभारी से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

**रांची, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल के आवासीय कार्यालय में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो ने मुलाकात की। उन्होंने झारकंड में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संवाद आपके साथ कार्यक्रम पूरे प्रदेश के हर जिला में किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम पांचों प्रमंडल में शुरू किया गया। सभी वरिष्ठ नेताओं ने पांचों प्रमंडल में स्थानीय नेताओं, जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और सभी कांग्रेसजनों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम किया। संगठन प्रभारी केसी वेनुगोपाल ने आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक चर्चा की और बूथ स्तर तक बूथ कमेटियों को सशक्त कैसे बनाया जाए, इसके दिशा–निर्देश दिए। इस मौके पर मदन मोहन शर्मा और रियाज अंसारी भी उपस्थित थे। इसकी जानकारी कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने दी।

### अधिवक्ता के पिता की चाकू से मारकर हत्या

**रांची, एजेंसी।** चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता के पिता की हत्या की चाकू मारकर हत्या का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुशांत सिंह के पिता अशोक सिंह की चाकू से मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शनिवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद गांव लेकर पहुंचे और शनिवार देर शाम पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि अशोक सिंह की हत्या जमीन विवाद में हुई है। इस मामले में पुलिस ने छह से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि अशोक सिंह (62) शुक्रवार को घर से 50 मीटर की दूरी पर अपनी भैंस को बांध रहे थे। इसी दौरान कई लोग आये और अशोक सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी फरार हो गये। जैसे ही घटना की जानकारी अन्य लोगों को मिली, वहां भीड़ जुटने लगी। पुलिस भी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। शव को पोस्टमार्टम के बाद शनिवार देर शाम गांव लाया गया और पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जमीन विवाद में हत्या हुई है। छह लोगों को मामले में पकड़ा गया है पूछताछ की जा रही है।

# अब सभी सरकारी अस्पतालों में होगी आंखों की सर्जरी

## हर जिले के लिए खरीदी जाएगी एक-एक फेको मशीन



**रांची, एजेंसी।** अब झारखंड के सभी जिलों के सदर अस्पतालों में फेको पद्धति से आंखों की सर्जरी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के 20 जिलों के सदर अस्पतालों के लिए एक-एक फेको मशीन खरीदने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रांची, दुमका, पलामू तथा हजारीबाग को छोड़कर सभी जिले सम्मिलित हैं। इन जिलों में पहले से ही यह सुविधा बहाल है।

स्वास्थ्य विभाग ने इस नई योजना के लिए 5।19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि संबंधित जिलों को जारी कर दी गई है। फेको मशीन के लिए अधिकतम दर भी तय कर दी गई है।

रांची सिविल सर्जन की रिपोर्ट पर यहां सांसद मद से खरीदी गई मशीन की दर को ही आधार बनाकर यह स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत प्रत्येक मशीन के लिए 25।94 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बताते चलें कि जिलों में इस मशीन की उपलब्धता नहीं होने के कारण आंखों की सर्जरी नहीं हो पाती थी। इसके लिए मरीज को रांची या दूसरे शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब इन जिलों में ही आंखों की सर्जरी हो सकेगी। इन जिलों में नेत्र चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है। अन्य मानव संसाधन आउटसोर्स से बहाल किए जाएंगे।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पलामू और गिरिडीह जिलों में दो सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत 769।58 करोड़ की वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी है।नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहागीरदार ने यह जानकारी दी है। परियोजना के पूरा होने पर पलामू में पाइपलाइन के माध्यम से जिले के आठ प्रखंडों में 11,000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित की जा सकेगी।

गिरिडीह में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना से पीरटांड प्रखंड के 197 गांवों में से 165 गांवों को इसका लाभ मिलेगा। जिससे 10158 हेक्टेयर की सिंचाई योग्य भूमि का विकास होगा।इन दोनों परियोजनाओं के माध्यम से इन जिलों में कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि (आरआइडीएफ) के अंतर्गत झारखंड को नाबार्ड से मिलने वाली वित्तीय सहयोग का आंकड़ा 1017 करोड़ तक पहुंच गया है।

जहांगीरदार ने बताया कि आरआइडीएफ के स्थापना के बाद से झारखंड को अब तक लगभग 24,300 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है।

## गिरीडीह में साढ़े 3 लाख लोगों का बिजली बिल माफ, किसे मिल रहा योजना का लाभ



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के तीन लाख 53 हजार 293 उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ हो गया। मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत इन सभी ग्राहकों का बिजली बिल माफ (शून्य) हुआ है। गुरुवार को टाउन हॉल में सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी प्रमाण-पत्र दिया। इस योजना के तहत कम बिजली इस्तेमाल करने वालों का बिल माफ किया गया है। इस दौरान करीब 3 अरब से ज्यादा का बिजली बिल माफ किया जा चुका है।

बिजली उपभोक्ताओं के बिल माफी को लेकर बात करते हुए जीएम प्रतोष कुमार ने कहा कि पांच अक्तूबर तक शिविर लगाकर उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल जो माफ हुआ है, उन्हें प्रमाण-पत्र देने का काम किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता मृणाल गौतम ने कहा कि योजना के तहत वैसे घरेलू उपभोक्ताओं जो 200 यूनिट या उससे कम का प्रतिमाह बिजली खपत करते हैं, उनका बिजली बिल माह अगस्त तक माफ किया गया है।

जिले में 375 करोड़ 43 लाख 31 हजार 683 रुपए का बकाया बिजली बिल को शून्य किया गया है। जेई अमित कुमार ने कहा कि शहर के 6600 उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिला है। इसके अलावा ऐसे लोगों का बिल माफ किया गया है जो इस योजना के तहत लाभार्थी होने की योग्यता रखते हों। सर्टिफिकेट वितरण में मौके पर एसडीओ मधुसूदन मांजी, सुरजीत उपाध्याय, जीतू आदि थे।दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने भी दिल्लीवासियों को फ्री बिजली की सुविधा दे रखी है। हालांकि, इसके लिए एक शर्त है कि यह फ्री सुविधा ऐसे लोगों को ही मिलती है, जो प्रति महीने सिर्फ 200 यूनिट बिजली का इस्तेमाल करते हैं। इससे ज्यादा बिजली का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को पूरा बिजली का बिल देना पड़ता है।

# एचईसी में रावण का पुतला अचानक खुद ही जल गया



**रांची , एजेंसी।** एचईसी में रावण का पुतला अचानक खुद ही जल गया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद अतिथि देखते रह गए। पढ़ें स खबर में कि क्या है पूरा मामला दरअसल रांची के एचईसी में हर साल की भांति इस वर्ष भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शालीमार मैदान में आयोजित कार्यक्रम में रावण और कुंभकर्ण के 55 फिट के पुतले लगाए गए थे। इस वर्ष वाटर प्रूफ पुतलों का निर्माण करवाया गया था। साथ ही लंका दहन के लिए लंका भी बनाया गया था। शनिवार की शाम रावण दहन समिति ने कार्यक्रम की शुरुआत की। बतौर मुख्य अथिति झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश समेत कई गणमान्य मौके पर मौजूद रहे।

शानदार आतिशबाजियों के साथ रावण दहन कार्यक्रम शुरू किया गया। हजारों की संख्या में मौजूद स्थानीय लोग आतिशबाजी का लुत्फ उठा रहे थे। अथितियों के संबोधन के बाद सभी मंच से उतरकर मैदान में बने लंका की ओर बढ़ने लगे। तभी एक पटाखा नीचे ही फट गया और चिंगारी रावण के पुतले पर जा लगी। कागज, पोरा और बांस से बने पुतले को मानों उस एक चिंगारी की ही जरूरत थी। एक चिंगारी ने रावण के पुतले को जला दिया। सभी अतिथि और मौके पर मौजूद लोग देखते रह गए। क्षणभर में रावण का पुतला जमीन पर था। खैर रावण के पुतले के समय से पहले जलने से सभी में निराशा तो थी, लेकिन अब कुछ बदला नहीं जा सकता था। फिर अतिथियों ने लंका दहन किया और उसके बाद कुंभकर्ण के पुतले में आग लगाई। कुंभकर्ण का पुतला जलने के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

### बेरमो प्रखंड कार्यालय में खुला पुस्तकालय

**बोकारो, एजेंसी।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने गुरुवार को बेरमो प्रखंड कार्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन किया। विधायक श्री सिंह ने बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जो बच्चे कंपीटीशन की तैयारी कर रहे हैं और किताबें महंगी होने के कारण वह खरीद नहीं पाते हैं, वैसे बच्चे यहां आकर अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। साथ ही आम जन अपने जरूरत की किताबें यहां आकर पढ़ सकते हैं। बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि यह पुस्तकालय आम जनों के लिए खोला गया है, जो कि प्रखंड कार्यालय के शांत स्थान पर उपलब्ध हॉल में है। बताया कि यहां जिला प्रशासन द्वारा कुल 3407 किताबें उपलब्ध करायी गयी है। यहां किताबों को रखने के लिए छह आलमीरा, छह टेबल व 25 कुर्सी उपलब्ध है। यहां एक साथ 25 लोग बैठ कर किताबें पढ़ सकते हैं। पुस्तकालय में प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित, साहित्यिक, धार्मिक, मनोरंजन, संविधान संबंधी, उपन्यास, मनोरंजन आदि कई तरह की पुस्तकें उपलब्ध हैं। कहा कि हर उम्र के लोगों के लिए यहां किताबें उपलब्ध है। बताया कि आइआइटी, नीट, सिविल सर्विसेज सहित कई प्रतियोगिता परीक्षा की किताबें उपलब्ध हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, जेइ अजीत साह, नप कर्मी राजीव रंजन कुमार, अरुण सिंह, मुकेश सिंह, प्रदीप यादव, विनय फुलको, साहेब अंसारी, सुधांशु सिंह,

## मेला घूमने के दौरान मारपीट में घायल युवक की मौत, आक्रोशितों ने लालपुर चौक किया जाम



**रांची, एजेंसी।** मेला घूमने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की शनिवार देर रात मौत हो गयी। मृतक की पहचान रोहित मुंडा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से लालपुर थाना क्षेत्र के लोहराकोचा का रहने वाला था। रोहित मुंडा की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार की सुबह लालपुर चौक जाम कर दिया। उग्र भीड़ घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशितों को समझा-बुझा कर जाम हटाने का प्रयास कर रही है। लालपुर चौक पर जाम लगने की वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही रहा है।

### दो दिन पहले मेला घूमने के समय कुछ युवकों के साथ हुई थी मारपीट

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रोहित अपने साथियों के साथ दो दिन पहले मेला घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान रातू रोड चौक के आसपास कुछ युवकों से उसकी मारपीट हुई थी। इस घटना में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार की देर रात उसकी मौत हो गयी।

# विजयदशमी पर शस्त्र पूजन करने आर्मी कैंप पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



**रामगढ़, एजेंसी।** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विजयदशमी का त्योहार सेना के जवानों के बीच मनाया। शनिवार को वह रामगढ़ आर्मी कैंप पहुंचे। यहां उन्होंने पंजाब रेजिमेंटल सेंटर और सिख रेजीमेंटल सेंटर के जवानों के साथ शस्त्र पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की आराधना की, साथ ही शस्त्र पूजन कर जवानों का भी हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज दशहरे का पर्व है। आज असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत की गाथा गाई जाती है।

आज शक्ति की पूजा, शस्त्र पूजा, हमारी संस्कृति का मूल आधार है। इससे अच्छा दिन कुछ हो नहीं सकता कि मैं जवानों के बीच हूं। उन्होंने बताया कि वीर जवान अपने परिवार से दूर होकर मां भारती की सेवा में लगे रहते हैं। उन्हें अपने परिवारों की कमी ना खले इसलिए आज मैं उनके बीच मौजूद हूं। यही वजह है कि पिछले 4 महीने के दौरान वे लगातार जवानों से बात करने के लिए उनके बीच जाते रहते हैं। भारतीय सेना दुनिया की किसी भी सेना से कम नहीं है।

**हमारी आत्मनिर्भरता लिख रही देश की विकास की गाथा :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आज हम 70त्न आत्मनिर्भर हो चुके हैं। यह आत्मनिर्भरता देश की विकास की पहचान है। वर्ष 2047 में जब हम आजादी के 100वीं वर्षगांठ को मानेंगे, तब हम दुनिया के शिखर पर होंगे। यह छावनी 1941 से मौजूद है। 1967 से पंजाब रेजिमेंटल सेंटर और सिख रेजीमेंटल सेंटर यहां काम कर रहा है। इस स्थान ने गुरु गोविंद सिंह जी की प्रेरणा को आत्मसात कर लिया है। यह आर्मी कैंप हमारा मस्तक है। इसकी वीर गाथा का लोहा पूरी दुनिया मानती है। वीर जवान जितना पसीना बहाते हैं उतना ही वह मजबूती से खड़े रहते हैं। हमारा सौभाग्य है कि मैं जवानों के बीच हूं। उन्होंने सेना के सभी अधिकारियों को दशहरे की बधाई दी और उन्हें मिठाई खिलाकर त्यौहार मनाया। उन्होंने कहा कि वीर जवानों पर देश के 140 करोड लोगों को नाज है। उन्होंने वीर जवानों को शीश झुका कर नमन किया और कहा कि मातृभूमि की सेवा का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता।

## सस्ते में मोबाइल फोन खरीदने के चक्कर में पीडब्ल्यूडी के एइ से 1।07 लाख की ठगी

**देवघर, एजेंसी।** देवघर के पथ निर्माण विभाग के अवर प्रमंडल-2 में कार्यरत सहायक अभियंता (एइ) रेजाउल रहमान साइबर ठगी का शिकार हो गये। उन्हें एक अज्ञात मोबाइल धारक ने कॉल कर महंगे ब्रांडेड मोबाइल फोन सस्ते दामों पर दिलाने का झांसा देकर कुल 1।07 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। इस संबंध में एइ रेजाउल ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, घटना एक अक्तूबर की है, जब अज्ञात व्यक्ति ने नकली इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिये रेजाउल को फिशिंग मैसेज और धोखाधड़ी से संबंधित कॉल किये। उसने सैमसंग कंपनी के दो महंगे मॉडल, एस-23 और एस-24, को सस्ते दामों पर दिलाने का प्रलोभन दिया। इस झांसे में आकर एइ रेजाउल ने अपने एसबीआइ और एचडीएफसी बैंक की दुमका शाखा से पहले 39,000 रुपये, फिर 10,000 रुपये, उसके बाद 49,000 रुपये और आखिर में 9,800 रुपये कुल चार बार में कुल 1।07 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिये। पैसे ट्रांसफर करने के बावजूद रेजाउल को कोई मोबाइल नहीं मिला। जब उन्होंने उस अज्ञात व्यक्ति से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसने कॉल रिसीव करना भी बंद कर दिया। इसके बाद सात अक्तूबर को फिर से उसी व्यक्ति ने रेजाउल को कॉल कर और पैसे की मांग की और कहा कि इस बार पैसे मिलने के बाद वह मोबाइल की डिलीवरी कर देगा। इस पर रेजाउल को ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने साइबर थाना जाकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज करायी और अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# साहिबगंज वालों की बल्ले-बल्ले, रेलवे ने दे दी 2 सुपरफास्ट ट्रेनों की सौगात, वर्षों बाद पूरा हुआ सपना




**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी व अगरतला-आनंदविहार राजधानी के रूप में वर्षों बाद साहिबगंज को रेलवे की ओर से कुछ तोहफा मिला है। कोरोना काल में इस रूट से गुजरने वाली अपर इंडिया एक्सप्रेस व हावड़ा-दानापुर फास्ट पैसेंजर ट्रेन को बंद कर दिया गया। कई पैसेंजर ट्रेनों का भाड़ा बढ़ाकर एक्सप्रेस के बराबर कर दिया गया। लंबे समय से साहिबगंज से हावड़ा व साहिबगंज से रांची के लिए ट्रेन की मांग की जा रही थी।

आज भी रांची जाने के लिए मात्र एक ट्रेन है। ऐसे में साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी के रूप में एक मांग पूरी हुई है। अगरतला-आनंदविहार राजधानी में अब तक साहिबगंज से आरक्षण शुरू नहीं हो पाया है। साहिबगंज के कोटे में कितनी सीट आती है यह भी देखने वाली बात होगी। चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि साहिबगंज से हावड़ा तक ट्रेन की मांग लंबे समय से चैंबर आफ कामर्स करती रही है। डीआरएम, जीएम, सांसद, विधायक से मिल समस्या से अवगत कराया जाता था। प्रधानमंत्री तक कामर्स की तरफ से पत्र लिखा गया। आज वो सपना साकार हो गया। यहां का व्यवसाय कोलकाता से अधिक होता है। इस ट्रेन को चालू कराने में रेल मंत्री, मालदा डीआरएम, गोड्डा सांसद व राजमहल विधायक का सराहनीय योगदान रहा। माडल कालेज के प्राचार्य डा। रंजीत सिंह ने कहा कि आज साहिबगंज वासियों के लिए खुशियों का पल है। अष्टमी पूजा पर दो ट्रेनों का परिचालन साहिबगंज से होना गर्व की बात है। इस रूट में एक भी राजधानी नहीं थी। अब तेजस का ठहराव मिलने से दिल्ली जाना भी आसान होगा। समाजसेवी बोदी सिन्हा ने कहा कि रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य रहते हुए उन्होंने कई बार साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी के लिए आवाज उठाई। आज वह सपना पूरा हो गया। इसके लिए रेलमंत्री को बधाई। उन्होंने साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी में एसी चेयरकार व एसी थ्री की बोगी लगाने की मांग की।रेलवे ने गुरुवार को संताल परगना को दशहरा का तोहफा दिया। साहिबगंज से हावड़ा के लिए इंटरसिटी का परिचालन शुरू हो गया तथा तेजस राजधानी एक्सप्रेस का साहिबगंज स्टेशन पर ठहराव भी मिल गया।साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व गोड्डा सांसद डा। निशिकांत दुबे ने दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं साहिबगंज स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

# केस मैनेज करने के नाम पर ठगी मामले में ईडी की छापेमारी

**रांची, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) केस मैनेज करने के नाम पर ठगी मामले में शनिवार को चुटिया थाना क्षेत्र के सुजाता चौक के पास प्रदीप गुप्ता के घर पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि प्रदीप गुप्ता पूर्व में एक न्यायाधीश की गाड़ी चला चुका है। ईडी ने उसके छोटे बेटे को हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि ईडी की छापेमारी से पहले शुक्रवार की रात प्रदीप गुप्ता और उसका बड़ा बेटा प्रीतम गुप्ता घर छोड़कर फरार हो गए थे। यह पहली बार नहीं है जब ईडी ने इस मामले में कार्रवाई की है।

इससे पहले आठ अक्टूबर को ईडी ने रांची, धनबाद और पटना में इस मामले से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें अधिवक्ता सुजीत कुमार, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम, पूर्व अंचलाधिकारी सह धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, नामकुम के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण और जमीन कारोबारी संजीव पांडेय के ठिकाने शामिल थे। पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने इस मामले में जांच शुरू की थी। उल्लेखनीय है कि कांके जमीन घोटाला में गिरफ्तार किए गए कमलेश के करीबी जमीन कारोबारी संजीव पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर वकील सुजीत कुमार पर छह करोड़ रुपये ठगी करने का आरोप लगाया था। संजीव पांडेय ने सुजीत कुमार के खिलाफ दो दिन पूर्व पंडरा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई है। अपने आवेदन में संजीव ने लिखा है कि जो रुपये ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता को दिए गए थे, उसमें कांके सीओ रहे जयकुमार राम ने अमन नाम के एक आदमी से तीन करोड़ 40 लाख नकदी और एक आईफोन दिया गया था।

कांके के पूर्व सीओ और धनबाद डीटीओ दिवाकर द्विवेदी ने अपने भाई के माध्यम से एक करोड़ रुपये तथा नामकुम के पूर्व सीईओ प्रभात भूषण सिंह ने एक करोड़ रुपये दिए थे लेकिन इसके बावजूद ईडी की चार्जशीट में सभी का नाम आ गया। जब पैसे अधिवक्ता से वापस मांगे गए तब उसने किस्तों में पैसे देने की बात कही थी लेकिन बाद में अधिवक्ता के द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों पर अपहरण का मामला दर्ज करवा दिया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# नतीजों के निहितार्थ

जम्मू-कश्मीर ने कम और हरियाणा के नतीजों ने विशेषज्ञों को ज्यादा चौंकाया है। तमाम एग्जिट पोल के नतीजे खासकर हरियाणा में बुरी तरह से नाकाम हुए हैं और भारतीय जनता पार्टी ने यहां लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया है। भाजपा की यह जीत उसके मनोबल को बहुत बढ़ाएगी। वहां साल 2014 से लगातार भाजपा ही सत्ता में है, पिछली बार उसे बहुमत से कम सीटें मिली थीं, सरकार बनाने के लिए गठबंधन करना पड़ा था, पर इस बार उसे अकेले दम पर बहुमत हासिल होना बहुत मायने रखता है। अभी चार महीने पहले ही लोकसभा चुनाव के जो नतीजे आए थे, उसमें भाजपा और कांग्रेस के खाते में पांच-पांच सीटें गई थीं, जिससे यह अंदाजा लगाया गया था कि हरियाणा में लोग बदलाव चाहते हैं। एग्जिट पोल ने भी बदलाव का ही अनुमान लगाया था, पर हरियाणा में भाजपा के नेताओं को पूरा श्रेय देना होगा। पार्टी में असंतोष और शिकायतों के बावजूद उन्होंने अपनी सरकार बचा ली। दूसरी ओर, कांग्रेस को अति-आत्मविश्वास, नेताओं का असंतोष और शिकायतों का अंबार बहुत भारी पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हुए चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की है। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अकेले दम पर ही बहुमत के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। पीडीपी का प्रयोग नाकाम रहा है। अच्छी बात यह है कि यहां हवा अलगाववादियों के भी मुताबिक नहीं है। घाटी या कश्मीर के लोगों ने अब्दुल्ला परिवार पर पूरा विश्वास जताया है और उमर अब्दुल्ला जिस तरह से जमीनी आधार पर लोगों से वोट मांग रहे थे, उनका यह तरीका काम कर गया है। करीब पांच महीने पहले ही आम चुनाव में बुरी तरह हारने वाले उमर को विधानसभा चुनाव में अपनी दोनों ही सीटों पर मिली कामयाबी उनके खोए हुए आत्मविश्वास को लौटा देगी। मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि कश्मीर में जहां लोग नेशनल कॉन्फ्रेंस के पक्ष में हैं, वहीं जम्मू में लोग भाजपा के साथ गए हैं। जम्मू में भाजपा की सफलता और मजबूती का असर यह होगा कि श्रीनगर में सत्ता का संतुलन बना रहेगा। लोगों ने संतुलन बना दिया है और उसी संतुलन के अनुरूप नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को चलाना पड़ेगा। चुनाव का एक संदेश यह भी है कि अनुच्छेद-370 से घाटी के लोगों का अभी पूरा मोहभंग नहीं हुआ है।

## कांग्रेस के अति आत्मविश्वास ने डुबोई नैया

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों को धता बता चुके हैं। चुनाव पश्चात हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था। मगर नतीजे उसके ठीक उलट आए। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को नकार दिया। भाजपा को भी जम्मू क्षेत्र से जैसी बढ़त की उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हुई। कांग्रेस और नैशनल कांफ्रेंस ने मिल कर जरूरी बहुमत से अधिक सीटें जीत ली हैं। मगर तमाम चुनाव विश्लेषक और सर्वेक्षक हैरान हैं कि हरियाणा में भाजपा का जादू कैसे चल गया। बहुत सारे लोगों को अब तक नतीजों पर यकीन नहीं हो रहा। इसलिए कि चुनाव की घोषणा से पहले ही हरियाणा में भाजपा का विरोध शुरू हो गया था। कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की सीटें घट कर आधी रह गई थीं। विधानसभा चुनाव में सत्ताविरोधी लहर साफ देखी जा रही थी। चुनाव दो-ध्रुवीय हो गया था। टिकट बंटवारे के वक्त भाजपा कार्यकर्ताओं में पहली बार विद्रोह का स्वर भी फूटा था। कुछ नेता भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में लौट आए थे। इस तरह इस चुनाव को लेकर भाजपा भी संदेह से भरी हुई थी। हरियाणा में किसान, नौजवान, पहलवान और संविधान का मुद्दा कांग्रेस ने बढ़-चढ़ कर उठाया था। इसका असर भी नजर आ रहा था। किसानों और पहलवानों के मुद्दे पर कई जगह भाजपा नेताओं का बहिष्कार भी देखा गया। इसलिए जमीन पर यही लग रहा था कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ वापसी करने जा रही है। मगर नतीजे भाजपा के पक्ष में आए। जो भाजपा पिछली बार चालीस सीटों पर सिमट गई थी और उसे जजपा के साथ समझौता कर सरकार बनानी पड़ा थी, इस बार उसे स्पष्ट बहुमत मिल गया। ऐसा ही माहौल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के वक्त था। कांग्रेस की जीत साफ नजर आ रही थी, मगर वहां भाजपा ने स्पष्ट बहुमत से कहीं अधिक सीटें हासिल कर ली थी। हरियाणा नतीजों के बाद भी फिर से मतदान मशीन पर शक जाहिर किया जाने लगा है।

# राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कर पाएंगे प्रशांत किशोर?

(उमेश चतुर्वेदी)

*देवेंद्र यादव के सितारे इन दिनों गर्दिश में हैं तो पवन वर्मा को बाद के दिनों में नीतीश ने भाव नहीं दिया। जिस तरह केजरीवाल की राजनीति से उन लोगों ने ज्यादा उम्मीद लगाई और साथ दिया, जिन्हें पारंपरिक दल तवज्जो नहीं देते थे, कुछ वैसा ही हाल प्रशांत किशोर की नवेली पार्टी का भी दिख रहा है।*

बिहार की राजनीति के संदर्भ में प्रशांत किशोर की राजनीतिक पारी की पड़ताल करने से पहले एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वे बिहार की राजनीति में तीसरा स्तंभ भी बन पाएंगे? बिहार में यूं तो छोटे-बड़े कई राजनीतिक दल हैं, लेकिन मोटे तौर पर राज्य की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान तमाम रैलियों का गवाह रहा है, लेकिन इस मैदान में आधी सदी के अंतर पर हुई दो रैलियों में कम से कम बिहार की अवाम एक समानता देख रही है। पांच जून 1974 को 72 साल के बुजुर्ग जेपी ने संपूर्ण क्रांति का नारा देकर इंदिरा की सर्वशक्तिमान सत्ता को उखाड़ने की पूर्व पीठिका रच दी थी। इस बार इंदिरा की सत्ता उखाड़ने जैसा कोई लक्ष्य तो नहीं है, लेकिन गांधी जयंती के अगले दिन तीन अक्टूबर को 47 साल के प्रशांत किशोर से बड़ी उम्मीदें लगा रखी हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या प्रशांत किशोर अपनी पार्टी के जरिए जनसुराज की बयार बिहार की धरती पर बहा पाएंगे या फिर बदलाव की राजनीति का दावा करने वाले दूसरे लोगों की तरह वे भी पारंपरिक राजनीति का ही हिस्सा बन जाएंगे? वैसे बिहार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्हें ठीक उसी तरह प्रशांत किशोर से उम्मीद नहीं है, जैसी नाउम्मीदी पारंपरिक दलों से है। बिहार की राजनीति के संदर्भ में प्रशांत किशोर की राजनीतिक पारी की पड़ताल करने से पहले एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वे बिहार की राजनीति में तीसरा स्तंभ भी बन पाएंगे? बिहार में यूं तो छोटे-बड़े कई राजनीतिक दल हैं, लेकिन मोटे तौर पर राज्य की राजनीति दो खेमों में बंटी हुई है। राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाले गठबंधन में तमाम तरह की वैचारिकी वाले कई दल शामिल हैं, जिनमें देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी तो है ही, वामपंथी दल भी हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की अगुआई में नीतीश कुमार का जनता दल यू, जीतनराम मांझी की हम, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी शामिल है। इस दो खेमे की राजनीति के बीच में यह सवाल उठना वाजिब है कि क्या प्रशांत किशोर इन दोनों गठबंधनों के बीच अपनी तीसरी राह बना पाएंगे ? बिहार की राजनीति का जब भी संदर्भ आता है, गर्व भाव से उसे याद किया जाता है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में बिहार के बेटे ने कुंवर सिंह ने जहां देश को नई दिशा दिखाई, स्वाधीनता संग्राम में जयप्रकाश नारायण ने भी नौजवानों को उसी अंदाज में जगा दिया था। इन्हीं जयप्रकाश को दूसरी आजादी का नायक का भी सम्मान हासिल है। बिहार की राजनीति का जब भी बखान होता है, तब इन ऐतिहासिक चरित्रों के हवाले से यह दावा जरूर किया जाता है कि बिहार की राजनीति भविष्य की राजनीति को प्रभावित करती है। इसे उलटबांसी ही कहा जा सकता है कि जिस बिहार की धरती का गौरवबोध वैशाली के गणतंत्र से भर उठता है, जिसे बुद्ध और महावीर की धरती का गौरव हासिल है, उसी बिहार की धरती आज के दौर में जातिवादी राजनीति में ही अपना आज का गौरव ढूंढने में गर्व महसूस करती है। दिलचस्प यह है कि बिहार की राजनीति को लेकर गर्वबोध से भरा रहने वाला समाज भी अपनी धरातली सोच में जातिवादी बोध को अलग नहीं कर पाता। फिर भी बिहार में एक वर्ग ऐसा भी है, जो बिहार के मौजूदा पिछड़ेपन से चिंतित रहता है। जिसे इस यह बात सालती है कि उसके राज्य के हर गांव की जवान आबादी का बड़ा हिस्सा दुनियाभर में दिहाड़ी मजदूर बनने को मजबूर है। इसी वर्ग की उम्मीद बनकर प्रशांत किशोर उभरे हैं। प्रशांत किशोर से आस लगाए वर्ग को बिहार की दरिद्रता, बिहारी लोगों का राज्य के बाहर मिलने वाला अपमान सालता है। इसलिए वे चाहते हैं कि प्रशांत किशोर उभरें और राज्य की जाति-धर्म वाली राजनीति को बदलें। बिहार की बदहाली को दूर करें। किसी भी नया काम करने वाले को समाज पहले हंसी उड़ाता है, इसके बावजूद अगर वह रूका नहीं तो उसे कुछ उपलब्धियां हासिल होने लगती हैं। इससे समाज के स्थापित प्रभु वर्ग को परेशानी होने लगती है। तो वह उन उपलब्धियों की अनदेखी करने लगता है। फिर भी व्यक्ति रूकता नहीं तो उसकी उपलब्धियों को वही समाज नोटिस लेने लगता है और आखिर में उसे सर आंखों पर बैठा लेता है। प्रशांत किशोर इस प्रक्रिया के दो चरणों को पार कर चुके हैं। अब उनकी उपलब्धियों का बिहारी राजनीतिक दल नोटिस लेने लगे हैं। हालांकि उन्हें बार-बार पांडेय बताकर जातिवादी त्रिशूल से उन्हें बेधने की राजनीतिक कोशिश भी हो रही है। दिलचस्प यह है कि उनके ब्राह्मण होने का प्रचार बार-बार आरजेडी की तरफ से हो रहा है। जिसका पूरा राजनीतिक वजूद ही मुस्लिम और यादव समीकरण पर टिका है। प्रशांत किशोर ने दो साल तक लगातार बिहार की पदयात्रा की है। जनसुराज यात्रा के नाम से हुई इस यात्रा के जरिए उन्हें ज्यादातर उत्तरी बिहार को अपने कदमों तले नापा है। इसके जरिए उन्होंने अपना बड़ा समर्थक वर्ग तैयार किया है। जिसमें जाति और धर्म से इतर सोचने वाले युवाओं की अच्छी-खासी फौज है। तीन अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में इस वर्ग की उपस्थिति जहां प्रशांत किशोर से आस लगाने का आधार उपलब्ध कराती है तो बिहार के दूसरे पारंपरिक दलों के लिए चिंता का सबब भी बनती है। इसी चिंता से बिहार के पारंपरिक दल चिंतित हैं। राजनीतिक दल उस दल के उभार से ज्यादा चिंतित होते हैं, जिनसे उनके पारंपरिक आधार वोट बैंक के छीजने का खतरा ज्यादा होता है। लेकिन प्रशांत किशोर हर वर्ग के उन युवाओं के प्रेरणा केंद्र बनते दिख रहे हैं, जिनके लिए बिहार का बदलाव प्राथमिक लक्ष्य है। जिन्हें यह बदलाव जाति और धर्म की बजाय मेरिट पर होने की उम्मीद है। लेकिन क्या प्रशांत किशोर इस जाति-धर्म की राजनीति से सचमुच दूर हैं? बिहार की राजनीति पिछली सदी के नब्बे के दशक से कमंडल और मंडल खेमे के बीच झूलती रही है। जाति और धर्म की अनदेखी करने का दावा करने वाले प्रशांत किशोर इससे आगे दलितवाद की ओर आगे बढ़ते दिख रहे हैं। दिलचस्प यह है कि उनकी टीम में केजरीवाल की टीम जैसे पूर्व नौकरशाह और समाजसेवी की भीड़ दिखती है। जनता दल, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद रहे देवेंद्र यादव, जनता दल यू के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व राजनयिक पवन वर्मा, पूर्व राजनयिक मनोज भारती प्रशांत किशोर के सहयोगी हैं।

# अमेरिकी महा-मुकाबले का आखिरी दौर

(फ्रैंक एफ इस्लाम, अमेरिकी उद्यमी व समाजसेवी)

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दौड़ अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। 5 नवंबर को मत डाले जाएंगे, यानी मतदान में एक महीना भी नहीं बचा है। राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति पद के लिए होने वाली बहस पूरी हो चुकी है और कई राज्यों में प्रारंभिक मतदान भी शुरू हो चुके हैं। इसका मतलब है कि मतदाताओं का एक हिस्सा अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुका है। दोनों प्रमुख उम्मीदवार- डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी व मौजूदा उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन उम्मीदवार व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जरूरी वोट की उम्मीद में अब देश भर में घूम रहे हैं। इस समय विशेषकर, एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, नेवादा, उत्तरी कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया, विस्कॉन्सिन जैसे अहम राज्यों के जनमत सर्वेक्षण बता रहे हैं कि इन दोनों प्रत्याशियों की दौड़ फिलहाल बराबरी पर है। हैरिस को जरूर कुछ फायदा मिलता हुआ दिख रहा है, लेकिन मत-संख्या के हिसाब से यह बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग रहा। राजनीतिक विश्लेषक बेहद नजदीकी मुकाबले की संभावना जता रहे हैं और मतों को लेकर बहुत संतुष्ट नहीं हैं। पिछले 10 चुनावों में से नौ में सटीक भविष्यवाणी करने वाले अमेरिकन यूनिवर्सिटी के इतिहासकार एलन लिक्टमैन भी उप-राष्ट्रपति को बढ़त दे रहे हैं, पर सर्वेक्षणों की तरह वह भी मुकाबले को काफी नजदीकी मान रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रपति चुनाव का माहौल उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की दावेदारी के बाद बदला। उनका नाम तब सामने आया, जब राष्ट्रपति जो बाइडन ने बीमारी का हवाला देकर यह चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। बाइडन तमाम सर्वेक्षणों में ट्रंप से पीछे चल रहे थे और ट्रंप भी बाइडन की कमजोर नसें लगातार दबा रहे थे। वह उनकी उम्र, कार्यकाल, महंगाई व आव्रजन चुनौती आदि मसलों पर लगातार हमलावर थे। मगर ट्रंप की तुलना में अधिक युवा और सक्रिय कमला हैरिस के मैदान में आते ही पूरा समीकरण बदल गया। हैरिस विशेष रूप से डेमोक्रेटिक मतदाताओं और उदार वोटरों पर अपनी पकड़ बनाने में सफल साबित हुई हैं। उनका चुनाव अभियान बाइडन की नीतिगत सफलता को आगे बढ़ाने, खुद को डेमोक्रेटिक पार्टी का नया चेहरा पेश करने और देश को आगे ले जाने के वायदे के आस-पास केंद्रित है। इसी का नतीजा है कि चुनावी दौड़ काफी नजदीकी और दिलचस्प बन गई है। हालांकि, आने वाले हफ्तों में काफी कुछ बदल भी सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि राष्ट्रपति चुनाव का अभियान काफी अप्रत्याशित होता है और चुनाव न सिर्फ प्रत्याशियों द्वारा, बल्कि बाहरी घटनाओं से भी प्रभावित होता है। इनमें से कुछ घटनाएं तो राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल सकती हैं। राष्ट्रपति पद के लिए पूर्व में चुनाव लड़ चुकीं डेमोक्रेट हिलेरी क्लिंटन ने हाल ही में अपने एक भाषण में 'अक्तूबर सरप्राइज' की उचित याद दिलाई। 'अक्तूबर सरप्राइज' उस अप्रत्याशित घटना को कहते हैं, जो चुनाव के अंतिम दिनों में हवा का रुख बदल देती है। हिलेरी क्लिंटन खुद भी इसकी शिकार रही हैं, जब साल 2016 में एफबीआई निदेशक जेम्स कॉमी की आखिरी वक्त में उनकी ई-मेल जांच के बारे में की गई घोषणा से चुनावी बयार अचानक बदल गई। अधिकांश विश्लेषक मानते हैं कि इसी कारण हिलेरी क्लिंटन को हराने में ट्रंप सफल रहे, जबकि जनमत सर्वेक्षणों में वह भारी अंतर से आगे चल रही थीं। इस साल भी अक्तूबर में चार 'घटनाएं' हुई हैं, जो चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती हैं। पहली, हेलेन तूफान के कारण हुई अभूतपूर्व तबाही। इसने पिछले दिनों छह दक्षिण-पूर्वी राज्यों को प्रभावित किया। इस तूफान में 200 से अधिक लोगों के मारे जाने और लाखों डॉलर के नुकसान की खबर है। बेशक, कई प्रभावित राज्यों में रिपब्लिकन गवर्नर हैं, लेकिन मतदाता इस संकट से निपटने में बाइडन प्रशासन की सक्रियता को मतदान करते हुए आंक सकते हैं। दूसरी, मध्य-पूर्व में बढ़ता तनाव, खासतौर से इजरायल और ईरान का संकट, जिसने एक अलग तरह की चुनौती पेश की है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5521

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5520

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5521

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | |
| | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | ■ |
| ■ | 14 | | ■ | | ■ | 15 | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | ■ | 19 | | |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं
1. यह देश शतरंज का जन्म स्थान है (3)
3. इस देश का जनतंत्रात्मक गणराज्य मध्य एशिया में है जिसकी राजधानी ऊलान बटोर है (4)
6. वाद्यों के कुछ बोलों का क्रमबद्ध मिनान, दुर्दशा, दुर्गति (2)
7. पहलू, पार्श्व स्थान, समीप का स्थान (3)
8. प्रतिशोध, प्रतिकार (3)
9. दर, मूल्य, कीमत, सत्ता (2)
10. चित्रकला में लता की आकृति का अंकन, बेल, लता (3)
11. नेत्र, आंख, नयन (2)
12. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार (3)
14. जनहीन, एकांत, निर्जन (2)
15. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (4)
17. एक प्रसिद्ध पंजाबी गीत (2)
18. स्वीकृत सूचक शब्द (1)
19. उल्लास, खुशी, हर्ष, मन का सुख (3)
20. यह अवस्था रोमांटिक कहलाती है (3)
21. अप्रसन्नता, नाराज, रूष्ट (3)

ऊपर से नीचे
1. भाग्योदय होना, तकदीर चमकना (5)
2. मनोयोग से लगा हुआ, आसक्त (2)
3. कार्यारम्भ के पूर्व की जाने वाली मंगल स्तुति, मांगलिक मंत्र (6)
4. वृत्ताकार रचना, गोलाकार पिंड (2)
5. घूमने-फिरने वाला व्यक्ति, घुमक्कड़ (4)
7. दुराचारी, बुरा, खराब (2)
8. वर्षा करना, लगातार प्रहार करना (4)
13. इस प्रसिद्ध दिवंगत निर्माता-निर्देशक अभिनेता की पहली फिल्म हम एक है थी (1946) (4)
14. योद्धा, बहादुर (3)
16. निंदनीय अहंकार, नशा, मतिभ्रम (2)
17. नायक को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
19. किसी वस्तु को प्राप्त करने की आकांक्षा और अल्प निश्चय (2)

### वर्ग पहेली 5520 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | विं | द | व | ल्ल | भ | पं | त |
| ल | ग | ना | ■ | ■ | र | च | ना |
| ■ | ■ | द | ■ | बे | ना | म | ■ |
| कं | ■ | न | र्म | दा | ■ | ■ | वि |
| च | क्षु | ■ | ■ | री | ना | रा | य |
| न | ■ | मौ | सा | ■ | जा | ग | ना |
| जं | ग | ■ | र | ■ | या | ■ | ■ |
| घा | त | ति | थि | ■ | ज | यं | त |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन बेहद शुभ है। आपके सारे काम बिना किसी रुकावट के पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपसे आगे निकलने की कोशिश करेंगे और इसके लिए गलत तरीके भी अपना सकते हैं। हालांकि, आज का दिन कोई नया काम शुरू करने के लिए सही नहीं है। शाम को आप अपना समय परिवार के साथ बिताएंगे तो खुशी होगी।

### वृष
आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। एक तरफ आपको अपने काम में सफलता मिलेगी, लेकिन दूसरी तरफ आपको कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ सकता है। आपको अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आप दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने की कोशिश में खुद को नजरअंदाज कर सकते हैं।

### कर्क
आज का दिन लाभ से भरा होगा। आपको रुका हुआ धन मिल सकता है। किसी बुजुर्ग महिला का आशीर्वाद मिलने से आपको तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। लंबे समय से चला आ रहा कोई विवाद खत्म होगा। आपको कोई ऐसी परेशानी आ सकती है, जिसमें आपको अपने परिवार वालों से मदद लेनी पड़ सकती है।

### सिंह
आज करियर में तरक्की के योग हैं। आपके लिए धन लाभ के भी अच्छे संयोग बन रहे हैं। आज आपको धन कमाने के नए रास्ते मिलेंगे। आपके विरोधी परेशान होंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा और आपकी योजनाएं पूरी होंगी। व्यापार में निवेश करना फायदेमंद रहेगा।

### मिथुन
आज का दिन अच्छा रहेगा। आपका झुकाव अच्छे कामों की तरफ रहेगा। पहले लिया गया कोई फैसला आज आपको फायदा पहुंचा सकता है। संतान के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। रुके हुए काम पूरे होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लोगों से मेलजोल बढ़ेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

### कन्या
आज करियर में सफलता के योग हैं। आपके घर में धन-धान्य में वृद्धि होगी। व्यापार में आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपको तरक्की मिलेगी। धन लाभ होगा और आपके दुश्मन आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। आपकी मनोकामना पूरी होगी और आपके सारे काम पूरे होंगे।

### तुला
आज का दिन सामान्य रहेगा। आपको अपने हर काम में किस्मत का साथ मिलेगा। लेकिन कार्यक्षेत्र में कोई आपके खिलाफ साजिश कर सकता है, इसलिए सावधान रहें। सांसारिक सुखों पर खर्च होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। पुराना मनमुटाव खत्म होगा और रिश्ते बेहतर होंगे। नया परिचय दोस्ती में बदलेगा और उससे आगे चलकर आपको फायदा होगा।

### वृश्चिक
आज करियर के लिहाज से आज का दिन अच्छा है। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कहीं से रुका हुआ पैसा मिल सकता है, जिससे आप अपनी नई योजनाओं को शुरू कर सकेंगे। पुण्य के कामों में खर्च होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपसे परेशान रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है।

### मकर
आज करियर के मामले में आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता आपके पक्ष में हो सकता है। अगर आप अपनी बात लोगों तक पहुंचाने में कामयाब रहे तो आने वाले समय में आपको फायदा होगा। आपके वरिष्ठ आपकी तारीफ करेंगे।

### कुंभ
आज करियर के मामले में आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छे लोगों का साथ मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। उच्चाधिकारियों की कृपा से आपकी कोई जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्या सुलझ सकती है। शाम के समय आपकी तबियत थोड़ी खराब हो सकती है। ध्यान रखें और आज किसी को उधार न दें, नहीं तो आपके रिश्ते खराब हो सकते हैं।

### धनु
आज का दिन भाग्यशाली रहेगा। काफी समय से रुका हुआ कोई काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। इस खुशी में आप अपने परिवार वालों को भी शामिल करेंगे। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। व्यापार में भी आपको सफलता मिलेगी। संतान के करियर में हो रही तरक्की को देखकर आप खुश होंगे। कोई शुभ समाचार मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा।

### मीन
आज का दिन सफलता भरा रहेगा। लेकिन आपको अपनी मेहनत से ही सफलता मिलेगी। आय कम और खर्च ज्यादा होने से आपका मन थोड़ा खराब हो सकता है। किसी काम के लिए आपको व्यर्थ में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपके छिपे हुए दुश्मन आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। सूर्यास्त के बाद आपको थोड़ी राहत मिलेगी और आपका मन प्रसन्न रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### बरसों से हल्के में लिया, बैलेट बॉक्स के जरिए यह बदला लेने का समय- राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने दशहरे के मौके पर जोरदार भाषण दिया। उन्होंने मतदाताओं से आगामी चुनावों को अपने भविष्य पर नियंत्रण करने के अवसर के रूप में लेने की गुहार लगाई। उन्होंने इस उत्सव के अवसर को राजनीतिक परिवर्तन का सही समय बताया और और महाराष्ट्र के लोगों से शमी के पेड़ से हथियार हटा लेने की सीधी अपील की, जो युद्ध के लिए तैयार होने का प्रतीकात्मक संदर्भ है। उन्होंने कहा कि यह पॉलिटिकल क्लास से बदला लेने का वक्त है जो बरसों से उन्हें हल्के में लेता रहा है। पॉडकास्ट के जरिए लोगों को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने कहा, आज दशहरा है और यह साल के सबसे शुभ दिनों में से एक है। मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इस दिन हम पारंपरिक रूप से सोने के प्रतीक के तौर पर शमी के पेड़ की पत्तियों का आदान-प्रदान करते हैं। मगर, वर्षों से महाराष्ट्र की असली संपत्ति लूट ली गई है जबकि हम इन पत्तियों को आपस में बांटने में लगे हैं। अब ऐक्शन लेने का समय है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वास्तविक प्रगति देने में विफल रह हैं। ठाकरे ने नागरिकों से अपील की कि आगामी चुनावों में वे आत्मसंतुष्ट न हों। राज ठाकरे ने कहा, सड़कें और फ्लाईओवर का निर्माण करना वास्तविक प्रगति नहीं है। मोबाइल फोन और गैजेट्स होने से विकास नहीं हो जाता है। सच्ची प्रगति तो सामूहिक तौर पर समाज के उत्थान से होगी। इतने बरसों के बाद भी, हम राजनीतिक वर्ग के झूठे वादों में फंसे हुए हैं और अभी भी अंधेरे में टटोल रहे हैं। ठाकरे ने इस दौरान मतदाताओं को लोकतंत्र में उनकी शक्तिशाली भूमिका की याद दिलाई। उन्होंने भारतीय पौराणिक कथाओं के पांडवों के रूपक का भी इस्तेमाल किया, जिन्होंने अपने हथियार शमी के पेड़ पर छिपाकर रखे थे। ठाकरे ने गुहार लगाई कि वे चुनाव के दौरान अपने सबसे शक्तिशाली हथियार (अपने वोट) का इस बार सही ढंग से इस्तेमाल करें।

### रूस में एमबीबीएस छात्रा की मौत, मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र से शव भारत लाने की अपील की

**भोपाल।** रूस में सड़क दुर्घटना में मध्य प्रदेश की रहने वाली एमबीबीएस छात्रा की मौत के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी बेटी का पार्थिव शरीर वापस लाया जाएगा। छात्रा के परिवार ने प्रदेश सरकार से अंतिम संस्कार के लिए शव वापस लाने की अपील की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार शव वापस लाने के लिए हर संभव मदद करेगी। एक अधिकारी ने बताया कि सीएम मोहन यादव ने राज्य गृह विभाग को निर्देश दिया है कि वह केंद्र सरकार से पीड़ित परिवार की मदद करने और शव लाने का अनुरोध करे। उन्होंने बताया कि विभाग ने विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर आवश्यक सहायता मांगी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएम मोहन यादव ने लिखा, मध्य प्रदेश सरकार ने रूस में अध्ययन कर रही कुमारी सृष्टि शर्मा के शव को भारत वापस लाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। परिवार के सदस्यों के अनुसार छात्रा के साथ यह दुखद घटना तब घटी जब कार का टायर अचानक गाड़ी से अलग हो गया, जिससे खिड़की खुल गई और छात्रा जमीन पर गिर गई।

### कांग्रेस की हार के जिम्मेदार भूपेंद्र सिंह हुड्डा, वह कांग्रेस का नाश करेंगे : गुरनाम चढ़ूनी

**कुरुक्षेत्र, एजेंसी।** किसान नेता और संयुक्त संघर्ष पार्टी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने हरियाणा में कांग्रेस की हार के पीछे भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ही उन्होंने चेतावनी दी थी कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस का नाश करेंगे और अब यह सच साबित हो गया है। चढ़ूनी ने कहा कि हमें लोकसभा चुनाव में एक टिकट देने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में भूपेंद्र सिंह मुकर गए। अगर वह अभय चौटाला के साथ समझौता करते और एक टिकट देते, तो उनकी पार्टी को हरियाणा में 9 सीटें मिल सकती थीं। उनके मुताबिक विधानसभा भूपेंद्र सिंह ने उनके साथ गद्दारी की। बोले, लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि मुझे रोहतक सीट पर समर्थन कर दो। हालांकि, उन्हें पूरे हरियाणा के लिए बात करनी चाहिए थी।

# केरल में हो रहे देश विरोधी अपराध, सीएम ने मुझे अंधेरे में रखा: राज्यपाल आरिफ मोहम्मद

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।**

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सत्तारूढ़ वामपंथी सरकार पर अपने हमले तेज करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य में हो रहे 'देश विरोधी अपराधों' को लेकर उन्हें अंधेरे में रखा। राज्यपाल ने यह भी कहा कि अब तक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ''मुख्यमंत्री की इजाजत के बिना'' नियमित रूप से राजभवन आते रहे हैं और अब ''उनका और स्वागत नहीं किया जाएगा।''



खान ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक बयान में कई 'देश-विरोधी गतिविधियों' और 'राज्य-विरोधी गतिविधियों' शब्दों का इस्तेमाल किया, इसका मतलब यह है कि मुख्यमंत्री मानते हैं कि राज्य में 'देश विरोधी अपराध' हो रहे हैं। राज्यपाल ने हाल ही में विजयन द्वारा उन्हें भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए यह बात कही। खान ने कहा, ''देश विरोधी अपराध क्या है। यह किस तरह की गतिविधि है। क्या यह अधिक गंभीर नहीं है? क्या आपको (मुख्यमंत्री) मुझे जानकारी नहीं देनी चाहिए थी? क्या यह आपका कर्तव्य नहीं था? आप अपने कर्तव्य को निभाने में विफल रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि जब देश के खिलाफ ऐसे अपराध किए जाते हैं तो उन्हें राष्ट्रपति तथा केंद्र सरकार को सूचित करना पड़ता है और इसके लिए जानकारी होना जरूरी है। खान ने कहा, ''इसलिए, मैंने जानकारी मांगने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार भी नहीं किया। उन्होंने 27 दिन बाद इसका जवाब दिया, जब मैंने मुख्य सचिव और डीजीपी को बुलाया। लेकिन, उन्होंने (मुख्यमंत्री) कोई जानकारी नहीं दी।'' उन्होंने कहा, ''वह (मुख्यमंत्री) राजभवन नहीं आते और वह उन्हें (मुख्य सचिव और डीजीपी) आने की इजाजत नहीं देते क्योंकि कुछ न कुछ छिपाया जा रहा है। इसलिए कुछ तो गड़बड़ है।'' उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव और डीजीपी नियमित रूप से राजभवन आते रहे हैं। खान ने कहा कि मुख्य सचिव विधानसभा सत्र के दौरान अध्यादेश जारी करने भी आए थे। राज्यपाल ने कहा, ''मैंने कहा कि ऐसा करना सही नहीं है क्योंकि विधानसभा सत्र है और इसकी फिर से समीक्षा करनी चाहिए। मुख्य सचिव फिर आए और कहा कि यह ठीक है। इसलिए, मैंने इस पर हस्ताक्षर किए। इसलिए, वे उस समय मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना आते रहे। अब उनका और स्वागत नहीं किया जाएगा।'' राज्य में जारी किसी भी कथित देश-विरोधी गतिविधियों के बारे में जानकारी मांगने के लिए खान द्वारा मुख्य सचिव और डीजीपी को तलब किए जाने के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच मतभेद बढ़ गया है।

## डांस प्रोग्राम के लिए आगरा बुलाकर बना लिया बंधक, गाजियाबाद की क्लब डांसर से 3 दिन तक दुष्कर्म



**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद की रहने वाली एक युवती को 3 दिन तक आगरा के फतेहाबाद मार्ग स्थित राजकमल अपार्टमेंट (ताजगंज) में कथित तौर पर बंधकर बनाकर दुष्कर्म किया गया। उसे देह व्यापार में धकेलने की तैयारी थी। युवती ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित युवती शुक्रवार की रात बदहवास हालत में ताजगंज पुलिस के पास पहुंची थी। उसने पुलिस को बताया कि वह क्लब डांसर है। राजकमल अपार्टमेंट में रहने वाले विनय गुप्ता ने उसके मैनेजर से संपर्क किया और आगरा में डांस प्रोग्राम के लिए उसे बुलाया। वह 8 अक्टूबर को आगरा आई थी। विनय गुप्ता उसे अपने साथ फ्लैट पर ले गया। वहां उसकी पत्नी मीरा गुप्ता भी मौजूद थी। मीरा ने उसे चाय बनाकर दी। चाय पीने के बाद वह बेहोश हो गई।

## नोएडा में पूर्व मेजर जनरल को डिजिटल अरेस्ट करने वाले 3 दबोचे, 2 करोड़ की ठगी के कहां तक जुड़े तार

**नोएडा , एजेंसी।**

नोएडा में रहने वाले सेना के एक रिटायर्ड मेजर जनरल को 4 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 2 करोड़ रुपये वसूलने वाले 3 साइबर ठगों को नोएडा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं। इन जालसाजों ने जिन बैंक खातों में ठगी गई रकम ट्रांसफर कराई थी, उन्हें भी फ्रीज करा दिया गया है।

एडिशनल डीसीपी साइबर क्राइम प्रीति यादव ने बताया कि नोएडा सेक्टर-31 में रहने वाले रिटायर्ड मेजर जनरल ने 27 अगस्त को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि ठगों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बनकर उन्हें विदेश भेजे जा रहे पार्सल में ड्रग्स समेत अन्य आपत्तिजनक सामान होने का डर दिखाया और उनसे रकम ट्रांसफर करवा ली। बैंक खातों की जांच में पता चला कि राजस्थान के जयपुर का एक गिरोह छात्रों और कर्मचारियों के खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर करवाता है। इसके बदले खाता धारकों को कमीशन मिलता है। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। टीम ने जयपुर के रहने वाले 30 वर्षीय कानाराम गुर्जर, अलवर के 22 वर्षीय ललित कुमार और 30 वर्षीय सचिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इस गिरोह के सरगना राजकुमार को मुंबई पुलिस 2 अक्टूबर को ही गिरफ्तार कर चुकी है। एडिशनल डीसीपी के अनुसार, तीनों गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उनके गिरोह के जालसाज वरिष्ठ नागरिकों और रिटायर्ड अधिकारियों को स्कॉइप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट कर लेते हैं और उन्हें डराकर रकम ट्रांसफर करवाते हैं।

**विदेश में बैठे सरगना राजस्थान के लोगों के खातों का ठगी में इस्तेमाल कर रहे :** डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह के तीन जालसाजों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। चीन, वियतनाम, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर में बैठे गिरोह के सरगना के निर्देश पर भारत में लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगा जा रहा है। ठगी की रकम राजस्थान के सीकर, जयपुर और अलवर में रहने वाले लोगों के खातों में ट्रांसफर कराई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हो रही, उनमें से ज्यादातर राजस्थान के हैं। इसके बाद 15 जुलाई 2024 को राजस्थान के सीकर गिरोह का पर्दाफाश किया गया।

# सरकार बनने पर हर जिले में होगा शिवाजी महाराज का मंदिर: उद्धव

### भाजपा पर खूब बसरे उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र की सियासत में दशहरा रैली हर साल राजनीतिक हलचल का केंद्र बनती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र की सियासत के दो प्रमुख चेहरे आज दो अलग-अलग जगहों पर रैलियों में शक्ति प्रदर्शन करते दिखे। एक तरफ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आजाद मैदान में जोरदार हुंकार भरते नजर आए, तो दूसरी तरफ शिवसेना यूबीटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे शिवाजी पार्क में अपने कार्यकर्ताओं में जोश से भरे हुए दिखाई दिए।



मुंबई के शिवाजी पार्क में पार्टी की दशहरा रैली को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, महायुति सरकार केवल वोटों के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति बनवाई और वह मूर्ति ढह गई, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं और आपसे वादा करता हूं कि जब हम सत्ता में आएंगे तो महाराष्ट्र के हर जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज का मंदिर बनाएंगे। छत्रपति शिवाजी महाराज उनके लिए वोट बैंक हैं, लेकिन हमारे लिए वह भगवान हैं। वह (महायुति) कह रहे हैं कि हिंदुत्व को बचाने के लिए एक साथ आओ, आपने या मोदी ने पिछले 10 वर्षों में हिंदुत्व को क्यों नहीं बचाया?

दशहरा रैली के मंच से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर सीधा निशाना साधा। उद्धव ने अपने आक्रामक भाषण के दौरान कहा कि आरएसएस को आज की हाइब्रिड बीजेपी पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या वह अब भी इसके साथ सहमत है। उन्होंने कहा, भाजपा कौरवों की तरह है, जिससे अहंकार की बू आती है। मैंने भाजपा से इसलिए नाता तोड़ लिया क्योंकि मैं हिंदुत्व के उसके स्वरूप में विश्वास नहीं करता।

वहीं शिवाजी पार्क में दशहरा रैली को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने महाविकास अघाड़ी (एमवीए) पर जमकर निशाना साधा। शिंदे ने कहा, पहले सबको लग रहा था कि हमारी सरकार 2-3 महीने में गिर जाएगी लेकिन सरकार ने 2 साल पूरे कर लिए। अगर (महा विकास अघाड़ी) सरकार नहीं हटाई होती तो महाराष्ट्र बहुत पीछे रह जाता। मैंने बिना रगड़े 2 साल पूरे कर लिए। मुझे हल्के में नहीं लीजिए, मैं भगोड़ा नहीं हूं, कट्टर शिवसैनिक हूं और कट्टर शिवसैनिक मैदान नहीं छोड़ता। शिंदे ने कहा, पहले लोग बाला साहब से मिलने आते थे, कहते थे कि मुझे मुख्यमंत्री बना दो लेकिन अब आपके (उद्धव ठाकरे) साथियों को आपकी शक्ल पसंद नहीं है, तो फिर ये महाराष्ट्र कैसे चलेगा। हम जो फैसला ले रहे हैं उससे उनके काले धंधे बंद हो गए हैं। हम फेसबुक लाइव नहीं बल्कि आमने-सामने काम कर रहे हैं। 1960 से शिवसेना हर साल दशहरे पर अपनी दशहरा रैली का आयोजन करती आई है, जिसकी शुरुआत शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने की थी। यह रैली शिवसेना की राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा रही है।

# कश्मीरी पंडितों को कश्मीर लौटना चाहिए और अपने घरों की देखभाल करनी चाहिए : फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला ने शनिवार को कश्मीरी पंड़ितों की वापसी का आह्वान किया। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद एनसी और कांग्रेस गठबंधन ने शुक्रवार को पार्टी बनाने का दावा किया। इस बारे में मीडिया से बात करते हुए अब्दुल्ला ने कश्मीरी पंडितों के सवाल पर कहा कि वह और उनकी पार्टी और वह कश्मीरी पंडितों की वापसी का इंतजार कर रहे हैं, जिन्हें 1990 के दशक की शुरुआत में पलायन के दौरान अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हमारे जो भाई-बहन यहां से चले गए हैं, वे घर वापस आएंगे। अब समय आ गया है, वे अपने घर लौट आएं।



अब्दुल्ला ने अपनी पार्टी की नीति बताते हुए कहा कि हमारी पार्टी हिंदु और मुसलमानों के बीच में भेदभाव नहीं करती। हम सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं। हम केवल कश्मीरी पंड़ितों के बारे में ही नहीं बल्कि जम्मू के लोगों के बारे में भी सोचते हैं। कश्मीरी पंडितों को घाटी में वापस लौटने का निमंत्रण देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर में सभी के लिए जगह है।

**हमारी पार्टी कश्मीरी पंडितों की दुश्मन नहीं- फारुख अब्दुल्ला:** नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीरी पंडितों को कश्मीर लौटना चाहिए और अपने घरों की देखभाल करनी चाहिए और उनका खुले दिल से स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उनकी वापसी के लिए सभी व्यवस्थाएं और पहल करेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे लगता है कि उनकी वापसी काफी समय पहले हो जानी चाहिए थी, उन्हें बहुत पहले ही वापस आकर अपने घरों में रहना चाहिए था। हमें उनके दुश्मन नहीं है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि जब वह यहां आए तो उन्हें पता चले कि हम उनके दुश्मन नहीं हैं। हम सभी भारतीय हैं और हम किसी को भी अपने साथ लेने के लिए तैयार हैं।

**हम बनाएंगे सरकार- उमर अब्दुल्ला:** एनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में बहुमत की सीटें जीतन के बाद शुक्रवार को हमने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। हमारी सरकार सभी लोगों के लिए होगी। लोगों ने हमें वोट देकर अपना भरोसा जताया है। अब हमारा काम है कि हम उन्हें बेहतर काम करके दें और उनके भरोसे पर खड़े उतरें।

जम्मू-कश्मीर में पिछले एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं, जिसमें कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन का बहुमत मिला है। आर्टिकल 370 हटाने के बाद पहली बार हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछले चुनाव के मुकाबले कम सीटें मिली हैं।

## नायब सिंह सैनी को जान से मारने की धमकी, जींद का रहने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि राज्य के जींद जिले में जुलाना में व्हाट्सएप ग्रुप पर यह धमकी दी गई थी। आरोपी की पहचान जींद जिले के देवरार निवासी अजमेर के रूप में हुई है। जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि अजमेर ने 8 अक्टूबर को राज्य में मतगणना के दिन व्हाट्सएप ग्रुप पर जान से मारने की धमकी दी थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, जैसे ही मामला पुलिस के संज्ञान में आया प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और अजमेर को गिरफ्तार कर लिया गया। मालू हो कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और ओलंपिक पहलवान विनेश फोगट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाजपा उम्मीदवार योगेश कुमार को हरा दिया। उन्होंने 6,015 मतों के अंतर से हराकर जुलाना विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की है। हालांकि, नतीजों से पहले कई राजनीतिक जानकारों का मानना था कि फोगाट की जीत का अंतर बड़ा हो सकता है। मगर, अंतिम नतीजे में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। बता दें कि हरियाणा में नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को पंचकूला में होगा। पार्टी ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के सीनियर नेता और कुछ अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, 'हमें प्रधानमंत्री की मंजूरी मिल गई है और 17 अक्टूबर को पंचकूला में मुख्यमंत्री व उनके मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह होगा।'

# गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर में हिंदू संगठनों की महापंचायत

### धारा 163 लागू; पुलिस अलर्ट

**गाजियाबाद , एजेंसी।**

यति नरसिंहानंद सरस्वती के पैगंबर मोहम्मद पर कथित विवादित बयान के बाद डासना देवी मंदिर पर किए गए पथराव से हिंदू संगठनों में आक्रोश है। मंदिर की सुरक्षा के लिए आज डासना मंदिर में हिंदुओं की महापंचायत के ऐलान से माहौल और गरमा गया है। हालांकि, गाजियाबाद पुलिस की तरफ से इस महापंचायत की अनुमति नहीं दी गई है, लेकिन हिंदू संगठन महापंचायत करने पर अड़े हैं। महापंचायत के लिए लोगों की भीड़ जमा न हो, इसके लिए पुलिस की तरफ से पूरी व्यवस्था कर ली गई है।





हिंदू संगठनों ने डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को डासना मंदिर पर महापंचायत की घोषणा की थी। इसकी अनुमति पुलिस ने नहीं दी है। पुलिस की ओर से चेतावनी दी गई है कि रविवार को मंदिर पर बिना अनुमति लोग जमा न हों। अगर लोग एकत्रित होते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रहते हुए मंदिर और उसके आसपास 6 पीएसी, 250 क्यूआरटी लगाई गई हैं। साथ ही पूरे क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। मंदिर जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है, ताकि लोगों की भीड़ मंदिर तक न पहुंच सके। ऐसे में पुलिस जनपद को जोड़ने वाले मार्गों पर भी नजर बनाए हुए है। मंदिर के आसपास पुलिस द्वारा धारा 163 लागू कर दी गई है। यति नरसिंहानंद के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है।

शुक्रवार को जहां जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, वहीं शाम को कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने की कोशिश की। कुछ लोग इकट्ठा हुए और यति का पुतला फूंकने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर दौड़ी तो कई लोग भाग गए, लेकिन पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोच लिया। शिव-शक्ति धाम मंदिर में महापंचायत में शामिल होने के लिए मेरठ के हिंदू नेता पहुंच गए हैं। इस दौरान यति रणसिंगानंद महाराज, यति परमात्मा आनंद महाराज, पंडित कृष्ण भारद्वाज ने महापंचायत को लेकर बैठक की। इसके बाद महापंचायत को लेकर सोशल मीडिया पर प्रचार शुरू किया गया।

## हारी हुई सीटों पर भाजपा की नजर, झारखंड और महाराष्ट्र में बदली रणनीति

**मुंबई, एजेंसी।**

भाजपा नेतृत्व ने झारखंड और महाराष्ट्र में पिछली बार हारी सीटों को लेकर खास रणनीति बनाई है। इन सीटों पर विरोधी दलों के विधायकों के खिलाफ माहौल है, जिसे वह भुनाने की कोशिश करेगी। हालांकि महाराष्ट्र में शिवसेना और राकांपा में टूट के बाद कई सीटों की स्थिति बदली है। वहां पर वह अपने हिस्से में आने वाली पिछली बार की हारी लगभग 65 सीटों पर नए समीकरण बना रही है। कुछ संगठन भी अपने स्तर पर मदद कर रहे हैं। झारखंड में भाजपा ने विधानसभा की 81 सीटों में से 25 जीती थी, जबकि जेवीएम को तीन व आजसू को दो सीटें मिली थीं। राज्य में भाजपा ने लगभग 50 हारी हुई सीटों के सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों को अपने पक्ष में करने के लिए आदिवासी व गैर आदिवासी दोनों वर्गों में अपने दूसरे राज्यों के नेताओं को भी सक्रिय किया हुआ है। इनमें बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ के नेता शामिल हैं। दूसरे राज्यों के नेता अपने सामाजिक समूहों के बीच जाने के साथ दूर दराज तक की रिश्तेदारियों के जरिये गांव-गांव संपर्क कर रहे हैं। संघ से जुड़ा वनवासी कल्याण आश्रम भी परोक्ष रूप से भाजपा की सहायता कर रहा है। महाराष्ट्र में पिछली बार भाजपा व शिवसेना के गठबंधन ने 288 में से 161 सीटें जीती थीं। इनमें भाजपा की 105 सीटें शामिल थीं। बाद में गठबंधन टूट गया और अब गठबंधन सरकार में भाजपा के साथ शिवसेना का एक बड़ा धड़ा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में और राकांपा का बड़ा धड़ा उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व में उसके साथ है।



## शतकीय पारी के बाद बोले संजू सैमसन

# मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर की क्रिकेट में दबाव और असफलताओं के साथ जीना सीख लिया है तथा उन्होंने टीम प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया जिसने उन्हें विषम परिस्थितियों से बाहर निकलने और खुद को साबित करने के लिए एक और मौका दिया। सैमसन ने अपनी योग्यता के साथ पूरा न्याय करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा लेकिन इससे पहले का उनका सफर अच्छा नहीं रहा था। वह श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती दो मैच में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। सैमसन ने मैच के बाद कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता नहीं खोलने के बाद मुझे अगली श्रृंखला में मौका मिलने को लेकर थोड़ा संदेह था। लेकिन उन्होंने (कोचिंग स्टाफ और कप्तान) मुझ पर भरोसा बनाए रखा। वे कहते रहे कि वे समर्थन करना जारी रखेंगे।

इस 29 वर्ष के खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि भारत की तरफ से खेलते हुए आप दबाव से मुक्त नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि एक भारतीय क्रिकेटर के रूप में मानसिक रूप से आप बहुत कुछ झेलते हैं, खासकर इस प्रारूप (टी20) में। लेकिन मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है। मुझे लगता है कि इसका काफी श्रेय ड्रेसिंग रूम, नेतृत्व समूह, कप्तान और कोच को जाना चाहिए जिन्होंने मेरा समर्थन करना जारी रखा। सैमसन ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन्हें बांग्लादेश श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने के टीम प्रबंधन के फैसले के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने कहा, 'मैं भाग्यशाली था कि गौतम भाई, सूर्यकुमार (यादव) और अभिषेक नायर (सहायक कोच) ने तीन सप्ताह पहले ही मुझे सूचित कर दिया था कि बांग्लादेश के खिलाफ मैं पारी की शुरुआत करूंगा। इससे मुझे उचित तैयारी करने में मदद मिली। सैमसन ने कहा, 'इसके बाद मैं राजस्थान रॉयल्स अकादमी में गया और मैंने वहां नई गेंद के गेंदबाजों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। इससे मुझे मदद मिली। मुझे लगता है कि मैं इस श्रृंखला में किसी भी अन्य श्रृंखला की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक तैयार होकर आया था। सैमसन ने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें अपने खेल को लेकर अधिक जागरूकता हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं अपने खेल को अच्छी तरह से समझता हूं कि मैं एक से लेकर छह नंबर तक किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। मेरे पास बड़े शॉट लगाने के लिए जरूरी ताकत है और मेरी टाइमिंग भी अच्छी है। इसलिए यह सब मेरी भूमिका के अनुसार तैयारी करने से जुड़ा हुआ है। सैमसन ने कहा, 'जब आप असफलताओं का सामना करते हैं तो यह कहना आसान होता है कि अगले मैच में मैं रन बनाऊंगा। लेकिन मैं जानता हूं कि मैं किस तरह का व्यक्ति हूं।

# एक हजार के क्लब में शामिल होंगे विराट कोहली?

## ध्वस्त करेंगे सहवाग और पुजारा का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश का टेस्ट और टी20 में सूपड़ा साफ करने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी. टीम इंडिया को घर पर ही कीवी टीम से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इस सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर को पहले टेस्ट मैच के साथ होगी. इस टेस्ट मैच में पूर्व कप्तान विराट कोहली एक खास क्लब में शामिल हो सकते हैं.

### पहले टेस्ट के लिए बेंगलुरु रवाना हो गए हैं विराट कोहली

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि स्टार बल्लेबाज किंग कोहली पहले टेस्ट के लिए बेंगलुरु रवाना हो गए हैं. बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद वह वाइफ अनुष्का शर्मा और बच्चों से मिलने लंदन चले गए थे. हालांकि, वह वापस आ गए हैं और बेंगलुरु के लिए रवाना भी हो गए हैं.

### 1000 के स्पेशल क्लब में शामिल होंगे विराट?

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में किंग कोहली 1000 के स्पेशल क्लब में शामिल हो सकते हैं. हालांकि, इसके लिए उन्हें 134 रन बनाने होंगे. दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में विराट के नाम 866 रन हैं. विराट ने कीवी टीम के खिलाफ 11 टेस्ट मैच की 21 पारियों में 45.58 की औसत से इतने रन बनाए हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट 3 शतक और 3 अर्धशतक लगा चुके हैं. अगर विराट बेंगलुरु टेस्ट में 134 रन बना लेते हैं तो फिर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में एक हजार रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बन जाएंगे.

### पुजारा और सहवाग को छोड़ देंगे पीछे

अभी विराट न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पांचवें नंबर पर हैं. हालांकि, चौथे नंबर के चेतेश्वर पुजारा को पीछे छोड़ने के लिए विराट को सिर्फ एक रन बनाना है. पुजारा के नाम 867 रन हैं. वहीं सहवाग के नाम 883 रन हैं. ऐसे में विराट 18 रन बनाकर सहवाग को भी पीछे छोड़ देंगे.

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

राहुल द्रविड़- 1659 रन

सचिन तेंदुलकर- 1595 रन

वीरेंद्र सहवाग- 883 रन

चेतेश्वर पुजारा- 867 रन

विराट कोहली- 866 रन

फुटबॉलः

# रोनाल्डो ने 906वां करियर गोल दागा, पुर्तगाल की जीत में निभाई अहम भूमिका



**बार्सिलोना, एजेंसी।** रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे, लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकॉर्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया।

रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था। यह रोनाल्डो के करियर का 906वां गोल रहा। रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे, लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र ज़ुर्लिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने ज़गरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चैंपियन स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं।

डेनमार्क छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सर्बिया के चार अंक हैं। उसने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया। लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

# मयंक यादव ने टी-20 क्रिकेट में हासिल की विशेष उपलब्धि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवा गेंदबाज मयंक यादव ने हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20आई मैच में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस हाई-स्कोरिंग मैच में भारत ने अपनी पारी में 297/6 का प्रभावशाली स्कोर बनाया जिससे बांग्लादेश पर भी इसी तरह का प्रदर्शन करने का दबाव बना।

महज 22 साल के यादव ने बांग्लादेश को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर उन्होंने एक शॉर्ट बॉल फेंकी जिसने परवेज हुसैन इमोन को चौंका दिया। इमोन ने बड़ा शॉट मारने का प्रयास किया लेकिन सही शॉट नहीं लगा पाए जिसके परिणामस्वरूप एक अजीब प्रयास हुआ। पहली स्लिप में तैनात पराग ने तेजी से अपने बाएं ओर कदम बढ़ाया और एक आसान कैच लपका।

यादव का योगदान बांग्लादेश की पारी को गति पकड़ने से पहले सीमित करने में महत्वपूर्ण रहा। इस उपलब्धि के साथ मयंक टी20आई इतिहास में पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बन गए। वह भारतीय क्रिकेटरों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गए



जिसमें हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं। भुवनेश्वर कुमार ने अपने करियर में तीन बार यह उपलब्धि हासिल की है। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि में संजू सैमसन टी20आई शतक बनाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बने।

यह रिकॉर्ड बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20आई के दौरान बनाया गया था। सैमसन ने 47 गेंदों पर 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 236.17 की स्ट्राइक रेट से 111 रन बनाए। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में संजू सैमसन का एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड है, उन्होंने आठ पारियों में 66.33 की औसत और 162.44 की स्ट्राइक रेट से 398 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने पूर्ण सदस्य टीमों के खिलाड़ियों द्वारा दूसरा सबसे तेज टी20आई शतक भी दर्ज किया।

पूर्ण सदस्य टीम के खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज टी20आई शतक दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम है, दोनों ने 35 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

विंबलडन से

# लाइन जज की खामोश विदाई

**लंदन, एजेंसी।** ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब ने बुधवार को घोषणा की कि विंबलडन 2025 से लाइन जजों की जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग तकनीक का इस्तेमाल करेगा।

घोषणा के बाद, 1982 से टूर्नामेंट में अंपायरिंग कर रही लाइन जज वेंडी स्मिथ बेहद दुखी हैं और उनका दावा है कि उन्हें टेनिस के मक्का को अलविदा कहने का मौका नहीं मिला। वेंडी ने द गार्जियन को बताया, यह सोचकर दुख होता है कि मेरे पास ऐसा पल फिर कभी नहीं होगा। मैं सेंटर कोर्ट पर नहीं खड़ी हो पाऊंगी। और मैं चाहती हूं कि वे हमें इस साल के टूर्नामेंट से पहले बता देते ताकि हमें अलविदा कहने का मौका मिलता।

मैं हमेशा टेनिस से प्यार करूंगी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं अब एक दर्शक के रूप में विंबलडन में जा पाऊंगी। वहां वैसा माहौल नहीं होगा। लाइव इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग (लाइव




ईएलसी) के नाम से जानी जाने वाली आधिकारिक तकनीक सभी चैंपियनशिप और क्वालीफाइंग मैच कोर्ट में लागू होगी और इसमें आउट और फॉल्ट कॉल शामिल होंगे जो पहले लाइन जजों द्वारा किए जाते थे। वेंडी ने आगे बताया कि समाचार में चौंकाने वाले बदलावों को सुनकर वह हतप्रभ हो गई थी। एक मानव लाइन जज इतना कुछ कर सकता है जो कंप्यूटर नहीं कर सकता। हम निश्चित रूप से टेनिस की परंपराओं को बनाए रखते हैं - मुझे लगता है कि हम कोर्ट को पूरी तरह से तैयार करके रखते हैं।

और दर्शक खेल के बारे में बहुत कुछ सीख सकते हैं जब वे लाइन जज और चेयर अंपायर के बीच चर्चा देख सकते हैं। यह सब खो जाएगा। उन्होंने कहा, इसलिए जब मैंने बुधवार को सुना कि टूर्नामेंट में हम लाइन जजों की जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग की जा रही है, तो मैं हतप्रभ रह गई। यह और भी दुखद था क्योंकि मुझे तब पता चला जब समाचार में इसकी घोषणा की गई और मेरे फोन पर लोग यह पूछने लगे कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं।

## खराब फॉर्म में चल रहे बाबर

# आजम को एक और झटका इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर: रिपोर्ट

**लाहौर, एजेंसी।** मुल्तान में पहले टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों पाकिस्तान की शर्मनाक हार के बाद पूर्व कप्तान बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया गया है, एक रिपोर्ट ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ महीनों में बाबर सभी प्रारूपों में बेहद खराब फॉर्म में हैं। पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में उन्होंने केवल



30 और 5 रन बनाए जबकि पिच बल्लेबाजों के लिए बिल्कुल अनुकूल थी। मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान की हार के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक नई चयन समिति का गठन किया, जिसने कथित तौर पर बाबर को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर करने का फैसला किया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार अलीम डार, आकिब जावेद और अजहर अली वाली चयन समिति ने बल्ले से खराब प्रदर्शन के कारण पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर को टीम से बाहर करने का फैसला किया है। कथित तौर पर चयन समिति ने शनिवार को पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के साथ-साथ पीसीबी द्वारा तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किए गए पांच सलाहकारों से मुलाकात की और टीम को अंतिम रूप दिया। यह विकास इस तथ्य के बावजूद हुआ है कि पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने बाबर को टीम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज करार दिया था। मसूद ने पहले टेस्ट के बाद मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, हम एक टीम मानसिकता बनाना चाहते हैं। हम बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलते हैं। खासकर एक बल्लेबाज के रूप में, यह आसान नहीं है। आपको बहुत सारे अवसर देने होते हैं, और इसमें कोई संदेह नहीं है कि बाबर आजम पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। आपको हमेशा यह ध्यान में रखना होगा कि आपका सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सिर्फ एक गेम दूर है। हम विचार करेंगे और देखेंगे कि कौन सी परिस्थितियां होंगी। हम सर्वश्रेष्ठ को टीम में रखने की कोशिश करेंगे।

# भारत ने बांग्लादेश को 133 रनों से रौंदा

## टी-20 सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश को तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में 133 रनों से हराकर सीरीज में शानदार 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 297 रन बनाए, जो टी-20 में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। संजू सैमसन ने 111 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 75 रन जोड़े। बांग्लादेश ने 164 रनों का लक्ष्य पाने के प्रयास में 20 ओवर में 7 विकेट खो दिए, जिसमें तौहीद हृदोय ने 67 रन की पारी खेली।

भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और बांग्लादेश को हर मोर्चे पर मात दी। इससे पहले, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन (111) के आतिशी शतक और बल्लेबाजों के 22 आक्रामक छक्कों की बदौलत टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले में शनिवार को 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रनों का विशाल स्कोर बना लिया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश ने अभिषेक शर्मा को चार रन पर आउट कर शुरुआती सफलता हासिल की, लेकिन इसके बाद सैमसन, सूर्यकुमार यादव, रियान पराग और हार्दिक पांड्या ने छक्कों-चौकों की बरसात करते हुए स्टेडियम में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सैमसन ने खास तौर पर बेहद विशेष अंदाज में



बल्लेबाजी की और अपने कप्तान सूर्या के साथ पावरप्ले में ही बांग्लादेशी गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिए। सैमसन ने पारी के 10वें ओवर में रिशाद हुसैन की गेंदों पर पांच छक्के उड़ाते हुए 10 ओवर में भारत को 150 के पार पहुंचा दिया। सैमसन ने मात्र 47 गेंदों पर 11 चौके और 8 छक्के उड़ाते हुए 111 रन बनाए और दूसरे विकेट के लिए सूर्या के साथ 173 रनों की जबरदस्त साझेदारी की। सूर्या ने मात्र 35 गेंदों पर 75 रन में आठ चौके और पांच छक्के उड़ाए।

रियान पराग ने भी रनों की बहती गंगा में हाथ धोते हुए 13 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के लगाते हुए 34 रन ठोके। हार्दिक पांड्या ने 18 गेंदों पर 47 रनों में 4 चौके और उतने ही छक्के जड़े। रिंकू सिंह ने चार गेंदों पर नाबाद 8 रन बनाए और पारी के आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर भारत को 297 तक पहुंचाया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### तालाब में डूबने से एक महिला की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज में तालाब में डूबने से एक महिला की शुक्रवार की रात मौत हो गई। घटना कासमा थाना क्षेत्र के पिछुलिया गांव की है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतका की पहचान पिछुलीया गांव निवासी स्वर्गीय सुभाष रिकियासान की पत्नी लीला देवी (50) के रूप में की गई है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि लीला देवी घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में कपड़ा धोने के लिए गई थी। इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरी खाई में चली गई। आसपास के लोगों ने महिला को बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया। इसके बाद कासमा थाना की पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही कासिम थाना अध्यक्ष इमरान आलम अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए औरंगाबाद भेजा। शुक्रवार की रात में ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका बेहद ही गरीब परिवार से थी। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि तालाब में डूबने से एक महिला की मौत की खबर मिली है। कागजी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा राशि दिया जाएगा।

### बिहार में ठंड ने दी दस्तक

**पटना (नि.सं.)।** बिहार से दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी रविवार को हो गयी। इसी के साथ राज्य में शरद ऋतु (ठंड) ने दस्तक दे दी है। फिलहाल शरद ऋतु की शुरुआत होते ही खासतौर पर रात के पारे में गिरावट शुरू हो गयी है। अगले तीन दिन तक रात का पारा 24 से 26 डिग्री के आसपास रहेगा। वहीं, दिन के पारा भी सामान्य के आसपास ही रहेगा। सुबह और शाम के मौसम में कुछ अधिक ठंड महसूस होगी। सूत्रों के अनुसार राज्य में इस साल मॉनसून 20 जून प्रवेश कर गया था। पूरे राज्य में 28 जून तक फैल गया था। पूरे मॉनसून सत्र में सामान्य से 20 प्रतिशत कम केवल 798 मिलीमीटर बारिश हुई है। राज्य के 20 जिलों में 20 से 59 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। आइएमडी की आधिकारिक जानकारी के अनुसार बेगूसराई, भभुआ, भागलपुर, भोजपुर, दरभंगा, गोपालगंज, जहानाबाद, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी और वैशाली में सामान्य से 59 प्रतिशत तक कम बारिश हुई। अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बक्सर, पूर्वी चंपारण, गया, जमुई, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, नालंदा, शेखपुरा, सीवान, सुपौल और पश्चिमी चंपारण में सामान्य या सामान्य से 19 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गयी है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्दनाक हादसा

# देव सूर्य मंदिर से पूजा कर लौट रहे किशोर की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर करहरा गांव के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार को सदमे में डाल दिया है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक तेज़ रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर अमित राज की मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद एक अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना रविवार की सुबह हुई, जब अमित सूर्य देवता की पूजा करने के बाद घर लौट रहा था। मृतक अमित राज गया जिला के नवादा गांव का निवासी था, जो हर रविवार औरंगाबाद स्थित देव सूर्य मंदिर में पूजा के लिए जाता था। रविवार की सुबह भी वह अपने एक दोस्त के साथ सूर्य मंदिर पहुंचा था। पूजा करने के बाद जब वे घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक को तेज़ रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। अमित अपने परिवार के साथ सूर्य मंदिर के पास एक भाड़े के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता, देवेंद्र सिंह, दिल्ली की




एक निजी कंपनी में काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। घटना की खबर मिलते ही वे दिल्ली से औरंगाबाद के लिए रवाना हो गए। अमित की मां और छोटे भाई पर इस हादसे का गहरा असर पड़ा है। अमित अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था और परिवार की उम्मीदों का केंद्र था।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल किशोर को गंभीर हालत में औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। अब तक घायल की पहचान नहीं हो सकी है, क्योंकि उसकी स्थिति गंभीर है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। इस दुर्घटना से इलाके के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने सड़क पर तेज़ गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अमित राज की असामयिक मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर है। उसके परिवार के सदस्यों और दोस्तों के लिए यह एक ऐसी क्षति है जिसे भुला पाना मुश्किल होगा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फेसर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** फेसर में शुक्रवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना फेसर थाना क्षेत्र के उन्थू गांव की है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती करवाया। लेकिन इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक युवक की पहचान उन्थु गांव निवासी 22 वर्षीय गिरिजा प्रसाद के बेटे मनीष कुमार के रूप में की गई है। घायल में नीतीश कुमार शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही फेसर थाना के एसआई राजकुमार यादव अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवाई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मृतक मनीष कुमार गांव के ही एक युवक नीतीश कुमार के साथ अपने बाइक के माध्यम से औरंगाबाद मेला घूमने रात करीब 10 बजे के आसपास जा रहा था।

# औरंगाबाद में शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा संपन्न, रावण वध कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में इस वर्ष दुर्गा पूजा का महोत्सव पूरी भव्यता और शांति के साथ संपन्न हुआ। हर वर्ष की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जगह-जगह माता रानी की प्रतिमा स्थापित की गई थी, और भक्तों की भीड़ इन पंडालों में उमड़ी रही। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पूरे जिले में पुलिस और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकांश स्थानों पर शनिवार की रात माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया जा चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर विसर्जन सोमवार को किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी आश्वस्त किया है कि अगर कहीं कोई अप्रिय घटना होती है तो इलाज और राहत के लिए सारी व्यवस्थाएं पहले से की जा चुकी हैं।

शांति और सुरक्षा के दृष्टिकोण से, जिले के संवेदनशील स्थानों पर विशेष रूप से पुलिस और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति सुनिश्चित की गई थी। एसपी अबरीष राहुल ने बताया कि

**शेष प्रतिमाओं का आज विसर्जन**



पुलिस ने ड्रोन कैमरों की मदद से असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी, जिससे किसी भी अप्रिय गतिविधि को रोकने में सफलता मिली। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस की तैनाती रही और आवश्यक जगहों पर स्कॉर्ट्स की व्यवस्था की गई थी।

दुर्गा पूजा के साथ ही औरंगाबाद में रावण वध कार्यक्रम भी एक प्रमुख आकर्षण रहा। इस वर्ष गांधी मैदान में आयोजित रावण वध कार्यक्रम को लेकर सरस्वती आराध्या समिति ने खास तैयारी की थी। समिति ने इस बार 50 फीट ऊंचा रावण का पुतला तैयार किया था, जिसे बंगाल के कुशल कारीगरों ने 20 दिनों की मेहनत से बनाया था। पुतले की लागत लगभग 3 लाख रुपये आई। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह बना रहा।

रावण वध कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता सतीश सिंह ने कहा कि यह परंपरा हर वर्ष इसी उद्देश्य से निभाई जाती है ताकि साल भर के दौरान हुई किसी भी प्रकार की गलतियों को खत्म करने के प्रतीक के रूप में रावण का दहन किया जा सके। इस आयोजन के माध्यम से लोग अपनी बुराइयों को त्यागकर नए संकल्प के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं।

इस प्रकार, औरंगाबाद में इस वर्ष दुर्गा पूजा और रावण वध कार्यक्रम दोनों ही सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए, जिससे स्थानीय जनता में धार्मिक आस्था और उल्लास का संचार हुआ। प्रशासन के सख्त इंतजाम और सतर्क निगरानी ने इसे संभव बनाया।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

मदनपुर में सड़क पार करने के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। इनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 के घोरहत मोड़ के समीप की है। मृतक व्यक्ति की पहचान 60 साल के साधु चौधरी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात घर से घोरहत की ओर गए हुए थे। जहां सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आनन-फानन में परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। रविवार को स्थानीय थाना के जानकारी मिली जहां घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया करवाई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बीते रात्रि सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध व्यक्ति घायल हो गए थे। जिनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया उपरांत परिजनों को सौंप दिया।

घटना के बाद से ही पत्नी सोना देवी सहित और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को मृतक के परिजनों ने मुआवजा की मांग बिहार सरकार से किया।

# जमीन विवाद में मारपीट, बुज़ुर्ग की मौत, 13 घायल, चार गिरफ्तार

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के बेल्हर भुईयां टोला में शनिवार रात एक जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान गांव के 75 वर्षीय लक्ष्मण भुईयां के रूप में की गई है। यह घटना उस समय घटित हुई जब दो पक्षों के बीच जमीन को लेकर चल रहे तनाव ने मार-पीट का रूप ले लिया। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जो दोनों पक्षों से ताल्लुक रखते हैं। घटना के दौरान घायल लक्ष्मण भुईयां की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल बन गया है और लोग डरे हुए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया



है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए आरोपियों में रामकेशवर भुईयां, दशरथ भुईयां, विकाश कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इन सभी से पूछताछ जारी है और जांच पूरी होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि जमीनी विवाद लंबे समय से दोनों पक्षों के बीच चल रहा था, जिसके चलते शनिवार को यह दुखद घटना घटित हुई।

घायलों की संख्या 13 बताई जा रही है, जिनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में प्रथम पक्ष से मृतक लक्ष्मण भुईयां के पुत्र अजय भुईयां, नागेंद्र भुईयां, दीपू भुईयां के पुत्र सत्येंद्र भुईयां और छोटू भुईयां की पत्नी बविता देवी शामिल हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से रामकेशवर भुईयां, दशरथ भुईयां, दशरथ की पत्नी राजनी देवी, दुखी भुईयां, दशरथ भुईयां के पुत्र विकाश कुमार, योगेंद्र भुईयां की पुत्री पूजा कुमारी, भुईयां की पत्नी रूबी देवी और मुना रिकियासन के पुत्र हसन कुमार शामिल हैं। घटना के बाद से गांव में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चला आ रहा था, लेकिन इस बार यह विवाद हिंसा में बदल गया। पुलिस प्रशासन ने गांव में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस इस मामले में पूरी गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही इस विवाद को सुलझाने की दिशा में कदम उठाएगी। मृतक लक्ष्मण भुईयां के परिवार ने इस घटना को लेकर गहरा दुख जताया है और न्याय की मांग की है। उनका कहना है कि इस विवाद को पहले ही सुलझाया जा सकता था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के चलते यह घटना घटी। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि वे भी इस विवाद का हल चाहते थे, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई।

## दाखिल-खारिज के 6 लाख लंबित मामले

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में चल रहे जमीन सर्वे की समय सीमा और बढ़ सकती है। विभाग की ओर से निर्धारित समय में दाखिल-खारिज के आवेदनों का निष्पादन मुश्किल लग रहा है। सितंबर तक अंचल कार्यालयों में दाखिल-खारिज के 6 लाख के आसपास मामले अटके पड़े हैं। राजस्व विभाग ने नवंबर तक 4 लाख 70 हजार मामलों को निपटाने का आदेश दे रखा है। सभी अधिकारियों को नवंबर तक 70% लंबित मामलों को निपटाने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा, 'परिमार्जन प्लस' पोर्टल पर आए आवेदनों में से 50% को अक्टूबर तक निपटाने का लक्ष्य है। विभागीय सूत्रों के अनुसार करीब 6 लाख मामले अंचल कार्यालयों में लंबित पड़े हैं। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के मुताबिक, आवेदनों में गलतियां होने की वजह से देरी हो रही है। पहले अंचल अधिकारी इन गलतियों को खुद ठीक कर सकते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

अनुग्रह नारायण सिन्हा कॉलेज में नवरात्रि पर चैतन्य झांकी का आयोजन

# जीवन में शांति और आनंद लाना है देवियों की चैतन्य झांकी का उद्देश्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के अनुग्रह नारायण सिन्हा कॉलेज परिसर में नवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज संस्था द्वारा एक विशेष चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया। इस झांकी में संस्था से जुड़ी बहनों ने देवी स्वरूप धारण किया, जो अपनी सात्विक जीवनशैली और आध्यात्मिक विचारधारा को अपनाकर समाज को प्रेरित करती हैं। इन बहनों ने देवियों के रूप में प्रस्तुत होकर, सभी आत्माओं को परमात्मा शिव बाबा के आशीर्वाद, शक्ति और गुणों से नवाज़ा। इस



झांकी का मुख्य उद्देश्य नवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्यों को जन-जन तक पहुंचाना और उनके जीवन में शांति, प्रेम, आनंद और सात्विकता का संचार करना था। इस दौरान सप्तमी के दिन दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, पुलिस लाइन के सार्जेंट मेजर कृष्ण नंद, वार्ड पार्षद अशोक कुमार और जिला शिक्षा संघ के जयंत उपस्थित रहे। इसके अलावा, मीडिया से सुजीत और ब्रह्मा कुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासिका बीके सविता दीदी भी शामिल रहीं। कार्यक्रम में कई अन्य महत्वपूर्ण हस्तियों ने भी भाग लिया, जिनमें बीके राव करण, सुनील, दिनेश, कर्मेंद्र, विनोद, विश्वनाथ, चंदन, सुमन, बेबी, काजल, बबली, राधा, तारा और प्रियंका शामिल थीं। इस आयोजन ने न केवल नवरात्रि की धार्मिक महत्ता को उजागर किया, बल्कि जीवन में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा के महत्व पर भी जोर दिया।

## मारपीट में एसडीओ समेत आधा दर्जन से अधिक जख्मी

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

फेसर थाना क्षेत्र के बघोई खुर्द गांव में पूर्व के आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में सुपौल जिले के एसडीओ समेत लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में उक्त गांव निवासी शिवपूजन गुप्ता के पुत्र अक्षय कुमार गुप्ता, अभय कुमार गुप्ता, पप्पू कुमार गुप्ता समेत घर के बच्चे व अन्य महिलाएं शामिल है। घटना रविवार की अहले सुबह की है। जख्मी अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि दशमी के दिन मेला देखने जाने के दौरान कुछ लोगों के साथ विवाद हुआ था। रात में पूरा परिवार



घर में खाना खाकर सो गया। रविवार की अहले सुबह लगभग 20 से 25 की संख्या में गांव के ही दबंग प्रवृति के लोग हथियार से लैश होकर खड़ें थे। जैसे ही दरवाजा खोला सभी लोग लाठी, डंडे और राइफल लेकर घर में घुसे और महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट की। बहन की शादी के लिए घर में 10 लाख रूपये कैश रखे हुए थे, राइफल का भय दिखाकर दबंगों ने 10 लाख रूपये व महिलाओं के रखे गहने की छिनतई कर लिया। इसके बाद सभी लोग फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने उपचार किया। पता चला कि जख्मी अक्षय पटना के किसी कॉलेज में प्रोफेसर है। अभय नवीनगर में लेक्चरचर है। वहीं छोटा भाई पप्पू सुपौल जिले में एसडीओ पद पर पदस्थापित है। छोटी बहन की शादी व दशहरा पर्व पर वह घर आया था।

## एनटीपीसी में धूमधाम से मनाया गया नवरात्री का त्यौहार



निज सं. | नवीनगर (औरंगाबाद)

एनटीपीसी नबीनगर (नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन) में धूम धाम से नवरात्री और दशहरा उत्सव मनाया गया। नवरात्री के दौरान एनटीपीसी नबीनगर के टाउनशिप में माता दुर्गा की आराधना के लिए धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें एनटीपीसी परिवार एवं स्थानीय समुदाय ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। नवरात्री के दौरान मुख्य आकर्षण डांडिया नित्य था जिसमे एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने जम कर भाग लिया। साथ ही कुछ विशेष तिथियों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पारंपरिक नृत्य, शंख नाद एवं धुनुची नाच प्रतियोगिता भी शामिल थे वही माँ दुर्गा की अराधना हेतु भजन सन्धिया का भी आयोजन किया गया। कर्मचारी कल्याण संघ एवं मंदिर समिति द्वारा आयोजित यह महोत्सव 12 अक्टूबर को दशहरा के साथ समाप्त हुआ, जिसमे प्रतिमा विसर्जन एवं रावण दहन का कार्यकर्म विधिपूर्वक संपन्न हुआ। रावण दहन से पहले टाउनशिप में भगवान राम की शोभा यात्रा भी निकली गई और अंत में आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का अंत हुआ। यह उत्सव दर्शाता है कि एनटीपीसी नबीनगर केवल ऊर्जा उत्पादन में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे कार्यक्रम एनटीपीसी परिवार के बीच एकजुटता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं और इस प्रकार के आयोजन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को आदरपूर्वक सहेजते हैं।

बिहार सरकार
कृषि विभाग

सब्जियों के प्रमुख कीट/व्याधि की पहचान एवं प्रबंधन


**तना एवं फल छिद्रक** यह पिल्लू फल के अन्दर प्रवेश कर फसल को बर्बाद कर देता है।

**प्रबंधनः**
- अक्रांत फलियों को जमा कर जला दें।
- खेत में लाईट ट्रैप का प्रयोग करें।
- 08–10 फेरोमोन ट्रैप का प्रयोग प्रति हेक्टेयर खेत में लगाएँ।
- साइपरमेथ्रीन 10 प्रतिशत ई0सी0 का 1.5 मिली0/लीटर या इमामेक्टीन बेंजोएट 0.5 प्रतिशत एस0 जी0 का 1 ग्राम/4 लीटर पानी का छिड़काव करें।



**सफेद मक्खी** शिशु एवं वयस्क दोनों ही पत्तियों का रस चूसते हैं। यह कीट विषाणु रोग का वाहक भी होता है।

**प्रबंधनः**
- खेत को खरपतवार से मुक्त रखें।
- इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस0 एल0 का 1 मिली0/3 लीटर या पाइरिप्रोक्सीफेन 10 प्रतिशत ई0 सी0 का 1.5 मिली0/लीटर पानी का छिड़काव करें।



**फल सड़न** पत्तियों पर धब्बे बनते हैं। जमीन से सटे फलों के भाग को ज्यादा आक्रांत करता है।

**प्रबंधनः**
- कॉपर आक्सीक्लोराईड 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण का 3 किलोग्राम/हेक्टेयर या कार्बेन्डाजीम 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण का 1 ग्राम/लीटर पानी का छिड़काव करें।



**उखड़ा रोग** पौधे की निचली पत्तियाँ पीला पड़ने के बाद पौधा ही सूखने लगता है।

**प्रबंधनः**
- आक्रांत फसल पर कार्बेन्डाजीम 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण का 1 ग्राम/लीटर पानी या कासुगामाइसिन 5 प्रतिशत + कॉपर आक्सीक्लोराइड 45 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण का 1.5 ग्राम/लीटर पानी में घोल बनाकर मिट्टी में छिड़काव करें।



संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण
बिहार, पटना।

PR. No. 010295 (Agriculture)D. 2024-25